seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

जीवन एक मुश्किल खेल है। आप इंसान होने के अपने जन्मजात अधिकार को बरकरार रखते हुए ही इसे जीत सकते हैं। - एपीजे अब्दुल कलाम

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की



■ वर्ष : 56 ■ अंक : 295 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 | seema-sandesh.com | श्रीगंगानगर, बुधवार, 28 अक्टूबर, 2026

अभिषेक ने 35 गेंदों पर बनाया शतक... 11 >

न्यूज इन ब्रीफ

एलपीजी सिलेंडर से ई-केवाईसी तक: नवंबर में ग्राहकों के लिए अपडेट

नई दिल्ली। त्योहारी सीजन के बीच नवंबर माह में एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए तीन महत्वपूर्ण बदलाव सामने आए हैं। 1 नवंबर को तेल कंपनियां घरेलू एवं कमर्शियल गैस सिलेंडरों के नए दाम जारी करेंगी। बिना आधार ई-केवाईसी के सब्सिडी वाले सिलेंडर की बुकिंग रुक सकती है। उपभोक्ता संबंधित गैस कंपनी के मोबाइल ऐप या एजेंसी के जरिए यह प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

विधानसभाओं में कामकाज के नियम होंगे एक जैसे

नई दिल्ली। देश की सभी विधानसभाओं के कामकाज में एकरूपता लाने के लिए गठित समिति की सोमवार को दिल्ली में अहम बैठक हुई। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विभिन्न राज्यों के लिए आदर्श नियमों (मॉडल रूल्स) के प्रारूप पर चर्चा की गई। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि सदन की कार्यवाही को पारदर्शी व प्रभावी बनाने के लिए साझा रूपरेखा तैयार की जा रही है। उन्होंने दिल्ली, पुडुचेरी व जम्मू-कश्मीर की विशेष संवैधानिक व्यवस्थाओं और द्विसदनीय विधानमंडलों के प्रावधानों को ध्यान में रखने का सुझाव दिया। बैठक में यूपी, महाराष्ट्र, हिमाचल, कर्नाटक और दिल्ली के प्रतिनिधि शामिल हुए।

बुजुर्ग से 1.50 लाख रुपए की साइबर ठगी

जयपुर। मुरलीपुरा इलाके में साइबर ठगों ने पेंशन खाते का जीवन प्रमाण-पत्र (लाइफ सर्टिफिकेट) अपडेट करने का झांसा देकर 72 वर्षीय विमलेश चंद्र जोशी के खाते से 1.50 लाख रुपये उड़ा लिए। शातिर ने खुद को बैंक ऑफ इंडिया का कर्मचारी बताकर मदद की पेशकश की थी। पीड़ित की शिकायत पर मुरलीपुरा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

टिप्पणी; अस्पताल डकैती के सहारे नहीं चल सकते; मरीजों की तुलना कारोबार से न करें

दवाओं की हाई एमआरपी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त; केंद्र को लगाई फटकार

नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने जीवनरक्षक दवाओं की वास्तविक लागत और उनकी अधिकतम खुदरा कीमत (एमआरपी) के भारी अंतर पर मंगलवार को केंद्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि अस्पताल डकैती के सहारे अपना कामकाज नहीं चला सकते। ऐसा लगता है कि पूरी व्यवस्था मरीजों की बजाय दवा कंपनियों के मुनाफे को ध्यान में रखकर काम कर रही है। शीर्ष अदालत ने दवाओं की कीमतें नियंत्रित करने वाली संस्था 'राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण' (एनपीपीए) के कामकाज पर भी सवाल उठाए और उसे निष्क्रिय करार दिया।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने केंद्र सरकार से सीधा सवाल किया कि जब दवाएं और सर्जिकल उपकरण खुदरा विक्रेताओं व अस्पतालों को बेहद कम दामों पर मिलते हैं, तो उनकी एमआरपी इतनी अधिक क्यों तय की जाती है? केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने दलील दी कि भारत में अन्य कई देशों की तुलना में दवाएं सस्ती हैं। इस पर पीठ ने दो टूक कहा कि सरकार को देश की कम प्रति व्यक्ति आय का भी ध्यान रखना चाहिए। जस्टिस मेहता ने कहा कि मरीजों के जीवन और हितों की तुलना विशुद्ध व्यापार से नहीं की जा सकती।

15 की ड्रिप लाइन 250 रुपये में बेचने और 11 हजार की दवा 1.3 लाख रु. करने पर जताई सख्त नाराजगी



11 हजार की दवा 1.3 लाख करने का क्या औचित्य?

पीठ ने कैंसर की दवाओं पर मुनाफे की सीमा तय करने में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने एक उदाहरण देते हुए पूछा कि जिस दवा की कीमत पहले 11 हजार रुपये थी, उसे बढ़ाकर 1.3 लाख रुपये करना किस आधार पर जायज है? अदालत ने कहा कि इसे केवल बाजार या आर्थिक नीति का विषय मानकर नहीं छोड़ा जा सकता। खुदरा बाजार में 15 रुपये में मिलने वाली ड्रिप लाइन अगर निजी अस्पतालों में 250 रुपये में बेची जा रही है, तो फिर 'औषधि मूल्य नियंत्रण आदेश' (डीपीसीओ) का क्या औचित्य रह जाता है?

निजी अस्पतालों की दलीलें खारिज

निजी अस्पतालों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने दलील दी कि अस्पतालों को 24 घंटे आपातकालीन ढांचा और उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के लिए भारी खर्च करना पड़ता है। साथ ही नकली दवाओं के खतरे से बचने के लिए मरीजों को इन-हाउस फार्मेसी से दवाएं लेने को कहा जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने इन दलीलों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि निजी अस्पताल हर छोटी-बड़ी चिकित्सकीय सेवा के लिए अलग से भारी शुल्क वसूलते हैं। ऐसे में दवाओं पर 100 से 200 गुना तक मुनाफा कमाने का कोई आधार नहीं हो सकता। दवा कंपनियों से अस्पतालों को मिलने वाली भारी कॉरपोरेट छूट का फायदा मरीजों तक क्यों नहीं पहुंचता? अदालत ने स्पष्ट किया कि अस्पताल संचालन का खर्च दवाओं पर अंधाधुंध मुनाफाखोरी का बहाना नहीं बन सकता।

टोल प्लाजा के पास रहने वालों को बड़ी राहत

नई दिल्ली। नेशनल हाईवे टोल प्लाजा के 20 किमी के दायरे में रहने वाले स्थानीय लोगों के लिए केंद्र सरकार ने बड़ी राहत दी है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 में संशोधन करते हुए वार्षिक रियायती पास की अधिसूचना जारी की है, जो 1 नवंबर 2026 से प्रभावी होगी।

शुल्क दरें: नगर पालिका सीमा से बाहर स्थित टोल प्लाजा के लिए 1,500 तथा शहरी सीमा के भीतर 3,000 सालाना फीस तय की गई है।

बचत: वर्तमान में 360 प्रति माह के हिसाब से साल का खर्च 4,320 बैठता है। नए नियम से स्थानीय चालकों को सालाना 2,820 तक की बचत होगी।

यह सुविधा केवल गैर-व्यावसायिक निजी वाहनों और वैध फास्टटैग पर ही मिलेगी। क्लोज्ड टोल सिस्टम या वैकल्पिक सर्विस रोड उपलब्ध होने पर यह पास मान्य नहीं होगा।

ज्ञानेश कुमार को हटाने तक संघर्ष रहेगा : वेणुगोपाल

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने चेतावनी दी है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने तक विपक्ष का संघर्ष जारी रहेगा और जरूरत पड़ने पर वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर भी धरना देंगे। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि 1 नवंबर की मेगा रैली से पूर्व इंडिया गठबंधन द्वारा आयोजित सीईसी के 'सार्वजनिक महाभियोग' कार्यक्रम को होटल अशोक और रामलीला मैदान में अनुमति के बावजूद दिल्ली पुलिस ने रोका। उन्होंने कहा कि चुनावी संस्थाओं को कमजोर कर लोकतंत्र बचाने वालों की आवाज दबाई जा रही है।

कांग्रेस ने चुनाव आयोग के हलफनामे को बताया भ्रामक

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग द्वारा दाखिल हलफनामे को भ्रामक और दोहरे रुख वाला करार देते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। रमेश ने कहा कि आयोग फॉर्म-6 में जोड़े गए अनिवार्य घोषणा-पत्र पर शब्दों की बाजीगरी कर रहा है। अन्य दो चुनाव आयुक्तों की आपत्तियों को नजरअंदाज कर मुख्य चुनाव आयुक्त ने एकतरफा फैसले लिए। ईसीआईनेट के जरिए अधिकारियों के अधिकार छीनने, आईटी विभाग की अपारदर्शिता और एसआईआर में फॉर्म-7 के दुरुपयोग से बड़े पैमाने पर नाम काटने के गंभीर आरोप भी लगाए।

याचिकाकर्ताओं को मिला दस दिन का समय

नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कामकाज के तरीकों और मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) में एकतरफा फैसलों के आरोपों वाली याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने याचिकाकर्ताओं को चुनाव आयोग के हलफनामे पर जवाब दाखिल करने हेतु 10 दिनों की मोहलत दी है। याचिकाकर्ताओं की ओर से आंतरिक पत्राचार सुरक्षित रखने और फॉर्म 6 से छेड़छाड़ के आरोप लगाए गए।

ऊपर से हो रही वोट चोरी : राहुल गांधी

नई दिल्ली। त्रिलोकपुरी में 'वोट अधिकार जीने का अधिकार' जन सुनवाई के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि देश में शीर्ष स्तर से वोट चोरी हो रही है और गरीबों के नाम जानबूझकर मतदाता सूची से काटे जा रहे हैं। राहुल गांधी ने दावा किया कि क्षेत्र के चार बूथों से 416 नाम अवैध रूप से हटाए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक सीईसी इस्तीफा नहीं देते या प्रधानमंत्री उन्हें नहीं हटाते, समूचा विपक्ष आंदोलन जारी रखेगा। विपक्ष 1 नवंबर को रामलीला मैदान में महारैली करेगा।





अपनी किताब पर सोनिया गांधी का बयान

'हंगामा होना तय, दशकों तक दूसरों ने कही मेरी बात, अब मेरी बारी'

नई दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अपनी आगामी किताब 'बिलॉन्गिंगः अ जर्नी ऑफ लव' को लेकर कहा है कि इसके विमोचन पर हंगामा होना तय है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि दशकों तक दूसरों ने उनकी कहानी अपने नजरिए से सुनाई, लेकिन अब सच सामने रखने की उनकी बारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके बारे में बहुत कुछ मनगढ़ंत या बढ़ा-चढ़ाकर लिखा गया, जिसे सही परिप्रेक्ष्य में पेश करने के लिए यह किताब जरूरी थी। 10 नवंबर को रिलीज हो रही इस किताब में उन्होंने राजीव गांधी से जुड़े अहम प्रसंगों का भी उल्लेख किया है।



सेना के जवान सहित सात काबू, 14 पिस्तौल व 20 किलो हेरोइन बरामद

अमृतसर। अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने हथियारों व मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े चार बड़े नेटवर्क का पदार्फाश करते हुए एक सैन्य जवान सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 14 पिस्तौल और 20.130 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई है। डीजीपी गौरव यादव के अनुसार आरोपी विदेश में बैठे हैंडलर के संपर्क में थे, जो ड्रोन के जरिए खेप भेजता था। आईजी गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि छुट्टी पर आए फौजी युद्धवीर सिंह, उदय और पत्रस समेत अन्य को अलग-अलग कार्रवाइयों में दबोचा गया। पुलिस पूरे बैकवर्ड व फॉरवर्ड लिंकेज की जांच कर रही है।

पेपरलीक; आरोपी मनोहर लाल गिरफ्तार, अब तक 157 दबोचे

जयपुर। राजस्थान उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2021 पेपर लीक मामले में एसओजी ने 25 हजार रुपये के इनामी फरार आरोपी मनोहर लाल मांजू को गिरफ्तार किया है। आरोपी जालोर निवासी है और आबूरोड के राजकीय कॉलेज में सहायक आचार्य है। एसओजी के अनुसार, मांजू पर गिरोह के सरगना जगदीश विश्नोई के लिए परीक्षा से पहले लीक पेपर सॉल्व करने का आरोप है। मामले में अब तक 157 आरोपी पकड़े जा चुके हैं।

22 जिला परिषद और 124 पंचायत समितियों में मतदान आज, 1.06 करोड़ वोटर डालेंगे वोट

जयपुर। राजस्थान के 22 जिलों में जिला परिषद सदस्यों और पंचायत समिति सदस्यों के लिए दूसरे फेज की बुधवार को वोटिंग होगी। दूसरे फेज में 22 जिला परिषदों में 532 वार्डों और 124 पंचायत समितियों के 2197 वार्डों के लिए चुनाव होंगे। दूसरे फेज के चुनाव में भी एक वोटर दो वोट डालेगा, एक वोट जिला परिषद मेंबर उम्मीदवार के लिए और दूसरा वोट पंचायत समिति मेंबर के लिए होगा। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक



वोटिंग होगी। शाम 6 बजे तक जो पोलिंग बूथ में एंट्री कर जाएगा, उसका वोट डलवाया जाएगा। वोटर को अपने साथ वोटर आईडी या राज्य निर्वाचन आयोग से अधिकृत किए गए पहचान कार्ड में से कोई भी एक साथ लाना होगा।

वोटिंग के साथ ही कई जगह बाड़ेबंदी होगी : जिला परिषद और पंचायतीराज चुनाव में भाजपा, कांग्रेस, स्थानीय दलों और कई जगह निर्दलीयों से मुकाबला है। पंचायत समिति मेंबर मिलकर प्रधान का चुनाव करेंगे। जिला परिषद मेंबर मिलकर जिला प्रमुख का चुनाव करेंगे। वोटिंग खत्म होते ही कई जगह कांग्रेस और बीजेपी नेता अपने-अपने उम्मीदवारों को बाड़ेबंदी में होटलों और रिसोर्ट में ले जाने की तैयारी में है।

PIONEER POWER MUSTARD

पायोनियर 45S52

सरसों की खेती में हाइब्रिड की क्रांति

PIONEER. 100 साल

सरसों किसानों के लिए अहम सूचना: 'घरेलू बीजों' के चक्कर में न गंवाएं अपना मुनाफा, हाइब्रिड बीजों से पाएं अधिक तेल और उपज

खेती एक व्यवसाय है जहाँ हर छोटा निर्णय अंतिम मुनाफे को प्रभावित करता है। हालांकि, कृषि विशेषज्ञ बताते हैं कि सबसे महत्वपूर्ण निर्णय मौसम शुरू होने से पहले ही लिया जाता है: बीज का चुनाव।

सरसों की खेती में किसानों की मेहनत तो बहुत होती है, लेकिन अक्सर सही बीज के चुनाव न होने के कारण अंतिम मुनाफा कम रह जाता है। विशेषज्ञों ने पाया है कि कई किसान पिछली फसल से बीज बचाकर (जिसे 'Home Seeds' या घरेलू बीज कहते हैं) अगले मौसम में बो देते हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

सबसे बड़ा नुकसान: तेल की मात्रा में गिरावट

सरसों की कमाई का सबसे बड़ा जरिया उसका तेल है। लेबोरेटरी परीक्षणों से यह स्पष्ट हुआ है:

- हाइब्रिड बीज: इनमें तेल की मात्रा 40-43% तक होती है।
- घरेलू बीज (कोश डशशवी): इनमें तेल की मात्रा गिरकर केवल 36-39% रह जाती है।

यानी, अगर आप पुराने बीजों का उपयोग कर रहे हैं, तो आप प्रति क्विंटल कई लीटर तेल और पैसा खो रहे हैं।

घरेलू बीज (Home Seeds) क्यों हैं नुकसानदेह?

अक्सर किसान पिछले साल बोए गए हाइब्रिड बीजों की फसल (1st Generation) से बीज बचा लेते हैं और अगले साल बो देते हैं। विज्ञान की भाषा में इसे 'सेग्रीगेशन' कहते हैं। जब आप हाइब्रिड की फसल से बीज बचाते हैं, तो उसकी आनुवंशिक गुणवत्ता (Genetic Quality) खत्म हो जाती है। इसके परिणामस्वरूप:

- असमान खेत (Uneven Crop Stand): खेत में पौधे बौने और लंबे, दोनों तरह के उगते हैं।
- अलग-अलग पकाव: कुछ पौधे जल्दी पक जाते हैं तो कुछ देर से, जिससे कटाई में झड़न (Shattering) का नुकसान होता है।
- कम उपज: फलियां (Pods) असमान लगती हैं और उपज निराशाजनक रहती है।

हाइब्रिड बीजों का जादू: विज्ञान की देन

हाइब्रिड बीज दो उच्च आनुवंशिक क्षमता वाले जनक लाइनों (Parent Lines) को क्रॉस करके बनाए जाते हैं।

- एक समान फसल: पूरा खेत एक जैसा दिखता है और एक साथ पकता है।
- मजबूत पौधे: पौधों में रोग प्रतिरोधक क्षमता और ताकत (Vigor) अधिक होती है।
- अधिक मुनाफा: उच्च उपज और अधिक तेल की मात्रा (40-43%) मिलकर किसान की जेब में असली मुनाफा लाते हैं।

निष्कर्ष

बीज बचाने की प्रथा आपको थोड़ा पैसा बचा सकती है, लेकिन अंत में यह आपकी कमाई का सबसे बड़ा स्रोत (तेल और उपज) कम कर देती है। आर्थिक नुकसान से बचने के लिए, हर मौसम में ताजे और प्रमाणित हाइब्रिड बीजों का ही उपयोग करें। भारत में सरसों की खेती करने वाले किसानों के लिए पायनियर (PIONEER) कंपनी के बीज उच्च आनुवंशिक गुणवत्ता वाले सर्वोत्तम बीजों में से एक हैं।



पायोनियर® हाइब्रिड सरसों

यात्रियों को राहत...रोडवेज में लंबे समय बाद अलॉटमेंट, श्रीगंगानगर जिले के नए रूट पर बसों का संचालन होगा

सुगम होगा सफर; श्रीगंगानगर डिपो को 20 और अनूपगढ़ को 21 नई अनुबंधित बसें मिलेंगी, मजबूत होंगी सेवाएं

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

राजस्थान रोडवेज के बेड़े में लंबे समय बाद 622 नई अनुबंधित बसें शामिल होने जा रही हैं। इससे श्रीगंगानगर और अनूपगढ़ डिपो को भी नई बसों की सौगात मिलेगी। जारी आवंटन के अनुसार श्रीगंगानगर डिपो को 20 और अनूपगढ़ डिपो को 21 बसें मिलेंगी। नई बसों के आने से क्षेत्र में रोडवेज सेवाओं को मजबूती मिलने की उम्मीद है। हालांकि, जिले के ग्रामीण और व्यस्त मार्गों पर बसों की बढ़ती जरूरत को देखते हुए अतिरिक्त बसों की मांग अभी भी अहम बनी हुई है। रोडवेज प्रशासन ने निजी कंपनियों को बसें उपलब्ध कराने के लिए आदेश जारी कर दिए हैं। करीब नौ महीने पहले 767 बसें अनुबंध पर लेने की प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन फिलहाल 622 बसें ही उपलब्ध कराई जाएंगी। इन बसों के बेड़े में शामिल होने के बाद राजस्थान रोडवेज के पास बसों की संख्या 3900 से अधिक हो जाएगी। कुल 48 डिपो को बसें आवंटित की जाएंगी।



यात्रियों को स्टैंड पर ज्यादा देर इंतजार नहीं करना पड़ेगा

श्रीगंगानगर रोडवेज के मुख्य प्रबंधक बसंत कुमार ने बताया कि नई बसों के आवंटन में श्रीगंगानगर श्रीगंगानगर डिपो को 20 बसें मिली हैं। इससे क्षेत्र में यात्री भार के अनुरूप बसों के संचालन और मौजूदा सेवाओं को बेहतर बनाने की संभावनाएं बढ़ेंगी। वहीं, अनूपगढ़ डिपो को 21 बसें आवंटित की गई हैं। श्रीगंगानगर जिले में सूरतगढ़, रावला सहित विभिन्न मार्गों पर यात्रियों की आवाजाही बनी रहती है। इन रूटों पर बसों की जरूरत को देखते हुए सेवाओं में विस्तार की मांग लंबे समय से उठ रही है। स्थानीय स्तर पर यात्रियों का कहना है कि जिन मार्गों पर पहले हर 10 से 15 मिनट में बस उपलब्ध हो जाती थी, वहां अब कई बार 20 से 25 मिनट तक इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में नई बसों के आने से राहत मिलने की उम्मीद है।

ग्रामीण रूट पर अब भी अतिरिक्त बसों की दरकार

श्रीगंगानगर और अनूपगढ़ क्षेत्र में रोडवेज सेवाओं की जरूरत केवल प्रमुख शहरों और कस्बों तक सीमित नहीं है। ग्रामीण इलाकों में भी नियमित बस संचालन की मांग लगातार उठ रही है। कई गांवों में सार्वजनिक परिवहन के सीमित साधनों के कारण लोगों को लोक सेवा वाहनों और निजी साधनों पर निर्भर रहना पड़ता है। कुछ गांवों में तो रोडवेज बसें रुकने तक की सुविधा नहीं होने की शिकायतें सामने आती रही हैं। ग्रामीण रूटों पर बसों की संख्या बढ़ने से विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, किसानों और रोजाना आवागमन करने वाले यात्रियों को सीधा लाभ मिल सकता है। साथ ही, जिन मार्गों पर पर्याप्त यात्री भार है, वहां अतिरिक्त बसों का संचालन रोडवेज के राजस्व में भी बढ़ोतरी कर सकता है।

73 स्लीपर बसों से निजी संचालकों को मिलेगी चुनौती

क्षेत्र में विभिन्न रूटों पर बसों की जरूरत को देखते हुए राज्य सरकार की ओर से प्रस्ताव मांगे गए थे। इसके बाद श्रीगंगानगर क्षेत्र के लिए भी आवश्यकता के अनुरूप प्रस्ताव बनाकर भेजे गए। अब स्थानीय स्तर पर उम्मीद जताई जा रही है कि आगामी समय में इन प्रस्तावों के अनुसार अतिरिक्त बसें उपलब्ध कराई जाएंगी। हालांकि, मौजूदा आवंटन से श्रीगंगानगर और अनूपगढ़ डिपो को राहत मिलने की संभावना है, लेकिन ग्रामीण मार्गों पर नियमित और पर्याप्त बस सेवा सुनिश्चित करने के लिए जरूरत का आकलन कर आगे भी प्रयास करने होंगे।

पहले भेजा गया था प्रस्ताव

राजस्थान रोडवेज के बेड़े में इस बार अलग-अलग श्रेणियों की बसें शामिल होंगी। इनमें 336 नॉन एसी एक्सप्रेस, 109 नॉन एसी, 48 नॉन एसी स्लीपर, 104 एसी और 25 एसी स्लीपर बसें शामिल हैं। इस तरह कुल 73 स्लीपर बसें मिलेंगी। इससे रोडवेज को लंबी दूरी के मार्गों पर निजी स्लीपर बस संचालकों के सामने प्रतिस्पर्धा मजबूत करने का अवसर मिलेगा। बसों का आवंटन डिपोवार पहले से निर्धारित किया गया है। जानकारी के अनुसार पहले डिपो की जरूरत और उपलब्धता का विश्लेषण करने के बाद बसों का स्थानांतरण भी किया जाता था, लेकिन अब आवंटन पहले से तय होने के कारण ट्रांसफर की व्यवस्था नहीं अपनाई जा रही है।

राइफल शूटिंग एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी

सर्वसम्मति से गौरव गुप्ता अध्यक्ष और आशुतोष गुप्ता बने सचिव



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर जिला राइफल शूटिंग एसोसिएशन की नई प्रबंध कार्यकारिणी का गठन गोल बाजार स्थित होटल प्रतीक प्लाजा के सभाकक्ष में आयोजित विशेष बैठक में किया गया। वर्ष 2026 से 2030 तक के चार वर्षीय कार्यकाल के लिए यह चुनाव पूरी निष्पक्षता से संपन्न हुए। निर्वाचन प्रक्रिया चुनाव अधिकारी छिन्द्रपाल सिंह, राजस्थान राइफल एसोसिएशन के प्रतिनिधि व पर्यवेक्षक भगत सिंह कानावत, जिला ओलंपिक संघ के सचिव परविंदरजीत सिंह संधू तथा जिला खेल अधिकारी हरजिंदर सिंह की देखरेख में पूरी हुई। सर्वसम्मति से गठित नई कार्यकारिणी में गौरव गुप्ता को अध्यक्ष, शेर लखबीर सिंह को उपाध्यक्ष, आशुतोष गुप्ता को सचिव एवं जयकिशन अरोड़ा को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। चुनाव पश्चात नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने जिले में राइफल शूटिंग खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने, आधुनिक सुविधाएं जुटाने और युवा प्रतिभाओं को तराशने के लिए सक्रियता से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर निशा गुप्ता, मानव चिमनी, करन अरोड़ा सहित एसोसिएशन के अनेक सदस्य एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

ड्राईफ्रूट्स की जांच के लिए पहुंचे खाद्य अधिकारियों के सामने हुए विधायक-सभापति, टीम बैरंग लौटी

फूड इंस्पेक्टर का आरोप- स्टोर से सैम्पल लेने गए थे, विधायक ने रोक-टोक की; बिहाणी बोले- दुकानदारों को परेशान नहीं होने दूंगा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

एक ड्राईफ्रूट्स की शॉप पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम खाद्य पदार्थों के सैम्पल लेने पहुंची। टीम सैम्पल लेती, लेकिन इससे पहले ही विधायक जयदीप बिहाणी, नगरपरिषद सभापति अजय दावड़ा व कुछ पार्षद मौके पर पहुंच गए। दावा किया गया कि दुकानदार ने फोन किया था, जिसके बाद विधायक पहुंचे। इस दौरान विधायक ने खाद्य टीम की कार्रवाई पर सवाल उठाए और मनमानी के आरोप लगाए। खाद्य टीम ने आरोप लगाया कि उन्हें सैम्पल नहीं लेने दिये गये और बाहर कर दिया गया।



कुछ मिनट बहसबाजी के बाद खाद्य टीम बिना सैम्पल लिये बैरंग लौट गई। मीरा चौक के निकट मनुहार मेवा स्टोर (राजस्थान वैरायटी स्टोर) पर टीम कार्रवाई करने पहुंची थी। फूड इंस्पेक्टर मंजू बाला और नित्या शर्मा ने बताया कि इस स्टोर में काजू, बादाम सहित अन्य ड्राईफ्रूट्स की पैकिंग कर बेचे जाते हैं। पैकेट्स पर एक्सपायरी डेट की जांच के लिए टीम पहुंची थी। स्टोर संचालक ने जांच पर आपत्ति जताई। इस बीच जनप्रतिनिधि को फोन किया गया। कुछ ही समय में विधायक, सभापति और पार्षद मौके पर पहुंच गए।

उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया : खाद्य टीम की महिला अधिकारियों ने बताया कि उन्हें कार्रवाई करने से रोका गया। यही नहीं, उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। एक अधिकारी होने के नाते शिकायत के आधार पर बिना किसी पूर्व सूचना के निरीक्षण किया जा सकता है। मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ अभियान के अंतर्गत कार्यवाहियां की जा रही हैं। इस संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया गया है। कार्यवाही के लिए शिकायत भी की गई है। एक फूड इंस्पेक्टर ने कार की चाबी छीनने की बात भी कही।

'विभागीय टीम के पास परमिशन नहीं थी': इस संबंध में विधायक जयदीप बिहाणी ने कहा कि नाजायज कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की टीम के पास कार्रवाई के लिए अनुमति नहीं थी। लोगों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने गाड़ी की चाबी छीनने जैसी बातों को निराधार बताया।

साहित्यकार प्रितपाल कौर 1 को पाठकों से रूबरू होंगी

श्रीगंगानगर। सृजन सेवा संस्थान के मासिक कार्यक्रम 'लेखक से मिलिए' की 146वीं कड़ी में रविवार एक नवंबर को नई दिल्ली से प्रख्यात



साहित्यकार एवं पत्रकार प्रितपाल कौर पाठकों से रूबरू होंगी। सृजन के अध्यक्ष डॉ. अरुण शहैरिया 'ताइर' ने बताया कि कार्यक्रम रविवार को शाम चार बजे जवाहरनगर स्थित तपोवन हथाई सेंटर में होगा। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार राजेश चड्ढा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आकाशवाणी सूरतगढ़ के कार्यक्रम अधिकारी नवीन सिसोदिया उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रितपाल कौर दूरदर्शन और एनडीटीवी की मशहूर पत्रकार रही हैं। वर्षों पहले दूरदर्शन पर विनोद दुआ के साथ उनका कार्यक्रम 'परख' खूब चर्चित हुआ था। दिल्ली में सिख विरोधी दंगों पर उनका कुछ समय पूर्व प्रकाशित उपन्यास 'साल चौरासी' चर्चा में है।

एसजीएन खालसा कॉलेज में कौशल विकास प्रशिक्षण शुरू



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

श्री गुरु नानक खालसा पीजी कॉलेज के नवाचार एवं उद्यमिता कौशल विकास प्रकोष्ठ द्वारा महिंद्रा क्लासरूम एवं नंदी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं के लिए रोजगारपरक कौशल एवं व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें कॉलेज की लगभग 36 छात्राओं ने पंजीकरण करवाया है। प्रारंभ में कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अनुप्रिया जैन ने कहा कि आज के दौर में विद्यार्थियों में प्रभावी संवाद, नेतृत्व क्षमता, समय प्रबंधन और समस्या समाधान जैसे कौशलों का विकास भी आवश्यक है। नंदी फाउंडेशन के समन्वयक आकाश गक्खड़ ने समय की आवश्यकता के अनुरूप स्किल डेवलपमेंट और कम्युनिकेशन पर ध्यान देने की बात कही। कार्यक्रम में इंटरव्यू स्किल, प्रेजेंटेशन स्किल, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता जैसे विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

स्काउट गाइड द्वारा कचरा प्रबंधन पर लोगों को जागरूक किया गया



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड की इकाई विद्यार्थी शिक्षा सहयोग समिति विद्यालय के गाइड ग्रुप द्वारा कचरा प्रबंधन पर विद्यालय प्रांगण में चित्रकला प्रतियोगिता करवाई और जागरूकता रैली निकाली। गाइड कैप्टेन नीलम खुराना ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन रोवर स्काउट अंश धवन और आकाश ने करवाया, जिसमें बच्चों ने चित्र एवं स्लोगन बनाये। आमजन को कचरा प्रबंधन के बारे में जागरूक करने उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में गाइड कैप्टन नीलम खुराना के नेतृत्व में गाइड व अन्य विद्यार्थियों ने स्लोगन लिखे पोस्टर्स के माध्यम से दुकानों और आस-पास के लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष हरिचंद मक्कड़, सचिव ओमप्रकाश जुनेजा, फ्लॉक लीडर दया शीला एवं स्टाफ उपस्थित थे।

मूट कोर्ट व्यावहारिक ज्ञान व आत्मविश्वास का मंच : मनोज गर्ग

टांटिया विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता संपन्न

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

टांटिया विश्वविद्यालय के विधि संकाय की ओर से आयोजित दो दिवसीय द्वितीय डॉ. एसएस टांटिया राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता-2026 का खिताब नई दिल्ली की एसआरएम यूनिवर्सिटी ने अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में एसआरएम की टीम विजेता तथा अमृतसर स्थित गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी की टीम उपविजेता रही। फाइनल मुकाबला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) व उपभोक्ता अधिकारों से जुड़े रोचक कानूनी मुद्दे पर आधारित था। इसमें सोसाइटी के



सीसीटीवी कैमरों में कंपनी द्वारा उपभोक्ता को बिना बताए एआई वर्जन डालने पर बहस हुई। पक्षकार का तर्क था कि बिना जानकारी उत्पाद बेचना खतरनाक है और एआई का दुरुपयोग संभव है, जबकि प्रतिपक्ष ने इसे उपभोक्ता हित में बताया। पक्षकार की प्रभावी पैरवी कर एसआरएम ने जीत दर्ज की। प्रतियोगिता में एसआरएम की युनिका बहल को 'बेस्ट मूटर', चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी पंजाब की अलईया काहिया को 'बेस्ट रिसर्चर', विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी जयपुर को 'बेस्ट मेमोरियल (अपेलेंट)' और आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ पंजाब को 'बेस्ट मेमोरियल (रेस्पॉडेंट)' का पुरस्कार मिला। साथ ही छह प्रतिभागियों को 'बेस्ट एडवोकेट' सम्मान दिया गया। मुख्य अतिथि राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के पूर्व न्यायाधीश मनोज कुमार गर्ग ने कहा कि मूट कोर्ट व्यावहारिक ज्ञान व आत्मविश्वास का मंच है; ईमानदारी और नैतिकता ही बेहतरीन अधिवक्ता बनाती है। विशिष्ट अतिथि एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय उत्तराखंड की डीन एवं विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) ममता राणा रहीं, जबकि इसी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. विशाल गुलेरिया ने आयोजन की सराहना की। अध्यक्षता कुलपति प्रो. डॉ. एमएम सक्सेना ने की। वाइस चेयरपर्सन डॉ. मोहित टांटिया ने टीमों के कौशल की सराहना की। इस अवसर पर बार संघ अध्यक्ष हंसराज तनेजा, वरिष्ठ अधिवक्ता ओम रावल सहित 10 राज्यों की 46 टीमों के प्रतिभागी व 60 से अधिक संदर्भ व्यक्ति उपस्थित रहे।

डीएवी कॉलेज में पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता शुरू

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। स्थानीय डीएवी कॉलेज में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर की 22वीं अंतर-महाविद्यालय महिला एवं पुरुष पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्राचार्या डॉ. मीनू पूनिया ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए अनुशासन व खेल भावना का संदेश दिया। प्रारंभ में आयोजन समिति अध्यक्ष व प्राचार्या डॉ. मीनू पूनिया, सचिव डॉ. सीताराम ताखर, सद्दाम हुसैन, अंजलि सिंह, डॉ. कोरसिंह धौंसी, डॉ. जसप्रीत सिंह व डॉ. राजेश्वर गोदारा ने विवि पर्यवेक्षक आशीष ओझा और गेम्स एक्सपर्ट बेताब सिंह का स्वागत किया। प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों के महिला-पुरुष भारोत्तोलक कौशल दिखा रहे हैं। समाचार भेजे जाने तक महिलाओं की स्पर्धा जारी थी। चंद्रशेखर बिनावरा, सुनील दत्त सिक्का, सुशील चौधरी, संदीप कुमार, सुमित धींगड़ा, बलवंत स्वामी, दिनेश कुमार, शिखा, प्रभजीत सिंह, हरचरण व कलवंत स्वामी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।



कॉलेज में महिला अधिकारों पर जागरूकता व्याख्यान आयोजित



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

चौधरी बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिला सुरक्षा व कानूनी अधिकारों पर जागरूकता व्याख्यान हुआ। प्राचार्य प्रो. पूनम सेतिया के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एडवोकेट आशीष व्यास ने मानवाधिकारों, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013, दहेज निषेध अधिनियम 1961 और संपत्ति अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को शोषण व अन्याय के विरुद्ध सजग रहने के लिए प्रेरित किया। मंच संचालन डॉ. राजविन्द्र कौर ने किया तथा आभार श्रीमती अनिता ने जताया। इस दौरान प्रो. पूनम बजाज, डॉ. शालिनी आल्हा, प्रो. सोहनलाल, डॉ. मधु वर्मा, गरिमा यादव, मनीषा और हर्षिता उपस्थित रहीं।

राज्य अन्तर सिविल सेवा प्रतियोगिता हेतु टीमें चयनित



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

राजस्थान राज्य अन्तर सिविल सेवा प्रतियोगिता हेतु श्रीगंगानगर जिले की टीमों का चयन कर लिया गया है। जिला खेल अधिकारी हरजिन्दर सिंह ने बताया कि आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं -टेनिस, बैडमिन्टन, टेबल टेनिस, कबड्डी और बास्केटबॉल में जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिये खिलाड़ियों का चयन किया गया। मंगलवार को इस हेतु चयन ट्रायल हुए।

दो घंटे बंद रहेगी बिजली

सीमा सन्देश#श्रीगंगानगर। 33/11 केवी जवाहर नगर जीएसएस से निकलने वाले अग्रसेन नगर फीडर व मीरा मार्ग फीडर की आपूर्ति बुधवार सुबह 8 से 10 बजे तक बंद रहेगी। इस दौरान सैक्टर नं 6 जवाहर नगर, जाखड कॉलोनी, संजय कॉलानी, अग्रसेन नगर, अग्रसेन चौक, अग्रसेन इंडस्टयील एरिया सेक्टर 5, सैक्टर नं 3 जवाहर नगर, सैक्टर नं 5, जवाहर नगर, सिटी हॉस्पिटल रोड़, अग्रसेन नगर, मॉडल कॉलोनी, पीरखाना रोड, इन्दिरा वाटिका , सैक्टर नं 6 जवाहर नगर, जाखड़ कॉलोनी, संजय कॉलानी, अग्रसेन नगर, अग्रसेन चौक, अग्रसेन इंडस्टयील एरिया सेक्टर 5, आसपास का क्षेत्रव आसपास का क्षेत्र प्रभावित रहेगा।

आयोजन | 22वीं अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

विधायक बिहाणी बोले-खिलाड़ियों का समय भाषणों में नहीं, पसीना बहाने में लगना चाहिए

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

बिहाणी शिक्षा ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं विधायक जयदीप बिहाणी ने मंगलवार सुबह सेठ जी.एल. बिहाणी एसडी पीजी कॉलेज के खेल मैदान में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर की अंतर महाविद्यालय क्रिकेट (पुरुष) प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर जोन की क्रिकेट टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक जयदीप बिहाणी ने कहा कि यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है कि हमारे विश्वविद्यालय का नाम



महाराजा गंगासिंह जी के नाम पर है। एक दिन पहले ही हमने श्रीगंगानगर का 99वां स्थापना दिवस मनाया है और आज हम इसके 100वें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं। विधायक बिहाणी ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों का समय भाषण सुनने में नहीं, बल्कि मैदान में पसीना बहाने में अधिक व्यतीत होना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं नेता कम हूं, आप लोगों के बीच का खिलाड़ी ज्यादा हूं। मेरे रोम-रोम में खेल बसा हुआ है। उन्होंने अपने स्वभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी बातों में स्पष्टवादिता रहती है और वे सच को सीधे शब्दों में कहने में विश्वास रखते हैं। समारोह में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर की ओर से प्रतियोगिता के लिए नामित सदस्य अमरजीत सिंह अठवाल तथा ऑब्जर्वर अमित कुमार मलकीत सिंह और दिनकांत सिंह माचरा, निदेशक डॉ. कविता चौधरी, प्रशासनिक अधिकारी ए.के. पांडे, प्राचार्य डॉ. वरुण माहेश्वरी सहित बिहाणी शिक्षण संस्थाओं के विभिन्न प्राचार्य एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

पंजाब नैशनल बैंक ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

लालगढ़ जाटान स्थित पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में पंजाब नैशनल बैंक द्वारा ह्यसतर्कता जागरूकता सप्ताहह्ल के तहत ह्यसत्यनिष्ठा से समृद्धिह्ल विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सुशील कुमार ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ प्रबंधक रोशन चायल उपस्थित रहे। प्राचार्य ने छात्रों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाते हुए दैनिक जीवन में ईमानदारी और अनुशासन अपनाने की अपील की। मुख्य अतिथि रोशन चायल ने कहा कि भ्रष्टाचार का संबंध केवल धन से नहीं, बल्कि आचरण, व्यवहार और कड़ी मेहनत से भी है। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने विचार रखे और समूह गीत से भ्रष्टाचार के विरुद्ध संदेश दिया। बैंक की ओर से बच्चों को स्टेशनरी किट भेंट कर सम्मानित किया गया। पीएनबी के मण्डल प्रमुख सतीश मल्हन ने बताया कि 26 अक्टूबर से 01 नवंबर, 2026 तक मनाए जा रहे इस सप्ताह के तहत बैंक प्रतिदिन ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। गत दिवस स्टाफ द्वारा शपथ के साथ इसकी शुरूआत हुई। आगामी दिनों में जागरूकता रैली, साइकिल रैली और रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।



मौसम

अधिकतम 32.7° | न्यूनतम 27.4°

आर्द्रता

सुबह 72% | शाम 45%

विंड स्पीड

2-10KM/h

आज का सूर्यास्त

05:51PM

कल का सूर्योदय

06:46AM

मुख्यतः आसमान साफ रहेगा।

सर्राफा श्रीगंगानगर



(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,42,040

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,31,360

चांदी (प्रति किलो) ₹1,94,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

न्यूज इन ब्रीफ

मानकसर-नेतेवाला बनेगा आदर्श मतदान केन्द्र

श्रीगंगानगर। मतदान केन्द्र पर मतदाताओं को सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक मतदान अनुभव उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से प्रत्येक चरण में जिले में किसी एक पंचायत समिति में एक आदर्श मतदान केन्द्र स्थापित करने होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव ने बताया कि तृतीय चरण में सूरतगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मानकसर को चयनित आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है। इस प्रकार चतुर्थ चरण में पंचायत समिति गंगानगर दक्षिण के मतदान केन्द्र महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नेतेवाला को चयनित आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है।

क्विज प्रति. आयोजित, मतदान की शपथ ली

श्रीगंगानगर । भारत निर्वाचन आयोग के 'स्वीप' कार्यक्रम के तहत मंगलवार को राजकीय अल्पसंख्यक बालक छात्रावास, अनूपगढ़ में मतदाता जागरूकता क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुखमन सिंह जौहल ने बताया कि प्रतियोगिता में छात्रों से निर्वाचन प्रणाली, मतदाता पंजीकरण, ईवीएम-वीवीपैट और आचार संहिता पर आधारित प्रश्न पूछे गए, जिनके छात्रों ने सटीक उत्तर दिए। छात्रावास अधीक्षक ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवाओं की भागीदारी को अहम बताते हुए 18 वर्ष पूर्ण कर चुके सभी युवाओं से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील की। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रोत्साहित किया गया तथा सभी उपस्थित युवाओं को निर्भीक एवं नैतिक मतदान की शपथ दिलाई गई।

दो घंटे बाजार क्षेत्र में बंद रहेगी बिजली

सीमा सन्देश#श्रीगंगानगर। विद्युत लाइनों के रख-रखाव के चलते बुधवार को बाजार सहित आस-पास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। सिटी तृतीय के सहायक अभियंता मनजीत सैनी ने बताया कि 33/11 केवी उपचौकी, ओल्ड सिविल हॉस्पिटल, श्रीगंगानगर से निकलने वाला 11 केवी मार्केट फीडर की विद्युत सप्लाई को सुबह 8 से 10 बजे तक बन्द रखा जाएगा। इस दौरान गोल बाजार, ओल्ड सिविल हॉस्पिटल, स्टेशन रोड, लेबर कोर्ट कॉम्पलैक्स कोतवाली रोड़ के आसपास क्षेत्र के उपभोक्ता प्रभावित रहेंगे।

बिना अनुमति होर्डिंग लगाने वालों से मांगे दस्तावेज, एक भी व्यक्ति नहीं दिखा पाया कागजात

प्रमुख मार्गों से हटाई अवैध होर्डिंग साइट्स, गोल बाजार में दुकानदारों का सामान जब्त

सीमा सन्देश#श्रीगंगानगर।

शहर में इन दिनों नियमों को ताक पर रखकर किए जा रहे अतिक्रमण और अवैध विज्ञापनों की बाढ़ आ गई है। आमजन को हो रही परेशानियों और सुगम यातायात को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को नगरपरिषद प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया। नगरपरिषद की टीम ने शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर कार्रवाई करते हुए एक दर्जन से अधिक अवैध होर्डिंग साइट्स को ध्वस्त कर दिया। वहीं, शाम ढलते ही गोल बाजार और आसपास के बाजारों में दुकानों के बाहर सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ भी बड़ा शिकंजा कसा गया। नगरपरिषद की इस अचानक हुई कार्रवाई से दुकानदारों और अवैध होर्डिंग संचालकों में हड़कंप मच गया। गोलबाजार में कार्यवाही करने वाली टीम में कार्रवाई के दौरान प्रभारी एईएन अमनदीप कौर के साथ अमित चलाना, सफाई निरीक्षक उमेश वाल्मीकि, अनिल धारीवाल और बड़ी संख्या में नगरपरिषद के सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। वही होर्डिंग साइट पर हुई कार्यवाही में कनिष्ठ सहायक प्रशान्तु दुबे।





श्रीगंगानगर। गोलबाजार में सड़क पर रखे सामान को उठाकर गाड़ी में डालते हुए और दुकानदारों से समझाईश करते हुए नगरपरिषद कर्मी।

गोल बाजार में दौड़ी नगरपरिषद की गाड़ियां, दुकानदारों में मची खलबली, 10 दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई

दिनभर होर्डिंग हटाने के बाद शाम को नगरपरिषद का प्रशासनिक अमला गोल बाजार क्षेत्र में उतरा। टीम ने गोल बाजार, केदार चौक, गांधी चौक, अंबेडकर चौक से लेकर स्वामी दयानंद मार्ग तक मुख्य सड़क पर दुकानों का सामान बाहर रखकर रास्ता रोकने वाले दुकानदारों के खिलाफ अभियान चलाया। नगरपरिषद की गाड़ियां और टीम को अचानक बाजार में आते देख दुकानदारों में भगदड़ जैसी स्थिति मच गई। खलबली के बीच कई दुकानदार आनन-फानन में सड़क पर रखा अपना सामान समेटकर दुकानों के अंदर करते नजर आए। कुछ दुकानदारों ने टीम के आगे हाथ जोड़कर सामान न जप्त करने और एक दिन का मोहलत व समय देने की गुहार भी लगाई, लेकिन प्रशासनिक सख्ती के आगे उनकी एक नहीं चली। अभियान के दौरान सड़क पर सामान सजाकर अतिक्रमण करने वाले करीब 10 दुकानदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। इनमें से मौके पर ही एक दुकानदार ने 1000 जुमार्ना राशि जमा करवा दी। वहीं, जिन दुकानदारों ने मौके पर जुर्माना नहीं भरा, उनके खिलाफ रिकॉर्ड तैयार कर लिया गया है। जुर्माना जमा नहीं करवाने वाले इन दुकानदारों को बुधवार को औपचारिक नोटिस जारी किए जाएंगे। साथ ही कई दुकानदारों का सामान भी जब्त कर लिया गया है।

दुकानों के बाहर होगी येलो मार्किंग

बाजार क्षेत्रों में यातायात एवं आवागमन को सुचारू बनाए रखने तथा सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करने के उद्देश्य से नगर परिषद द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत दुकानों के बाहर सड़क पर रखे सामान को हटवाने, अस्थायी अतिक्रमण हटवाने तथा दुकानदारों को निर्धारित सीमा में ही सामान रखने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बाजार क्षेत्र में दुकानों के बाहर येलो मार्किंग करवाई जाएगी। दुकानदारों को येलो मार्किंग के अंदर ही अपना सामान रखना होगा। निर्धारित सीमा से बाहर सामान रखने अथवा सार्वजनिक स्थान पर अतिक्रमण करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। **-मिल्ख राज चुघ, आयुक्त**

जस्सा सिंह मार्ग पर गरमाया माहौल, दस्तावेजों पर फंसे लोग

लोगे बोले- इस कार्रवाई से पहले उन्हें कोई प्रशासनिक सूचना या नोटिस नहीं दिया गया



मंगलवार को सुबह अवैध होर्डिंग साइट्स हटाने के लिए अभियान शुरू किया गया। दो जेसीबी और एक ट्रैक्टर ट्राली की सहायता से टीम ने सुखाड़िया सर्किल रोड, हनुमानगढ़ रोड, सूरतगढ़ रोड, हनुमानगढ़-सूरतगढ़ लिंक रोड, किसान चौक से ट्रैक्टर मार्केट, ट्रैक्टर मार्केट से पदमपुर रोड और पदमपुर रोड से नगरपरिषद कार्यालय तक करीब एक दर्जन से अधिक अवैध होर्डिंग साइट्स को हटवाया। इस दौरान जस्सा सिंह मार्ग पर जब नगरपरिषद की टीम अवैध साइट्स हटाने पहुंची, तो स्थानीय लोगों ने भारी विरोध जताया। लोगों का कहना था कि इस कार्रवाई से पहले उन्हें कोई प्रशासनिक सूचना या नोटिस नहीं दिया गया। विरोध कर रहे लोगों को जवाब देते हुए नगरपरिषद कर्मियों ने दो टूक कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से शहरवासियों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। कर्मियों ने चुनौती दी कि यदि नगरपरिषद से होर्डिंग या साइट लगाने की अनुमति है, तो उसके वैध दस्तावेज तुरंत पेश किए जाएं। लेकिन हैरानी की बात यह रही कि मौके पर एक भी व्यक्ति अपनी अनुमति के कागजात नहीं दिखा सका। इसके बाद लोग सिर्फ मौखिक रूप से अनुमति होने की बात कहते नजर आए, जिसे टीम ने दरकिनार कर दिया।



पंचायती राज चुनाव

मतदान दलों की रवानगी

ईवीएम संग्रहण व मतगणना को लेकर भवन व्यवस्थाएं तय

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। पंचायती राज आम चुनाव 2026 के तहत जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य चुनाव के लिए प्रशासन ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय एवं राजकीय विधि महाविद्यालय में व्यापक प्रबंध किए हैं। यहां मतदान दलों की रवानगी, ईवीएम कमिशनिंग, संग्रहण तथा मतगणना हेतु कक्ष आवंटित किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव के अनुसार, तृतीय चरण की पंचायत समितियों–सूरतगढ़, राजियासर और विजयनगर के लिए कमिशनिंग व स्ट्रांग रूम अम्बेडकर कॉलेज में रहेंगे, जहां 28 अक्टूबर को सुबह 10 बजे ईवीएम कमिशनिंग होगी। चतुर्थ चरण में सादुलशहर, श्रीगंगानगर उत्तर व दक्षिण, करणपुर और पदमपुर के प्रबंध अम्बेडकर कॉलेज में रहेंगे। वहीं रायसिंहनगर, अनूपगढ़ और घड़साना के लिए व्यवस्थाएं विधि महाविद्यालय में की गई हैं। इन क्षेत्रों की ईवीएम कमिशनिंग 7 नवंबर को सुबह 10 बजे होगी। कॉलेज परिसर में पर्यवेक्षक, आईटी, सांख्यिकी, कानून व्यवस्था व मीडिया प्रकोष्ठ भी स्थापित किए गए हैं।

मतदान कार्मिकों का द्वितीय रेंडमाइजेशन संपन्न

श्रीगंगानगर। पंचायती राज आम चुनाव के सफल एवं निष्पक्ष संपादन हेतु मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मतदान कार्मिकों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। जिले में कुल 1305 मतदान केंद्रों के लिए प्रथम प्रशिक्षण हेतु विभिन्न राजकीय विभागों में कार्यरत कार्मिकों का चिन्हीकरण किया गया। यह प्रक्रिया राज्य राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र द्वारा निर्मित ईएमएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से पारदर्शी एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संपादित की गई। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी परमजीत सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

धन धन रामदास गुरु जिनि सिरिआ तिनै सवारिआ..., गुरुद्वारा श्री गुरु रामदास साहिब में श्रद्धा से मनाया गया प्रकाश पर्व

न्यूजीलैंड से आए रागी जत्थे ने मधुर गुरबाणी कीर्तन से साध-संगत को किया निहाल, अटूट लंगर बरताया





सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर।

सेतिया कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु रामदास साहिब में सिख धर्म के चतुर्थ पातशाही साहिब श्री गुरु रामदास जी का 492वां प्रकाश पर्व मंगलवार को पूरी श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। पावन अवसर पर गुरुद्वारा परिसर को रंग-बिरंगी चुनरियों, ताजे फूलों और आकर्षक रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया था। मंगलवार सुबह से ही गुरुद्वारा साहिब में श्रद्धालुओं के पहुंचने का तांता लगा रहा।

हजारों की तादाद में संगत ने पहुंचकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष माथा टेका और परिवारों की सुख-समृद्धि व सर्वकल्याण के लिए अरदास की। मुख्य समागम के तहत मंगलवार सुबह श्री अखंड पाठ साहिब के भोग डाले गए। इसके बाद सुबह से दोपहर तक विशेष कीर्तन दीवान सजाए गए।

कार्यक्रम में विशेष तौर पर पहुंचे रागी जत्था भाई गुरजंट सिंह (न्यूजीलैंड वाले) ने मधुर गुरबाणी कीर्तन के माध्यम से 'गुरु रामदास राखो शरणाई' तथा 'अब गुरु रामदास को मिली बड़ाइ' जैसे शबदों का गायन कर संगत को नाम सिमरन से जोड़ा। हुजूरी कथावाचक गुरचरण सिंह खंडा, हुजूरी रागी जत्था भाई रणजीत सिंह लहरी, स्त्री सत्संग सभा की सदस्यों और नन्हे बच्चों ने भी रसभीने कीर्तन से संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कीर्तन प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

प्रकाशोत्सव की श्रृंखला के तहत रविवार और सोमवार शाम बच्चों को गुरबाणी से जोड़ने के लिए कीर्तन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। भूपेंद्र कौर टूरना और रागी भाई रणजीत सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के सभी विजेताओं (प्रथम, द्वितीय व तृतीय) को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया, जबकि अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समागम के उपरांत गुरु का अटूट लंगर बरताया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, गुरुद्वारा साहिब के बाहर श्रद्धालुओं द्वारा पास्ता, पिज्जा और अन्य फास्ट फूड के विशेष स्टॉल भी लगाए गए। व्यवस्थाओं को सुचारू रखने के लिए 100 से अधिक पुरुष व महिला सेवादारों ने जोड़ा घर, लंगर सेवा और बर्तन साफ करने जैसे कार्यों में अपनी सेवाएं दीं।

सेवा, विनम्रता और भक्ति के प्रतीक थे गुरु रामदास जी

सिख धर्म के चौथे गुरु साहिब श्री गुरु रामदास जी का जन्म वर्ष 1534 में लाहौर में हुआ था। उनका बचपन का नाम भाई जेठा जी था और वे वर्ष 1574 में सिखों के चौथे गुरु बने। उन्होंने अमृतसर नगर की स्थापना व पवित्र सरोवर के विकास में अहम भूमिका निभाई। उनकी संपूर्ण जीवन-गाथा सेवा, विनम्रता और मानवता के कल्याण की प्रेरणा देती है। पर्व पर संगत ने गुरु साहिब की शिक्षाओं को जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

रामलीला मैदान से चांडक कोठी तक की जर्जर सड़क आखिरकार बनकर हुई तैयार, परेशान लोगों को मिली धूल और गड्ढों से मुक्ति

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। शहरवासियों के लिए एक राहत भरी खबर है। रामलीला मैदान से चाण्डक कोठी तक पिछले कई महीनों से क्षतिग्रस्त पड़ी करीब 100 मीटर सड़क का निर्माण कार्य आखिरकार मंगलवार को पूरा कर लिया गया। सड़क के बन जाने से इस मार्ग से आने-जाने वाले हजारों राहगीरों और दुकानदारों ने बड़ी राहत की सांस ली है। पिछले कुछ दिनों से इस क्षतिग्रस्त हिस्से पर अवरोधक (बैरिकेड्स) लगाकर सड़क के दोनों ओर नालियों के किनारे जमा मिट्टी को हटाने और बरम जमाने का कार्य तेजी से चल रहा था। जैसे ही यह शुरूआती चरण पूरा हुआ, मंगलवार को अंतिम रूप से सड़क का निर्माण भी मुकम्मल कर दिया गया। इस सड़क निर्माण कार्य को लेकर पहले यह योजना थी कि इसे दशहरे तक पूरा कर लिया जाएगा। लेकिन किन्हीं अपरिहार्य कारणों के चलते उस समय यह कार्य पूरा नहीं हो सका था। हालांकि, राहत की बात यह रही कि त्यौहारी सीजन और बाजारों में बढ़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए गोलबाजार क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सड़कों पर पेच वर्क का अधिकांश कार्य पहले ही पूरा कर लिया गया था। इसके अलावा शहर के अन्य हिस्सों में भी पेवर सड़क निर्माण और पेच वर्क का कार्य लगातार जारी है। आने वाले तीन-चार दिनों में शहर के इन विकास कार्यों को युद्ध स्तर पर पूरा किए जाने की योजना है।



'सीमा सन्देश' की खबर पर लगी मुहर

उल्लेखनीय है कि समाचार पत्र 'सीमा सन्देश' ने अपने 17 अक्टूबर के अंक में ही इस सड़क के निर्माण तथा यूआईटी (नगर विकास न्यास) द्वारा स्वीकृत अन्य सड़कों के जल्द बनने की जानकारी प्रमुखता से प्रकाशित कर दी थी। मंगलवार को सड़क का निर्माण कार्य पूरा होने के साथ ही उस खबर पर आधिकारिक मुहर भी लग गई है। चाण्डक कोठी रोड के नए स्वरूप में तैयार होने से अब लंबे समय से खराब सड़क के कारण हो रही परेशानियों का स्थायी समाधान हो गया है।

चुनाव ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : अमिता बिश्नोई

श्रीगंगानगर। पंचायती राज आम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से आज पंचायत समिति श्रीगंगानगर (दक्षिण) मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का सफल आयोजन किया गया। यह बैठक रिटर्निंग अधिकारी अमिता बिश्नोई की अध्यक्षता में संपन्न हुई। डीएवी स्कूल के सामने स्थित पंचायत समिति दक्षिण मुख्यालय में प्रातः 11 बजे आयोजित इस बैठक में चुनाव पूर्व प्रबंधन, नियोजन और निष्पादन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में निर्वाचन कार्य के लिए गठित सभी 25 प्रकोष्ठों के प्रभारी अधिकारियों, अतिरिक्त प्रभारी अधिकारियों एवं लिंक अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक के दौरान रिटर्निंग अधिकारी ने सभी प्रकोष्ठ प्रभारियों से उनके विभागों की प्रगति रिपोर्ट, इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान और आवश्यक पत्रावलियों का बारीकी से अवलोकन किया तथा आगामी रूपरेखा पर चर्चा की।

अमिता बिश्नोई ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता और राष्ट्रीय महत्व का विषय है, जो पूर्णतः समयबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव ड्यूटी में किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही या अनुशासनहीनता को अत्यंत गंभीरता से लिया जाएगा। सभी अधिकारी व कर्मचारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी सतर्कता एवं निष्ठा के साथ करें।

क्या उपयोग है इस धन का? जो खा लिया, जो पी लिया वही मेरा है। - यशपाल

संपादकीय

आधुनिकता के नाम पर अपनी सामाजिक बुनियाद खोते हम

हाल ही में गुरुग्राम से आई एक हृदयविदारक घटना ने देश को फिर से झकझोर कर रख दिया है, जहाँ एक व्यक्ति (आकाश) ने आपसी कहासुनी के बाद अपनी लिव-इन पार्टनर की बुरी तरह पीट-पीटकर हत्या कर दी। गंभीर चोटों के कारण महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गई। यह कोई पहली घटना नहीं है; विगत कुछ वर्षों में श्रद्धा वाकर और निक्की यादव जैसे कई नाम इस भयानक त्रासदी का शिकार बन चुके हैं। ये घटनाएं महज सामान्य अपराध भर नहीं हैं, बल्कि यह इस बात का स्पष्ट संकेत हैं कि आधुनिकता और स्वच्छंदता के नाम पर हमारा समाज किस गंभीर मानसिक, नैतिक और सांस्कृतिक संकट की ओर बढ़ रहा है।

विगत कुछ वर्षों में 'लिव-इन रिलेशनशिप' की अवधारणा भारतीय समाज के एक वर्ग विशेष और शहरी युवाओं में तेजी से फैली है। स्वतंत्रता, व्यक्तिगत पसंद और बिना किसी जिम्मेदारी के रिश्ते को परखने के नाम पर इसे स्वीकार्यता देने की कोशिशें की जा रही हैं। लेकिन इस पश्चिमी जीवनशैली के अंधानुकरण में युवा वर्ग यह समझने में पूरी तरह असमर्थ दिख रहा है कि भारतीय संस्कारों और परंपराओं में बिना विवाह जैसी सामाजिक स्वीकृति और पवित्रता को इस प्रकार की उच्छृंखलता कभी स्वीकार्य नहीं रही है।

हमारी हजारों वर्ष पुरानी सभ्यता, संस्कृति और परंपराओं में पुरुष व महिला के बीच का संबंध केवल एक भौतिक या कानूनी समझौता नहीं होता। यहाँ आत्मीयता, त्याग और भावनात्मक जुड़ाव ही इस बंधन को सजीव और भावनाओं से परिपूर्ण बनाता है। विवाह जैसी संस्था केवल दो इंसानों को नहीं जोड़ती, बल्कि यह दो परिवारों, सामाजिक उत्तरदायित्वों और नैतिक मूल्यों को एक सूत्र में पिरोती है। विवाह में प्रतिबद्धता, धैर्य और सहनशीलता जैसे मूल मूल्य निहित होते हैं, जो विषम से विषम परिस्थितियों में भी व्यक्ति को मर्यादा और संयम बनाए रखने की प्रेरणा देते हैं।

इसके विपरीत, लिव-इन रिलेशनशिप की नींव अक्सर पूर्ण स्वच्छंदता और उत्तरदायित्व-हीनता पर टिकी होती है, जहाँ किसी प्रकार की सामाजिक या नैतिक जवाबदेही नहीं होती, वहाँ असुरक्षा, संदेह, अधिकार चेतना और उतावलापन बहुत तेजी से पनपता है। यही कारण है कि जब शुरूआती आकर्षण समाप्त होता है या एक-दूसरे से अपेक्षाएं पूरी नहीं होतीं, तो संवाद की गुंजाइश खत्म हो जाती है। उसकी जगह तीव्र आवेग, मानसिक प्रताड़ना और हिंसा ले लेती है। अक्सर देखा गया है कि जब भी कोई व्यक्ति अपने स्थापित संस्कारों के विपरीत ऐसी उच्छृंखलता में प्रवेश करता है, तो देर-सवेर उन असंतुलित रिश्तों का अंत इसी तरह की खौफनाक त्रासदी के रूप में होता है।

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में समाज को जगाने के लिए कुछ मूलभूत प्रश्नों पर विचार करना अत्यंत आवश्यक है। युवाओं को यह समझना होगा कि पश्चिमी चमक-दमक के पीछे छिपी हर अवधारणा हमारे सामाजिक ताने-बाने के अनुकूल नहीं होती। अपनी सांस्कृतिक विरासत और पारिवारिक संस्कारों से कटकर पाई गई स्वच्छंदता अंततः विनाशकारी सिद्ध होती है। बिना किसी कानूनी और सामाजिक प्रतिबद्धता के एक साथ रहने से असुरक्षा का भाव लगातार बना रहता है, और जब रिश्तों में ठहराव की जगह अस्थिरता होती है, तो छोटी-छोटी कहासुनी भी हत्या जैसे खौफनाक कदम तक पहुँचा देती है।

इसके साथ ही, आज के युवाओं में बढ़ते एकाकीपन को दूर करने के लिए परिवारों को अपने बच्चों के साथ सहज और भावनात्मक संवाद स्थापित करना होगा, ताकि वे क्षणिक आकर्षणों के जाल में न फंसें। यद्यपि कानून व्यक्तिगत अधिकारों को प्राथमिकता देता है, लेकिन समाज का मूकदर्शक बने रहना और नैतिक मूल्यों से समझौता करना भी ऐसी आपराधिक प्रवृत्तियों को मौन बढ़ावा देता है।

समय आ गया है कि हमारा समाज पूरी गंभीरता के साथ आत्ममंथन करे। हमें स्वतंत्रता और स्वेच्छाचारिता के बीच की उस बारीक रेखा को पहचानना ही होगा, जो जीवन निर्माण और जीवन विनाश के बीच अंतर पैदा करती है। यदि आज भी हमारा समाज जागृत नहीं हुआ और अपनी भावी पीढ़ी को सही दिशा नहीं दे पाया, तो आधुनिकता का यह छलावा हमारे सामाजिक और नैतिक ढाँचे को पूरी तरह खोखला कर देगा। अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और नैतिक मूल्यों की रक्षा करके ही हम इस प्रकार की त्रासदियों पर स्थायी विराम लगा सकते हैं।

स्वरों के सरताज - हमारी हिन्दी फिल्मों के गायक



फिल्मों में गायक और गायिकाओं (पार्श्व गायक, प्ले बैंक सिंगर) की भूमिका रीढ़ की हड्डी के समान होती है। ये पर्दे पर अभिनय करने वाले कलाकारों की आवाज बन कर उनकी भावनाओं आँसुओं हँसी ओर दर्द को सीधे दर्शकों के दिलों तक पहुँचाते है । कई बार बेहतरीन गाने फिल्म को सुपरहिट बना देते है, भले ही कहानी साधारण ही हो। गायक अपनी मधुर सुरीली और असरदार आवाज से भावनाओं का संचार कर दृश्य में जान फूँकते है । अभिनय करने वाले व्यक्तित्व को आकर्षक व विश्वसनीय बनाते है व कहानी को आगे बढ़ाने में सहायता करते है। शुरूआती दौर से ले कर आज तक हर दौर में हिंदी फिल्मों में गाने गाये गये है। शुरूआत में 1931 में बनी पहली बोलती फिल्म आलम आरा से लेकर कुछ वर्षों तक कलाकार अपने गाने स्वयं ही गाते थे। आलम आरा में वजीर मोहम्मद खान के गाये गाने 'दे दे खुदा के नाम पे प्यारे' हिंदी फिल्मों का पहला गाना माना जाता है। 1932 में निर्मित फिल्म इंद्र सभा में सर्वाधिक 72 गाने थे जिनमें से अधिकांश गाने मास्टर निसार ने गाये थे । 1935 में बनी फिल्म धूप छाँव में पहली बार पार्श्व गायन (प्ले बैक सिंगिंग) शुरू हुआ था। उसके पश्चात भी अनेक अभिनेता अपने गाने स्वयं ही गाते थे ।

के एल सहगल को शुरूआती दौर का महान गायक माना जाता है । मोहब्बत के आंसू, चंडी दास देवदास स्ट्रीट सिंगर तानसेन शाहजहाँ आदि फिल्मों में - 'बाबुल मोरा नैहर छूटो ही जायह्न, एक बंगला बने न्यारा', 'जब दिल ही टूट गया', गम दिये मुश्तकिल, 'करूँ क्या आस निरास भई' 'मेरे बालापन के साथी' 'नुक्ता चीं है गमे दिल' आदि गीत आज भी सुनें और पसंद किये जाते हैं। जी एम दुर्रानी ने एक थी लड़की में 'लारा लप्पा लारा लप्पा लाइ रखदा' व दीदार में 'नजर फेरो न हमसे' गाया था । के सी डे ने धूप छाँव फिल्म का गाना 'बाबा मन की आँखे खोल', धरती माता का 'दुनिया रंग रंगीली बाबा' व पूरन भगत का गाना 'जाओ जाओ ए मेरे साधु' गाये थे । पहाड़ी सान्याल ने पुरानी फिल्म देवदास का गाना 'रोशन है तेरे दम से' व धूप छाँव का गाना 'प्रेम की नैया चली' गाने गाये। सी एच आत्मा ने 'प्रीतम आन मिलो' - आसमान व 'मुंड़वे तले गरीब के' - गीत गाया पत्थरों मे गीत गाये । पंकज मलिक ने फिल्म कपाल कुंडला में 'पिया मिलन को जाना', डाक्टर में 'चले पवन की चाल' व धरती माता में 'दुनिया रंग रंगीली बाबा' गीत गाये। महान अभिनेता अशोक कुमार ने अछूत कन्या फिल्म में 'मैं बन की चिड़िया' के अलावा जीवन नैया में 'कोई हम दम न रहा' व आशीर्वाद में 'रेलगाड़ी' गीत गाये थे। सुरेन्द्र ने अनमोल घड़ी के लोकप्रिय गानों 'आवाज दे कहाँ है' तथा श्याम ने रतन फिल्म के 'ओ जाने वाले बालमवा' व दिल्लगी फिल्म के गाने 'तूं मेरा चाँद मैं तेरी चाँदनी' सहित कई गाने गाये । शैलेश मुखर्जी ने फिल्म आग में 'देख चाँद की ओर मुसाफिर' गाना गाया था।



शक्ति प्रकाश माथुर
मो. 8094556808

हिंदी सिनेमा का यह सौभाग्य है कि संगीत जगत के महानतम उस्तादों और पंडितों ने अपनी परिपक्व सधी हुई और दिल को छूने वाली आवाज में ठुमरी बंदिश आदि गा कर से इसे समृद्ध किया है । कालजयी फिल्म मुगले आजम में उस्ताद बड़े गुलाम अली खान साब ने राग राग श्री पर आधारित ठुमरी 'शुभ दिन आयो राज दुलारा' व राग सोहिनी पर आधारित ठुमरी 'प्रेम जोगन बन' प्रस्तुत करके दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। फिल्म बैजू बावरा में उस्ताद अमीर खान व पंडित डी वी पलुस्कर ने राग देसी पर आधारित बंदिश 'आज गावत मन मेरो झूम के' गा कर दर्शकों को रोमांचित किया वहीं उस्ताद अमीर खान ने झनक झनक पायल बाजे का टाइटल गीत राग अडाना में गाया था। फिल्म बसंत बहार में पंडित भीमसेन जोशी व मन्ना डे ने राग बसंत बहार पर आधारित बंदिश 'केतकी गुलाब जूही' गा कर दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया था । पंडित कृष्णराव चोनकर ने राग मिश्र भैरवी पर आधारित ठुमरी 'बात चलत नई चुनरी रंग डारी' फिल्म रानी रूपवती में मोहम्मद रफी के साथ गायी थी। कालांतर में फिल्म जब वी मेट में उस्ताद राशिद खान द्वारा गायी गई राग तिलक कामोद पर आधारित बंदिश 'आओगे जब तुम साजन अंगना फूल खिलेंगे' दर्शकों को बहुत पसंद आई । फिल्म देवदास - 2002 में कत्थक आचार्य पंडित बिरजू महाराज ने कवित कृष्णमूर्ति के साथ राग भैरवी पर आधारित नृत्य गीत 'काहे छेड़ छेड़ मोहे गरवा लगाई' प्रस्तुत किया था। कत्थक गुरू पंडित गोपीकृष्ण ने फिल्मों में बंदिशों और नृत्य के बोल और थाप को मुँह से बोल कर (पढ़ंत) दर्शकों को चमत्कृत किया है ।

अब बात करेंगे हिंदी फिल्मों के उन महान गायकों की जिन्होंने तीन साढ़े तीन दशक कर अपने गायन से फिल्म जगत को समृद्ध किया है। फिल्म संगीत का यह सुनहरा दौर कहा जा सकता है। शहंशाह ए तरन्नुम व संपूर्ण गायक मोहम्मद रफी भारतीय सिनेमा के महानतम, लोकप्रिय व बहुमुखी प्रतिभा संपन्न पार्श्व गायक है। उन्हें जादुई आवाज, व्यापक गायन सीमा व हर तरह के भावों को व्यक्त करने की क्षमता के लिए जाना जाता है। उन्हें हर शैली के गीत - रोमांटिक, दर्द भरे, जोशीले, तेज रफ़्तार, शास्त्रीय, भजन, कव्वाली, देशभक्ति के गीतों को गाने के अलावा अभिनेताओं की छवि के अनुकूल आवाज निकालने के लिए जाना जाता है । भारत भूषण, प्रदीप कुमार राजेंद्र कुमार शम्मी कपूर बिश्वजीत जॉय मुखर्जी आदि अनेक अभिनेता रफी साब की आवाज के कारण हिट रहे है । दुलारी फिल्म के गीत 'सुहानी रात ढल चुकी' से उन्हें विशेष पहचान मिली । उनका गाया हर गाना बेमिसाल है। कुछ गानो का उल्लेख किया जा सकता है। बैजू बावरा के गाने - 'मन तड़पत हरि दर्शन को आज' 'ओ दुनिया के रखवाले', 'ये दुनिया अगर मिल भी जाए तो क्या है' - प्यासा, 'मैं ज़िंदगी का साथ निभाता चला गया' - हम दोनों 'खोया खोया चाँद' - 'काला बाजार, चाहे कोई मुझे जंगली कहे', - जंगली, 'बाबुल की दुआएँ लेती जा' - नील कमल, 'ओ हसीना जुल्फों वाली'- तीसरी मंज़िल, 'लिखे जो खत तुझे' - कन्यादान, 'क्या हुआ तेरा वादा' - हम किसी से कम नहीं, 'ये चाँद सा रोशन चेहरा' - कश्मीर की कली, 'चौहदवीं का चाँद हो' - चोहदवीं का चाँद, 'बहारों फूल बरसाओ' - सूरज ।

मुकेश को दर्द उदासी और भावनाओं से भरे गीतों के बेताज बादशाह के रूप में जाना जाता है । उनकी रूहानी दर्द भरी आवाज श्रोताओं के दिल को छूती है। ये दर्द, संवेदना, प्यार, बेबसी, अकेलेपन की अभिव्यक्ति सहज व सरल अंदाज में गा कर किया करते है । पहली नजर के गाने 'दिल जलता है तो जलने दे' से पहचाने गये मुकेश जी के उल्लेखनीय गीत- 'आवारा हूँ ' - आवारा, 'मेरा जूता है जापानी' - श्री चार सौ बीस, 'सब कुछ सीखा हमने' - अनाड़ी, - 'ये मेरा दीवाना पन है' - यहूदी, 'चंदन सा बदन' - सरस्वती चंद्र, 'कहीं दूर जब दिन ढल जाए' - आनंद, व 'ओ हो रे ताल मिले नदी के जल में' - अनोखी रात । मन्नाडे अत्यंत प्रतिष्ठित बहुमुखी व शास्त्रीय संगीत में पारंगत पार्श्व गायक है। इन्हें कठिन रागों पर आधारित गानों, गजलों देशभक्ति व हास्य गीतों के। लिए जाना जाता है । इनका पहला हिट गाना फिल्म मशाल 1950 का - 'ऊपर गगन विशाल' है । मन्ना दा के प्रसिद्ध गीत है - 'ए मेरे प्यारे वतन' - काबुलीवाला, 'कौन आया मेरे मन के द्वारे' - देख कबीरा रोया, 'पूछो ना कैसे मैंने रैन बिताई'- मेरी सूरत तेरी आंखे, 'लागा चुनरी में दाग' - दिल ही तो है, 'तू प्यार का सागर है' - सीमा, 'ज़िंदगी कैसी है पहेली'-आनंद, 'कसमें वादे प्यार वफा' - उपकार, 'यारी है ईमान मेरा यार मेरी ज़िंदगी' - जंजीर, 'झनक झनक तेरी बाजे पायलिया'- मेरे हुज़ूर। पक्की राग पर आधारित कठिन गीत गाने वाले मन्नाडे ने लता मंगेशकर के साथ फिल्म श्री चार सौ बीस व चोरी चोरी में क्रमशः - 'प्यार हुआ इकरार हुआ' व 'ये रात भीगी भीगी' जैसे रोमांटिक गीत गा कर श्रोताओं को हैरत में डाल दिया था।

तलत महमूद मखमली रेशमी और हल्की कंपन युक्त आवाज के धनी माने जाते है। फिल्म आरजू 1950 के गाने 'ए दिल मुझे ऐसी जगह ले चल जहाँ कोई न हो' से इन्हें पहचान मिली। इन्होंने 'जलते हैं जिसके लिए'- सुजाता, 'जाएँ तो जाएँ कहाँ' - टैक्सी ड्राइवर, 'शामें गम की कसम' फुटपाथ, 'तस्वीर बनाता हूँ' - बारादरी, 'इतना ना मुझसे तू प्यार बढ़ा' - छाया, 'तेरी आँख के आँसू पी जाऊँ' - जहाँआरा, 'मेरी याद में तुम ना आँसू बहाना' - मदहोश, 'ज़िंदगी देने वाले सुन' - दिल ए नादान आदि अनेक मधुर व सुरीले गाने गाये है। हेमंत कुमार को गंभीर रुहानी मखमली साफ मीठी व दिल को छूने वाली सुकून भरी आवाज के लिए जाना जाता है । उनकी गायकी को भगवान की आवाज भी कहा जाता है। उन्होंने दर्द भरे शांत व गहरे रोमांटिक गाने गाये हैं जिन पर रवीन्द्र संगीत का प्रभाव है। आनंद मठ मूवी के अमर गीत 'वंदे मातरम्' से पहचान मिली । ये कालातीत फिल्म नागिन 1954 के संगीत निर्देशक थे । इसके गाने 'तेरे द्वार खड़ा एक जोगी' से व्यापक लोकप्रियता मिली। इनके गाये उल्लेखनीय गाने से है - 'जाग दर्देइश्क जाग' - अनारकली, 'ये रात ये चाँदनी फिर कहाँ' - जाल, 'तेरी दुनिया में जीने से' - घर नंबर 44, न ये चाँद होगा' - शर्त 'है अपना दिल तो आवारा' - सोलहवाँ साल, 'इंसाफ की डगर पे' - गंगा जमना, 'जाने वो कैसे लोग थे जिनको' - प्यासा, 'न तुम हमें जानो'- बात एक रात की, 'जरा नजरों से कहदो जी' - बीस साल बाद, 'याद किया दिल ने कहाँ हो तुम' - अमर दीप, 'ये नैन डरे डरे' - कोहरा, 'तुम्हारा इंतजार है' - खामोशी आदि। **(क्रमशः)**

गंगानगर स्थापना दिवस : वर्ष 1994 की स्मारिका की जुबानी

गतांक से आगे

व्याख्याता डॉ. श्रीधर शर्मा ने 'श्रीगंगानगर के हृदय स्थल : गोल बाजार-यादों के झरोखों में' गंगानगर शहर के विख्यात स्थल गोल बाजार में आज से 50 वर्ष पूर्व के अग्निकाण्ड' की याद कर उस काल की परिस्थिति व स्थानों का जिक्र



किया है, जिसने गोल बाजार का भूगोल व इतिहास बदलकर रख दिया। तत्कालीन जिला सूचना अधिकारी (पीआरओ) फरीदखान ने अपनी रचना 'गंगानगर क्षेत्र के महत्त्वपूर्ण स्थल' में चर्चा करते हुए उनके इतिहास व महत्त्व की चर्चा की है। कृषि प्रधान जिले गंगानगर में कृषि अनुसंधान के माध्यम से इस क्षेत्र को आगे बढ़ाने के प्रयास की डॉ. रामदेव, सहनिदेशक अनुसंधान, कृषि अनुसंधान केन्द्र, श्रीगंगानगर ने



स्वामी केशवानंद जी

अपने लेख 'गंगानगर जिले में कृषि अनुसंधान' की जानकारी देते हुए इस केन्द्र की भूमिका पर प्रकाश डाला है।

इस क्षेत्र के पत्रकार व साहित्यकार करणीदान सिंह राजपूत ने 'मायड़ भाषा का सपूत कवि चन्द्र सिंह बिरकाली' का परिचय देते हुए उनकी रचनाओं पर प्रकाश डाला है। स्मारिका और तत्कालीन 'उर्कूमेले' का आयोजन करवाने वाले तत्कालीन संयुक्त निदेशक, उद्योग विभाग, राजस्थान सरकार अर्जुन मेघवाल (फिर आईएएस बने और अब केन्द्र सरकार में विधि राज्य मंत्री है) ने अपने लेख 'औद्योगिक विकास और गंगानगर' में इस क्षेत्र में



कर्नल अवतार सिंह चीमा

स्थापित उद्योगों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। सरकारी सूचना विभाग में कार्य करने का अनुभव रखने वाले जाने-पहचाने मुरलीधर व्यास ने प्रदेश की सबसे बड़ी सूरतगढ़ तापीय विद्युत परियोजना पर आधारभूत जानकारी देते हुए क्षेत्र में ऊर्जा के महत्त्व के बारे जानकारी दी। एडवोकेट मदन कोचर ने अपने लेख में गंगानगर के विकास में योगदान देने वाले प्रमुख व्यक्तियों को उनके महत्त्वपूर्ण योगदान से संक्षिप्त में परिचय दिया,



डॉ. श्रीधर शर्मा
मो. 94140-89289



जगजीत सिंह

जिनमें शिक्षा क्षेत्र के अग्रणी स्वामी केशवानन्द, गौरीशंकर बिहाणी, सेठ गिरधारी लाल बिहाणी, बल्लूराम गोदारा, मालूराम भाम्भू जैसे नाम शामिल हैं। एवरेस्ट विजेता कर्नल अवतार सिंह, गजल गायक जगजीत सिंह तथा प्रमुख खिलाड़ी परमजीत सिंह, बलतेज सिंह, अशोक असोपा, कमलजीत कौर सन्धु शामिल है। संत फतेह सिंह व चनन सिंह भी अंकित हैं। जननेता केदारनाथ शर्मा, राधेश्याम, महादेव गुप्ता, रामेश्वरदत्त शर्मा व स्वतन्त्रता सैनानी, कर्मचारी नेता समाज सुधारक, क्षेत्र में पत्रकारिता के संस्थापक पं. कमलनयन शर्मा भी शामिल है। इस क्षेत्र के प्रमुख व्यापारी व उद्योगपति में हंसराज लोहिया, गोपीराम गोयल, जगदीश राय लीला, सेठ घनश्यामदास कसेरा, नोहर के गौरीशंकर बिहानी, सेठ धरमचंद अरोड़ा आदि को भी स्मारिका में उल्लेखित किया गया है।

स्मारिका में प्रकाशित नगर के प्रमुख स्थलों के चित्र

इस स्मारिका में गंगानगर के मुख्य चौक चौराहों के चित्र भी प्रकाशित हुए हैं, जिनमें श्रीगंगासिंह स्टेच्यू (जिसकी स्थापना भारत के तत्कालीन उप राष्ट्रपति श्री जी. एस. पाठक ने की थी।), महात्मा गांधी सर्किल गोलबाजार, जिसकी स्थापना श्री राजीव गाँधी द्वारा की गई।, अम्बेडकर सर्किल की जगह पूर्व में पानी की डिग्गी थी, फिर यह स्मारक बना जिसके उद्घाटन के लिए एक केन्द्रीय मंत्री आये थे। इसके अलावा गंगनहर, नवनिर्मित चिकित्सालय, नया बस स्टेण्ड, जिला कलक्टर द्वार, नगर परिषद भवन, भारत पाक युद्ध में विजित टेंक, अमर शहीद भगत सिंह सर्किल, अमर शहीद ताराचन्द वाटिका, अमर शहीद कर्नल अवतार सिंह चहल सर्किल, सुखाड़िया सर्किल, अमर शहीद बीरबल सर्किल के भी चित्र प्रकाशित हुए हैं। गंगानगर की धर्मार्थ संस्था श्री जगदम्बा अंध विद्यालय के चित्र को भी इस स्मारिका में शमिल किया गया है।

मैगजीन प्रकाशन का खर्च निकालने के लिए इसमें 16 पेज के विज्ञापन भी शामिल हैं, जिसमें अंतिम कवर पेज पर अल्प बचत का सरकारी विज्ञापन व भीतर के कवर पेज पर प्रमुख औद्योगिक संस्थान जेसीटी लिमिटेड मिल का विज्ञापन छपा है। गंगानगर का इतिहास जानने के लिए यह स्मारिका काफी महत्त्वपूर्ण है। वैसे गंगानगर पर कुछ पुस्तकें भी समय-समय पर प्रकाशित हुई जिनमें अच्छी जानकारी है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण और प्रमाणित पुस्तक 'गंगानगर का गजट' जो कई दशकों पूर्व राजस्थान सरकार द्वारा प्रकाशित हुआ और इसमें इस क्षेत्र के सबसे पराने समाचार पत्र सीमा सन्देश का नाम भी दर्ज है। गंगानगर को जानने का एक और साधन है - 1951 से निरंतरता से प्रकाशित समाचार पत्र 'सीमा सन्देश' की फाईलें। इन्हीं फाईलों की सूचनाओं के आधार पर डॉ. श्रीधर शर्मा द्वारा सम्पादित पुस्तक 'सीमा सन्देश के आईने में गंगानगर' (287 पेज) का प्रकाशन 2012 में किया गया (मूल्य मात्र 200 रूपये), में सन 2015 वर्ष तक के समाचार-सूचनाओं को समाहित किया है। इस रूप में यह गंगानगर का एनसाईक्लोपीडिया कहा जा सकता है। **(समाप्त।)**

महिलाएं को कम मिलते हैं स्वस्थ जीवन के साल

अध्ययन में खुलासा

महिलाएं पुरुषों की तुलना में औसतन अधिक समय तक जीवित रहती हैं, लेकिन जीवन के अंतिम पड़ाव में उन्हें बेहतर स्वास्थ्य, आर्थिक सुरक्षा और संतोषपूर्ण जीवन के अवसर कम मिलते हैं। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पॉपुलेशन साइंसेज, वियना विश्वविद्यालय और प्रिंसटन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं की संयुक्त स्टडी में यह तथ्य सामने आया है। अध्ययन के अनुसार, 60 वर्ष की आयु के बाद भारतीय महिलाओं की औसत शेष जीवन प्रत्याशा 19 वर्ष है, जबकि पुरुषों के लिए यह अवधि 17.5 वर्ष है। हालांकि, महिलाओं को इस अतिरिक्त जीवन अवधि में औसतन केवल 5.7 वर्ष ही स्वस्थ और गुणवत्तापूर्ण जीवन के मिलते हैं, जबकि पुरुषों के लिए यह अवधि 8.2 वर्ष है। डॉ. अनिता गौतम के अनुसार, महिलाओं और पुरुषों की शारीरिक एवं मानसिक संरचना में अंतर इसका एक कारण है। पुरुषों में हाई रिस्क व्यवहार, तेज वाहन चलाना, साहसिक गतिविधियों में भागीदारी और नशे की प्रवृत्ति अधिक पाई जाती है। दूसरी ओर, पुरुषों पर आर्थिक जिम्मेदारियों और पारिवारिक दबाव के कारण तनाव भी अधिक रहता है।

राज्यों में बड़ा अंतर : अध्ययन में 60 वर्ष के बाद महिलाओं को मिलने वाले गुणवत्तापूर्ण जीवन के वर्षों में राज्यों के बीच बड़ा अंतर सामने आया है। पंजाब इस मामले में देश में पहले स्थान पर है, जहां महिलाओं को औसतन 9.9 वर्ष अच्छे जीवन के मिलते हैं। इसके बाद कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, केरल और जम्मू-कश्मीर प्रमुख स्थानों पर हैं। दक्षिण भारत में केरल में महिलाओं को 8.15 वर्ष, कर्नाटक में 7.79 वर्ष और तमिलनाडु में 7.76 वर्ष गुणवत्तापूर्ण जीवन मिलता है। वहीं पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र की स्थिति चिंताजनक है। पश्चिम बंगाल में 60 वर्ष के बाद महिलाओं के शेष जीवन का केवल करीब 19 प्रतिशत हिस्सा ही अच्छा दर्ज किया गया, जबकि महाराष्ट्र में यह अनुपात करीब 21 प्रतिशत रहा।

ग्रामीण महिलाओं की स्थिति भी चुनौतीपूर्ण : ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं को 60 वर्ष के बाद औसतन 4.6 वर्ष अच्छे जीवन के मिलते हैं। ग्रामीण केरल में यह अवधि 10.1 वर्ष है, जबकि महाराष्ट्र में केवल 2.7 वर्ष। विशेषज्ञों के अनुसार, स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता, आर्थिक स्थिति और सामाजिक वातावरण जीवन की गुणवत्ता को सीधे प्रभावित करते हैं। डॉ. गौतम का कहना है कि अधिक उम्र तक जीने के बावजूद महिलाएं पुरुषों की तुलना में कम स्वतंत्रता और अधिक सामाजिक जिम्मेदारियों के कारण जीवन का आनंद कम ले पाती हैं। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, आर्थिक आत्मनिर्भरता और समान अवसर महिलाओं के जीवन की गुणवत्ता सुधारने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

हिंदू धर्म के चिंतन, सनातन मूल्यों और भारतीय ज्ञान परंपरा का महाअनुष्ठान है सम्मेलन : स्वामी रामदेव

पतंजलि विवि में सजेगा सनातन संस्कृति, भारतीय ज्ञान परंपरा का महाकुंभ

सीमा सन्देश # हरिद्वार।

भारतीय ज्ञान परंपरा, सनातन मूल्यों और हिंदू दर्शन की वैश्विक प्रासंगिकता को नई दिशा देने के उद्देश्य से 29 से 31 अक्टूबर तक पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार में अखिल भारतीय प्राच्यविद्या सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। योगगुरु स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने मंगलवार को पतंजलि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा की। स्वामी रामदेव ने कहा कि अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन केवल एक अकादमिक सम्मेलन नहीं, बल्कि सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति और प्राच्य ज्ञान परंपरा के चिंतन, संरक्षण एवं प्रसार का एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है। भारतीय दर्शन की समत्वबुद्धि, धर्म, कर्तव्य और मानव कल्याण की अवधारणाएं सार्वकालिक हैं। भारतीय संस्कृति की निरंतरता और व्यापकता को समझने के लिए प्राच्यविद्या का गंभीर अध्ययन आवश्यक है। ऐसे सम्मेलन भारतीय ज्ञान-



विरासत को समकालीन संदर्भों में समझने और उसे नई पीढ़ी तक पहुंचाने का अवसर प्रदान करते हैं। स्वामी रामदेव ने 30 अक्टूबर को प्रस्तावित सनातन शास्त्र विमर्श को सम्मेलन का महत्वपूर्ण आयाम बताया। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और शिक्षाविदों के बीच संवाद का महत्वपूर्ण मंच बनेगा। इसमें भविष्य की शिक्षा, संस्कृत भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन तथा भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक शिक्षा व्यवस्था से जोड़ने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

संस्थाओं के समन्वय से मजबूत होगी सांस्कृतिक चेतना : आदि शंकराचार्य की दृष्टि का उल्लेख करते हुए स्वामी रामदेव ने धार्मिक और सांस्कृतिक संस्थाओं के बीच सहयोग एवं समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी में सनातन मूल्यों, भारतीय संस्कृति और हिंदू दर्शन के प्रति सम्मान, गौरव तथा आत्मबोध विकसित करना समय की आवश्यकता है।

भारतीय ज्ञान-विरासत को व्यापक शैक्षिक विमर्श से जोड़ने के लिए विभिन्न संस्थाओं की साझा पहल महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। स्वामी रामदेव ने सभी संबंधित विभागों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण तत्परता, गुणवत्ता, अनुशासन और आपसी समन्वय के साथ करने का आह्वान किया। बैठक में पतंजलि विवि के कुलपति आचार्य बालकृष्ण, प्रति कुलपति साध्वी देवप्रिया, डॉ. वेदप्रिया, क्रय समिति की अध्यक्षा बहन अंशुल, संप्रेषण विभाग प्रमुख बहन पारुल, संकायाध्यक्ष मयंक अग्रवाल सहित सम्मेलन के समन्वयक, शिक्षकगण तथा आईटी, प्रशासन, सुरक्षा, लेखा एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

आयोजन के यह होंगे प्रमुख आकर्षण

प्राच्यविद्या सम्मेलन के प्रमुख आकर्षण में विशाल पुस्तक मेले होगा। इसमें वेद, उपनिषद, भारतीय दर्शन, संस्कृत साहित्य, योग, आयुर्वेद और भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ी पुस्तकों एवं शोध प्रकाशनों का प्रदर्शन होगा। उत्तराखंड की लोककला, पारंपरिक जीवनशैली, हस्तशिल्प और सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिलेगी। पारंपरिक शास्त्रों, भारतीय दर्शन और शास्त्रीय ज्ञान के विविध आयामों पर विद्वानों के बीच गंभीर विमर्श होगा। 30 अक्टूबर को शिक्षा के भविष्य, संस्कृत भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन तथा भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने जैसे विषयों पर संवाद होगा। नई पीढ़ी, शिक्षा के भविष्य और भारतीय ज्ञान-विज्ञान की समकालीन प्रासंगिकता पर विचार-विमर्श होगा। संस्कृत और भारतीय काव्य परंपरा की रचनात्मक अभिव्यक्तियों को मंच मिलेगा। सांस्कृतिक विविधता और समृद्ध कलात्मक विरासत की झलक प्रस्तुत की जाएगी। पारंपरिक भारतीय चिकित्सा ज्ञान, आधुनिक शोध और समकालीन स्वास्थ्य व्यवस्था के बीच समन्वय की संभावनाओं पर चर्चा होगी। प्राच्यविद्या, इतिहास, पुरातत्त्व, भाषा-विज्ञान, पांडुलिपि अध्ययन और भारतीय ज्ञान प्रणाली के विविध आयामों पर शोधपत्र प्रस्तुत किए जाएंगे।

खाजूवाला: हर्षोल्लास के साथ मनाई गई श्री अजमीढ़जी जयंती



सीमा सन्देश# खाजूवाला

दंतौर रोड स्थित स्वर्णकार पैलेस (सोनी धर्मशाला) में रविवार को अजमीढ़जी जयंती, स्नेह मिलन समारोह एवं वरिष्ठ जन सम्मान समारोह का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। समारोह में वरिष्ठ जन सम्मान कार्यक्रम के माध्यम से समाज के बुजुर्गों के प्रति आदर, सम्मान और कृतज्ञता की भावना को भी महत्व दिया गया। वरिष्ठ जन समाज की अमूल्य धरोहर हैं, जिनके अनुभव, मार्गदर्शन और संस्कार आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम के आयोजन में कमेटी के सदस्य रविन्द्र कुमार कड़ेल, संजय कुकरा, कौशल रोडा, संदीप कड़ेल, कृष्ण कड़ेल एवं जितेन्द्र कड़ेल ने सहयोग किया। आयोजन का उद्देश्य समाज में एकता, भाईचारे और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करना रहा। कमेटी की ओर से समारोह में शामिल होने वाले महावीर प्रसाद, सुरेश, शिशपाल, पतराम, ओमप्रकाश, मनीष, हेमन्त प्रेम कुमार गोपालराम, मांगीलाल, फूलचंद, सन्दीप, आकाशदीप, गज्जू,मदनलाल, साहबराम, पिंकू, मोहित, नरेन्द्र आर्य, प्रसांत एंव सभी समाजबंधुओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

सादुलशहर: मोबाइल वैन के माध्यम से दी जानकारी



सीमा सन्देश# सादुलशहर

राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर व राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संचालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीगंगानगर के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति सादुलशहर में न्यायिक मजिस्ट्रेट भूमिका पारीक व बार संघ अध्यक्ष सुभाष पटीर द्वारा संयुक्त रूप से विधिक साक्षरता, नालसा व रालसा की योजनाओं व लोक अदालत संबंधित प्रचार-प्रसार हेतु हरी झंडी देकर मोबाइल वैन को रवाना किया गया। जिसके माध्यम से ग्राम पंचायत गद्दरखेड़ा क्षेत्र व सादुलशहर शहरी क्षेत्र में प्रचार-प्रसार किया। पूर्व अध्यक्ष थावर दास सेठी, रविन्द्र मोदी, हरपाल सिंह, राधेश्याम जोशी, कृष्ण जालप, बार संघ सचिव राकेश गुरिया व अन्य अधिवक्तागण उपस्थित थे।

सूरतगढ़ : डब्ल्यूसीडी प्रशिक्षण बैचों का हुआ शुभारंभ



सीमा सन्देश# सूरतगढ़

महिलाओं को कंप्यूटर शिक्षा व तकनीकी कौशल से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से नए बस स्टैंड के पास स्थित विनायक एकेडमी एंड आईटी सॉल्यूशंस में राजस्थान सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत संचालित आरएस-सीआईटी डब्ल्यूसीडी व आरएस-सीएफए डब्ल्यूसीडी प्रशिक्षण बैचों का शुभारंभ हुआ। पार्षद किशन लाल स्वामी व समाजसेवी योगेश स्वामी ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शुरूआत की। पार्षद किशन लाल स्वामी ने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि महिलाओं को आत्मविश्वास, आत्मसम्मान व आत्मनिर्भरता प्रदान करने का सशक्त जरिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षित महिला अपने स्वास्थ्य, अधिकारों और बच्चों के बेहतर भविष्य के प्रति अधिक जागरूक होती है। इससे बाल विवाह व घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों पर रोक लगाने में भी मदद मिलती है। एकेडमी निदेशक किशन जयपाल ने आभार जताया। संस्था की ओर से स्मृति चिह्न भेंट कर अतिथियों का सम्मान किया गया। इस दौरान रमेश स्वामी, राजवीर कौर आदि उपस्थित रहे।

महिला को बताए उनके अधिकार

सीमा सन्देश# पदमपुर। तालुका विधिक सेवा समिति की ओर से गांव 2 ईईए में जागरूकता अभियान के तहत लगाए गए शिवर में महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। अधिवक्ता लक्ष्मी नारायण सेन ने दहेज उत्पीड़न, शारीरिक- मानसिक या भावनात्मक प्रताड़ित करने पर किस तरह न्यायालय की मदद ले इसकी भी जानकारी दी।



आरतिया के चेयरमैन कमल कंदोई का निधन, संस्कार आज

जयपुर। अखिल राज्य ट्रेड एंड इंडस्ट्री एसोसिएशन (आरतिया) के चेयरमैन कमल कंदोई का 27 अक्टूबर को आकस्मिक निधन हो गया है। दिवंगत की पार्थिव देह का अंतिम संस्कार हेतु अंतिम यात्रा 28 अक्टूबर, बुधवार को प्रातः 10 बजे, निवास स्थान 128, वृंदावन विहार, अजमेरा गार्डन, निर्माण नगर, अजमेर रोड, जयपुर से पुरानी चुंगी श्मशान गृह, सोडाला जयपुर के लिए प्रस्थान करेगी। वे आनंद कंदोई, श्याम कंदोई, महेन्द्र कंदोई, सुरेन्द्र कंदोई व राजकुमार कंदोई के भ्राता तथा अंकित कंदोई, अभिषेक कंदोई व चंदन कंदोई के पिता थे। उनका असामयिक निधन आरतिया परिवार एवं व्यापार-उद्योग जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। सीमा सन्देश शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट करता है।



नगरपालिका प्रशासन द्वारा दुकानों पर बांटे गए डस्टबिन, सड़क पर सामान रखने वालों पर होगी सख्ती

दीपावली से पहले यातायात और स्वच्छता को लेकर व्यापारिक संगठनों के साथ हुई बैठक

सीमा सन्देश#पदमपुर



दीपावली पर्व नजदीक आते ही नगर पालिका प्रशासन शहर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था और स्वच्छता पटरी पर लाने के लिए एक्शन मोड में आ गया है। त्योहारी सीजन के दौरान आमजन को जाम से मुक्ति दिलाने और शहर को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर नगर पालिका सभागार में व्यापारिक संगठनों के साथ एक अहम बैठक नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र नारंग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में दो टूक संदेश दिया गया कि एक स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित नगर बनाने के लिए प्रशासन और व्यापारियों का तालमेल बेहद जरूरी है। दीपावली की खरीददारी के लिए बाजारों में उमड़ने वाली भारी भीड़ के मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम शुरू कर दिए हैं। बैठक के दौरान पालिका ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि त्योहारी सीजन में शहर के भीड़भाड़ वाले मुख्य बाजारों में भारी वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक (नो एंट्री) लगाई जाए, ताकि खरीदारी करने आने वाली महिलाओं, बच्चों और आमजन को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

घर-घर बांटे डस्टबिन, ट्रैक्टर-ट्रॉली से उठेगा कचरा: स्वच्छता अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने के लिए पालिका प्रशासन ने अनोखी पहल की है। पालिका अध्यक्ष नारंग ने पालिका की टीम के साथ बाजारों में स्वयं पहुंचकर दुकान-दुकान डस्टबिन वितरित किए। व्यापारियों से अपील की गई कि वे शहर को साफ-सुथरा रखने में सहयोग करें। कचरा संग्रहण के लिए बाजारों में नियमित रूप से ट्रैक्टर-ट्रॉली भेजी जाएगी। व्यापारियों और नागरिकों को सख्त हिदायत दी गई है कि कचरा केवल निर्धारित डस्टबिन में ही डाला जाए, सड़कों या सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों पर नजर रखी जाएगी। साथ ही दुकानदारों को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी दुकानों का सामान सड़क या रास्तों पर न रखें, जिससे आवाजाही बाधित हो। पालिका प्रशासन ने शहरवासियों और व्यापारिक जगत से अपील की है कि दीपावली के इस पावन पर्व पर शहर को स्वच्छ, सुंदर और अतिक्रमण मुक्त रखने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष अंशु बुलंदी करण धमीजा सुरेश मित्तल सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे। ईओ देवेंद्र कौशिक, थाना प्रभारी सुमन जयपाल मौजूद रहे।।

रास्ते में एंबुलेंस का डीजल खत्म, बाईपास पर थमे पहिए, आधे घंटे फंसी रही गर्भवती महिला

सीमा सन्देश # केसरीसिंहपुर



कस्बे के राजकीय चिकित्सालय से रेफर की गई एक गर्भवती महिला को जिला अस्पताल ले जा रही 108 एंबुलेंस का बीच रास्ते में डीजल खत्म हो गया। पदमपुर बाइपास पर गांव 6 ए के पास अचानक एंबुलेंस बंद होने से मरीज के परिजनों में हड़कंप मच गया। करीब आधे घंटे की मशक्कत और दूसरी एंबुलेंस के पहुंचने के बाद महिला को सुरक्षित जिला चिकित्सालय पहुंचाया जा सका।

जानकारी के अनुसार, राजकीय चिकित्सालय में प्रसव के लिए आई महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे श्रीगंगानगर रेफर किया था। सुबह करीब 9:20 बजे 108 एंबुलेंस मरीज को लेकर रवाना हुई, लेकिन गंतव्य तक पहुंचने से पहले ही पदमपुर बाइपास के पास ईंधन खत्म होने के कारण गाड़ी के पहिए थम गए। ?ऐसी विकट स्थिति में एंबुलेंस चालक कुलदीप और ईएमटी पवन कुमार ने तत्परता दिखाई। उन्होंने तुरंत दूसरी 108 एंबुलेंस को कॉल कर मौके पर बुलवाया और प्रसूता को बिना किसी नुकसान के सुरक्षित जिला अस्पताल रवाना करवाया।

पहले भी पेश आ चुकी है परेशानी, विभाग बेपरवाह : एंबुलेंस कर्मियों का आरोप है कि डीजल के अभाव में गाड़ियां रुकने की समस्या पहले भी कई बार सामने आ चुकी है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस पर कोई स्थायी ध्यान नहीं दे रहा है। चालक के अनुसार, गाड़ियों में बजट के अभाव के चलते कभी 500, कभी 1000 तो कभी 1500 रुपये का ही डीजल डलवाया जाता है। उक्त एंबुलेंस में भी बीती रात केवल 1410 रुपये का डीजल डाला गया था, जिससे रात में ही चार फेरे लग चुके थे। चालक दल ने गाड़ी में ईंधन कम होने की सूचना उच्चाधिकारियों को पहले ही दे दी थी, मगर समय रहते इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया।

सूरतगढ़ : दीपावली पर सजेगा अस्थायी पटाखा बाजार



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। नगरपालिका प्रशासन ने दीपावली के अवसर पर लगने वाले अस्थायी पटाखा मार्केट के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। उप कोषाधिकारी कार्यालय के पीछे स्थित नगरपालिका के बड़े ग्राउंड को इसके लिए चिह्नित किया गया है, जहां पालिका द्वारा सफाई और पेयजल समेत अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी। ईओ गणपत राम ने बताया कि दुकानों का आवंटन ह्यपहले आओ, पहले पाओह्ल के आधार पर होगा, जबकि अधिक आवेदन आने पर लॉटरी निकाली जाएगी। बाजार में नियमों की पालना अनिवार्य होगी। आवेदन के लिए 600 रुपये लाइसेंस फीस, 2500 रुपये प्रति दुकान शुल्क, 25 रुपये फॉर्म शुल्क, 500 रुपये का ई-ग्राम चालान और 5000 रुपये की रिफंडेबल डीडी (अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका सूरतगढ़ के नाम) जमा करवानी होगी। दस्तावेजों में आधार कार्ड, 10वीं की अंकतालिका या पैन कार्ड, शपथ पत्र, वोटर आईडी और दो फोटो देना जरूरी है। आवेदन फॉर्म 28 अक्टूबर को सुबह 10 से शाम 6 बजे तक वितरित होंगे तथा भरे हुए फॉर्म 29 व 30 अक्टूबर को सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक जमा होंगे। मंगलवार को एकल खिड़की पर फॉर्म लेते ही लोगों की कतारें लग गईं। यह अस्थायी बाजार 6 से 8 नवंबर तक रात 10 बजे तक संचालित होगा।

श्रीविजयनगर आर्य समाज की नई कार्यकारिणी गठित



सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर। स्थानीय आर्य समाज मंदिर में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन कर विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें श्यामलाल बतराना को अध्यक्ष, राजरानी जुनेजा को उपाध्यक्ष, अनोपाराम को मंत्री तथा देवीदयाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमानगढ़ से पधारे आनंद मोहन शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ करवाकर किया गया। उन्होंने यज्ञ की महिमा, धार्मिक-आध्यात्मिक महत्व और जीवन में होने वाले लाभों की जानकारी दी। सदस्यों ने यज्ञ में आहुतियां देकर सुख-समृद्धि व समाज कल्याण की कामना की। इस दौरान गंगानगर आर्य समाज से रवि चड्ढा, रवि वर्मा, धर्मेंद्र भाटिया, दीपक सेठी, राजेश्वरी देवी, पूर्व अध्यक्ष डॉ. भगवानदास गजरा, हरिचंद बलाना, बनी सिंह यादव और संतरों यादव सहित कई सदस्य मौजूद रहे। अंत में मुख्य संचालिका वेदवती आर्य ने सभी का आभार जताते हुए वैदिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

रावला-घड़साना किसान आंदोलन के शहीदों को दी श्रद्धांजलि, शहीद स्मारक पर हुई सभा

सीमा सन्देश # रावला मंडी। घड़साना-रावला किसान आंदोलन में शहीद हुए किसानों की याद में मगलवार को रावला शहीद स्मारक चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में 27 अक्टूबर 2004 को शहीद हुए मांगीलाल बिश्नोई, काला सिंह, राजकुमार, जेठाराम, हरबंस सिंह, हजूरा सिंह, चन्दुराम सहारण के बलिदान को याद कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। सभा का आयोजन संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर माकपा नेता श्योपत मेघवाल, अनूपगढ़ व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनील गोदारा, प्रधान प्रतिनिधि अशोक जाखड़, सत्य प्रकाश सियाग, राजू जाट, शोभा सिंह ढिल्लों, सुरेंद्र खींचड़, पुष्पेंद्र कुमार, राजेंद्र नायक, रामचंद्र भादू, भैराराम भुकर सहित अनेक गणमान्य नागरिक व किसान उपस्थित रहे। सभा के बाद किसान मजदूर व्यापारी संघर्ष समिति, रावला की ओर से मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में अजमेर जेल समझौते के तहत 58 प्रतिशत प्रथम चरण पानी रिजर्व किया जाए और सिंचाई पानी का स्थायी समाधान करने, वर्ष 2022-23 में पाले से खराब हुई सरसों का 5556 किसानों का 34 हजार रुपए प्रति किसान मुआवजा तुरंत देने, 2022-23 में राजफैड को बेची गई सरसों के 472 किसानों का करोड़ों रुपए का बकाया भुगतान देने, मूंग-ग्वार की खराब हुई फसल का बीमा क्लेम तुरंत जारी करने, टयूबवेल पर 8 घंटे लगातार बिजली उपलब्ध करवाने और बकाया कृषि कनेक्शन जारी करने की मांग शामिल है। वक्ताओं ने कहा कि सरकार तुरंत इन मांगों पर कार्रवाई करे ताकि किसानों में बढ़ रहे आक्रोश को दूर किया जा सके।



आज रस्म उठाला व श्रद्धांजलि पर विशेष

विधि जगत में एक कुशल अधिवक्ता, मार्गदर्शक के रूप में जाने जाते थे वरिष्ठ अधिवक्ता राजन कुक्कड़

श्रीगंगानगर। जिले के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित सिविल अधिवक्ता राजन कुक्कड़ का 24 अक्टूबर को निधन हो गया। 24 सितंबर 1957 को जन्मे श्री कुक्कड़ 69 वर्ष के थे। उनके निधन से श्रीगंगानगर ही नहीं, आसपास के जिलों के विधि जगत में भी गहरा शोक है। मुकेश ऑडिटोरियम श्रीगंगानगर में 28 अक्टूबर को प्रातः 11 से 12 बजे तक श्रद्धांजलि और रस्म उठाला होगा।



जोधपुर से शुरू हुआ सफर: श्री कुक्कड़ ने अपने वकालत जीवन की शुरूआत जोधपुर में सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति श्री एन.एन. माथुर के मार्गदर्शन में की। इसके बाद वे श्रीगंगानगर आए और 1986 से 1988 तक वरिष्ठ सिविल अधिवक्ता श्री केशो राम गर्ग के साथ कार्य किया। वर्ष 1989 में उन्होंने स्वतंत्र प्रैक्टिस शुरू की और अपनी मेहनत, लगन और गहरी विधिक समझ के बल पर जल्द ही जिले के श्रेष्ठ अधिवक्ताओं में गिने जाने लगे।

बार का नेतृत्व: अपने साथी अधिवक्ताओं में उनका सम्मान इतना था कि वर्ष 1995 में वे बार काउंसिल के उपाध्यक्ष चुने गए और वर्ष 2001 में अध्यक्ष बने। इस दौरान उन्होंने अधिवक्ता समुदाय के हितों के लिए सदैव सक्रिय भूमिका निभाई।

विशेषज्ञता के क्षेत्र

श्री कुक्कड़ को निम्नलिखित मामलों में विशेष महारत हासिल थी: ■ किराया नियंत्रण (रेंट कंट्रोल) मामले ■ दीवानी विवाद ■ संपत्ति संबंधी विवाद ■ पारिवारिक न्यायालय के मामले ■ चेक अनादरण (निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स) विवाद ■ प्रतिभूतिकरण (सिक्योरिटाइजेशन) मामले ■ बैंकिंग एवं बीमा कंपनियों (बीमा सार्वजनिक उपक्रमों) के पैनल अधिवक्ता के रूप में कार्य

गुरु के रूप में योगदान: श्री कुक्कड़ ने अपने कार्यालय में अनेक नवोदित अधिवक्ताओं को प्रशिक्षण दिया। उनके मार्गदर्शन में तैयार हुए कई अधिवक्ता आज स्वयं जाने-माने वकील हैं। वे अपने जूनियरों के लिए केवल मार्गदर्शक ही नहीं, अभिभावक समान थे।

विरासत आगे बढ़ेगी: उनके कार्य और विरासत को उनके पुत्र आकाश कुक्कड़ (राजस्थान उच्च न्यायालय में अधिवक्ता) और भतीजे अभिषेक कुक्कड़ (दिल्ली उच्च न्यायालय में अधिवक्ता) श्रीगंगानगर में आगे बढ़ाएंगे। कार्यालय का वर्तमान पैनल इस प्रकार है: आकाश कुक्कड़, अभिषेक कुक्कड़ एवं सुश्री पल्लवी ठकराल, राजेश ग्रेवाल एवं आई.पी. सहारण, तरुण मुंजराल, यशवंत राय गोयल, श्रीमती अमिता कुक्कड़, श्रीमती उर्मिला भट्टर, विनयीप सिंह तथा अभिसार उपवेजा।

श्री कुक्कड़ अपने पीछे धर्मपत्नी श्रीमती मधु कुक्कड़ और भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका कार्यालय 2/14, नागपाल कॉलोनी, श्रीगंगानगर (राजस्थान) - 335001 में स्थित है। विधि जगत ने एक कुशल अधिवक्ता, मार्गदर्शक और सरल व्यक्तित्व को खो दिया है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे।

सरदारशहर : शिक्षकों ने विभिन्न मांगों को लेकर जताया विरोध



सीमा सन्देश # सरदारशहर। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विभिन्न मांगों को लेकर भोजन का बहिष्कार कर विरोध जताया। अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर शिक्षकों ने सरकार से लंबित मांगों पर जल्द निर्णय की अपील की। जिला पदाधिकारियों गौरीशंकर बाना, मूलचंद भाटिया, अमरचंद सांखला और भंवरलाल सारण ने कहा कि डीए और दीपावली बोनस की घोषणा नहीं हुई है। प्रांतीय सदस्य रणवीर सहारण ने पीएल सरेंडर और सेवानिवृत्ति लाभों के समय पर भुगतान न मिलने से आर्थिक परेशानी का जिक्र किया। शिक्षकों ने इसे सांकेतिक विरोध बताते हुए चेतावनी दी कि मांगें न मानी गईं तो चरणबद्ध आंदोलन होगा। इस दौरान रामलाल मूंड, देवीदत्त जोशी, रमेश सारण, ईमीलाल तेतरवाल, दयानंद गिरी, सत्यनारायण पुरोहित, मुखराम सिद्ध, जगदीश नाई, मोहम्मद अनीश, झाबरमल, गजानंद दहिया, मामराज चाहर, सहीराम फूलफकर, अनिल शर्मा, कृष्ण सारण, संतोष सारण, बलराम सारण, रतनलाल, सुरेश खीचड़ और शिवराज चारण सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

न्यूज इन ब्रीफ

16 किलो डोडा पोस्त चूरा बरामद, एक पकड़ा

सीमा सन्देश# सूरतगढ़। सिटी थाना पुलिस ने हाईवे पर पीपेरन गांव के पास स्थित माझे वालेयां दा ढाबा पर कार्रवाई करते हुए 16 किलो 590 ग्राम डोडा पोस्त चूरा बरामद किया है। पुलिस ने ढाबा संचालक अवतार सिंह (67) निवासी झिते कलां, थाना चाटीविंड, जिला अमृतसर को काबू किया है। जानकारी अनुसार उप निरीक्षक विजेंद्र शर्मा के नेतृत्व में हवलदार गुलाब सिंह, दुर्गादत्त, सिपाही चौथमल व रामकिशोर की टीम ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर पीपेरन के पास ढाबे पर पहुंचकर एक कमरे की तलाशी ली तो अवतार सिंह के पास रखे प्लास्टिक कट्टे में डोडा पोस्त चूरा मिला। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने 15-20 दिन पहले एक ट्रक चालक से 18 किलो डोडा पोस्त खरीदना बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच सदर थाना के उप निरीक्षक संपत धायल के सुपुर्द की गई है।

ग्राम हेरोइन सहित महिला गिरफ्तार

सादुलशहर। एसपी हरिशंकर यादव एवं सीओ ग्रामीण भूपेंद्र सोनी के निर्देशन में सादुलशहर पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ एक बडी कार्रवाई करते हुए एक महिला को स्मैक सहित गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, सीआई पृथ्वीपाल सिंह के निकट सुपरविजन में एसआई शंभू दयाल स्वामी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सादुलशहर से करडवाला लिंक रोड रोही चक दो एसडीएस के समीप एक पैदल जा रही महिला पुलिस को देखकर घबराई और छिपने का प्रयास किया। इस पर महिला पुलिस कर्मी की मदद से उसे रोककर पूछताछ की गई तो उसके कब्जे से 15 ग्राम अवैध मादक पदार्थ हेरोइन चिट्टा बरामद हुआ। आरोपी महिला ममता पत्नी गुरप्रताप वार्ड नंबर 18 सादुलशहर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में पुलिस कर्मी गुरचरण सिंह की अहम भूमिका रही। पुलिस टीम में सीआई पृथ्वीपाल सिंह, एसआई शंभू दयाल स्वामी, कांस्टेबल संदीप कुमार, महिला पुलिस कर्मी माया कुमारी, गुरचरण सिंह शामिल थे।

शोक समाचार

सुल्तान राम बशीर की रस्मपगड़ी 2 नवंबर को



नेतेवाला। गांव साहूवाला निवासी हरिराम बशीर के पिता सुल्तान राम बशीर पुत्र स्वर्गीय लिखमाराम बशीर का 22 अक्टूबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में सगे-संबंधी, परिजन, आसपास के गांवों के गणमान्यजन तथा भाजपा और कांग्रेस से जुड़े अनेक जनप्रतिनिधि शामिल हुए। वे हरिराम बशीर, भैराराम, तुलछाराम और दौलतराम बशीर के पिता थे। दिवंगत सुल्तान राम बशीर की आत्मिक शांति के लिए पानी ढाल एवं रस्म पगड़ी का कार्यक्रम 2 नवंबर को निवास स्थान गांव साहूवाला, तहसील एवं जिला श्रीगंगानगर में आयोजित किया जाएगा।

जुगलकिशोर छींपा की रस्मपगड़ी 3 नवंबर को



नेतेवाला। गांव साहूवाला निवासी जुगल किशोर छींपा पुत्र स्वर्गीय मनीराम छींपा का 23 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 अक्टूबर को गांव साहूवाला की कल्याण भूमि में किया गया। अंतिम संस्कार के अवसर पर परिजनों, सगे-संबंधियों तथा आसपास के गांवों के गणमान्य नागरिकों अनेक जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर दिवंगत को श्रद्धांजलि दी। दिवंगत की आत्मिक शांति हेतु पानी ढाल व रस्मपगड़ी कार्यक्रम 3 नवम्बर को निवास स्थान गांव साहूवाला, तहसील व जिला श्रीगंगानगर में होगा। वे साहूवाला निवासी दानाराम छींपा, सुल्तान राम छींपा, पृथ्वीराज छींपा, जगदीश छींपा एवं जय नारायण छींपा के भाई तथा संदीप छींपा के दादा तथा सुरेश छींपा एवं छगनलाल छींपा के पिता थे।

वर्ग पहली क्रमांक 7962



बायें से दायें:- 1) अल्प, 10) बोना *(खेत में)*, 13) एक सागसब्जी, 15) उथलपुथल, 4) अनुचित, जलन, 16) नशेबाज़, 18) 7) सेना का छोटा अधि- शोर, 19) निकट, 20) घमंडी, कारी, 9) रीति-रिवाज, 11) 21) क़ीमती; अमूल्य, 24) काँख, 12) दूल्हा, 14) एक सागसब्ज़ी, 26) साधु - वीर, 16) सतत, 17) न (उत्तरः अगले अंक में) तू न मैं, 18) मुलायम, *पिछली पहेली का उत्तर* 19) पगला, 22) लालिमा, 23) बहुधा, 25) एक अनी- श्वरवादी धार्मिक संप्रदाय, 27) ज़बानदराज़; गुस्ताख़; उच्छृंखल, 28) अद्वितीय.

ऊपर से नीचेः- 1) चकित, 2) रौनक, 3) अल्प, 4) कंगाल, 5) प्रहार, 6) अवशिष्ट, 8) अत्यंत

स	र	ह	द	■	दा	मि	नी	■	ह
पू	■	रा	म	दा	स	■	ला	ग	त
त	मा	म	■	ख़ि	ला	ब	■	■	ब
■	■	खो	खा	ला	■	द	ल	द	ल
के	स	री	■	■	मी	न	■	श्री	■
■	र	■	क	मा	ल	■	ह	न	न
मं	दा	कि	नी	■	बी	र	ता	■	ज़ा
सू	र	■	नि	■	■	म	श	वि	रा
बा	■	आ	का	श	वा	णी	■	धि	■

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता) 28 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ-

1863 : जिनेवा में कॉन्फ्रेंस के तहत इंटरनेशनल रेडक्रॉस कमेटी का गठन हुआ।

1867: स्वामी विवेकानंद की शिष्या भगिनी निवेदिता का आयरलैंड में जन्म।

1886 : अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति ग्रोवर क्लेवलैंड ने फ्रांस की जनता की तरफ से अमेरिका की जनता को तोहफे के तौर पर मिले स्टैच्यू आफ लिबर्टी को राष्ट्र को समर्पित किया।

1891: जापान में विनाशकारी भूकंप से 7300 लोगों की मौत।

1913: जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा की स्थापना हुई।

1929: अमेरिकी शेयर बाजार वॉल स्ट्रीट धराशायी हुआ। बाजार 24% तक गिर गया। इसे अमेरिकी इतिहास की सबसे बड़ी गिरावट कहा जाता है।

1955 : पेप्सिको की अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंद्रा नूयी का जन्म।

1955 : अमेरिका के विश्व प्रसिद्ध कंप्यूटर प्रोग्रामर और उद्यमी बिल गेट्स का जन्म।

1967: अमेरिकी एक्ट्रेस जुलिया रॉबर्ट्स का जन्म। 1990 के दशक में हॉलीवुड की हाईएस्ट-पेड एक्ट्रेस।

1971: ग्रेट ब्रिटेन ने प्रोस्परो का प्रक्षेपण किया। यह एक्स-3 उपग्रह श्रृंखला का पहला उपग्रह था। 2004: बीजिंग में 4000 वर्ष पुराने मकबरों का पता चला।

2005: चेकोस्लोवाकिया ने अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एनएनएस) वीरवार कार्तिक बदी चतुर्थी को गेहूं, जौ, जई, ग्वार, ग्वार गम, राजमा चित्रा, मूंग, मोठ, काबुली चना, तुवर, देशी चना, अजवायन, धनिया, हल्दी, इमली, गोला, किशमिश, देशी घी, दूध पाउडर, अमचूर, जायफल, बादामगिरी, लौंग, जावित्री, काजू, पारा, गुड़, बिनौला, सोया, वनस्पति घी, शक्कर, देशी चीनी, कॉपर, पीतल, सोना-चांदी में लाभ तथा ज्वार, लोबिया, मसूर, उड़द, तेल सरसों, लालमिर्च, जीरा, पिस्ता, द्राख, टिन इंगट, निकिल में हानि की संभावना है। **भाग्यांक 3-6-7-8 है। यात्रा विचार-उत्तर दिशा की ओर 10.31 बजे पूर्वा के बाद यात्रा करना लाभप्रद होगा।**

आज का राशिफल

28 अक्टूबर बुधवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

कार्तिक कृष्ण तिथि तृतीया, नक्षत्र-कृतिका, योग-वरीयान, करण-वणिज, दिशाशूल-उत्तर, सूर्योदय 6.25 बजे, सूर्यास्त 6.25

ग्रह स्थिति : सूर्य, बुध, शुक्र - तुला राशि में, मंगल, गुरु - सिंह राशि में, चंद्रमा-मिथुन, राहु-कुंभ, केतु-सिंह, शनि-मीन राशि में संचार कर रहे हैं।

मेष : किसी अहम काम के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी, प्रोफेशनल लाइफ में पूरा फोकस रखें और पैसों से जुड़ा कोई भी रिस्क या लापरवाही बिल्कुल न करें।

वृषभ : किसी पुराने शख्स से मुलाकात हो सकती है, नौकरीपेशा लोग अपने काम से तारीफ पाएंगे और बिजनेस से जुड़े लोग कुछ नया करने का मन बनाएंगे।

मिथुन : अपना टैलेंट दिखाने का पूरा मौका मिलेगा, नौकरी से जुड़ी कोई अच्छी खबर आ सकती है और पैसों के मामले में किसी भी तरह की हड़बड़ी न करें।

कर्क : नौकरी में जिम्मेदारी बढ़ सकती है, गुस्से पर कंट्रोल रखें और बिजनेस से जुड़े मामलों में कोई नई डील फाइनल होने की पूरी संभावना है।

सिंह : काम में आगे बढ़ने के शानदार मौके मिलेंगे, बिजनेस में नए लोगों से संपर्क बढ़ेगा और किसी पुराने इन्वेस्टमेंट से आपको तगड़ा फायदा होगा।

कन्या : कोई पुराना अधूरा काम निपटाने के लिए यह बिल्कुल सही समय है, कलीग्स की मदद मिलेगी और अपने खर्चों के साथ-साथ रूटीन पर भी पूरा ध्यान दें।

तुला : नए लोगों के साथ जान-पहचान और दायरा बढ़ेगा, नौकरी से जुड़ी गुड न्यूज मिल सकती है और पैसों की बचत करने पर विशेष ध्यान दें।

वृश्चिक : नौकरी में कोई छोटी-मोटी दिक्कत आ सकती है इसलिए धैर्य से काम लें, अपने जरूरी कागज संभालकर रखें और फालतू बहस से दूर रहें।

धनु : करियर और नौकरी से जुड़ी कोई बड़ी खुशखबरी मिल सकती है, काम के सिलसिले में यात्रा करनी पड़ सकती है और नया काम सीखने का मौका मिलेगा।

मकर : काम के सिलसिले में जिम्मेदारी बढ़ सकती है, बिजनेस में पुराना अनुभव काम आएगा और आने वाले समय को सुरक्षित रखने के लिए बचत जरूर करें।

कुंभ : खुद पर पूरा भरोसा रखें, नौकरी बदलने का विचार आ सकता है और बिजनेस में किसी नई प्लानिंग पर तेजी से काम शुरू कर सकते हैं।

मीन : किसी पुराने दोस्त से मुलाकात के पूरे योग हैं, नौकरी में नई जिम्मेदारी मिल सकती है और किसी भी बड़े फैसले को लेने से पहले ठंडे दिमाग से सोचें।

सूरतगढ़ के 23 वार्डों में 72 व राजियासर के 15 जोन में 55 प्रत्याशी मैदान में

सूरतगढ़ व राजियासर में नामवापसी प्रक्रिया पूरी

सीमा सन्देश # सूरतगढ़।

पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव में उपखंड की सूरतगढ़ व नवसृजित राजियासर पंचायत समितियों में नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही चुनावी तस्वीर साफ हो गई है। सूरतगढ़ पंचायत समिति के 23 वार्डों में 72 व राजियासर पंचायत समिति के 15 जोन में 55 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। शेष रहे निर्दलीय प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित होने के बाद अब प्रत्याशी जनसंपर्क व प्रचार अभियान और तेज कर दिया है। भाजपा जिलाध्यक्ष स. शरणपाल सिंह मान सहित पूर्व नगर अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, युवा नेता हनुमान मील आदि ने कुछ निर्दलीय प्रत्याशियों को नामांकन पार्टी उम्मीदवार के समर्थन में उठाने में कामयाब रहे। निर्वाचन अधिकारी के अनुसार सूरतगढ़ पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया के दौरान कुल 99 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। जांच के दौरान 11 नामांकन पत्र खारिज हुए, जबकि 8 फार्म मर्ज किए गए। इसके बाद 80 नामांकन विधिमान्य पाए गए थे। सोमवार को नाम वापसी की निर्धारित अवधि समाप्त होने तक 8 प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस ले लिए। इसके



बाद 23 वार्डों में 72 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए। इनमें कांग्रेस व भाजपा के 23-23, बसपा के 8, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के 7 तथा 11 निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं।

राजियासर में 12 प्रत्याशी हटे

नवसृजित राजियासर पंचायत समिति के सदस्य पदों के लिए दाखिल हुए कुल 95 नामांकन पत्रों में जांच के दौरान 18 नामांकन खारिज हो गए। जबकि 10 फार्म मर्ज किए गए। रिटर्निंग अधिकारी व तहसीलदार विनोद कड़वासरा के अनुसार नामांकन पत्रों की जांच के बाद सही पाए गए 67 नामांकन पत्रों में 12 प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस ले लिए। इसके बाद 15 जोन में 55 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए। इनमें कांग्रेस व भाजपा के 15-15, बसपा के 8, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के 7, कम्युनिस्ट पार्टी का एक प्रत्याशी तथा 9 निर्दलीय शामिल हैं।

चुनाव चिह्न आवंटित

दोनों पंचायत समितियों में नाम वापसी के बाद चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए गए हैं। इसके साथ ही प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार की तैयारियां तेज कर दी हैं। आगामी दिनों में घर-घर जनसंपर्क, मतदाता बैठकों व अन्य प्रचार गतिविधियों में तेजी आ गई है। दोनों पंचायत समितियों में विभिन्न राजनीतिक दलों व निर्दलीय प्रत्याशियों के बीच होने वाला मुकाबला अब चुनाव प्रचार के साथ जोर पकड़ने लगेगा।

मंत्रालयिक संघ ने किया रक्तदान



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

गंगानगर स्थापना दिवस कार्यक्रमों की कड़ी में सोमवार को श्रीगंगानगर मंत्रालयिक संघ की जिला शाखा की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव के आतिथ्य में आयोजित शिविर में अधिकारियों और कार्मिकों द्वारा उत्साहपूर्वक रक्तदान किया गया। जिला कलक्टर द्वारा आयोजन के लिये शाखा पदाधिकारियों की सराहना करते हुए गंगानगर के संस्थापक महाराजा गंगासिंह का स्मरण किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र श्रीगंगानगर के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी परमजीत सिंह, निर्मल सैनी, राजेश महेन्द्रा, निखिल बिश्नोई, अंकुर सक्सेना सहित अन्य मौजूद रहे।

जिले की 12 गाइड राष्ट्रपति पुरस्कार जांच शिविर के लिए हुई चयनित



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड की 12 गाइड का चयन राष्ट्रपति गाइड पुरस्कार के लिए राज्य स्तरीय शिविर हेतु किया गया है। सीओ गाइड मोनिका यादव ने बताया 28 अक्टूबर तक जयपुर में आयोजित इस शिविर के लिए जिले से 12 गाइड राशि शर्मा, तेजस्वी शेखावत, गिरीशा शर्मा, नीतू लावा, कोमल सिरसिया, पूजा,वंशिका, हरगुरवीन कौर, कोमल, खुशप्रीत, सुनीता एवं दिव्या गाइड कैप्टन रजनी के नेतृत्व में शामिल हुई हैं। शिविर में गाइड से राष्ट्रपति अवॉर्ड के विभिन्न विषयों, जिनमें प्रमुखतः पायनियरिंग, कैंप क्राफ्ट, प्राथमिक चिकित्सा, स्काउटिंग का इतिहास, प्रतिज्ञा, नियम, प्रार्थना, नक्शा देखना, गांठें आदि के परीक्षण के साथ फाइलों की जांच की जा रही है। इस शिविर के बाद राष्ट्रीय स्तरीय शिविर एवं सीबीटी परीक्षा में सफल होने वाली गाइड का चयन राष्ट्रपति अवॉर्ड के लिए होगा।

गीतांजली हॉस्पिटल में फ्री फ्लैप तकनीक से चेहरे और जबड़े के जटिल कैंसर पुनर्निर्माण में सफलता

सीमा सन्देश # जयपुर।

गीतांजली हॉस्पिटल, भांकरोटा, जयपुर ने सिर और गर्दन के कैंसर के इलाज में एक और उपलब्धि हासिल करते हुए आधुनिक फ्री फ्लैप तकनीक की मदद से चेहरे और जबड़े के पुनर्निर्माण की 10 से अधिक जटिल सफल सर्जरी कर ली हैं। हाल ही में डॉ. प्रथम बत्रा (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) के नेतृत्व में ऊपरी जबड़े, निचले जबड़े और गाल के अंदरूनी हिस्से के कैंसर की तीन और जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की गईं, जिनमें लगभग 6 से 8 घंटे का समय लगा। इस उन्नत तकनीक के तहत शरीर के किसी अन्य हिस्से से ऊतक या हड्डी को निकालकर



प्रभावित जगह पर प्रत्यारोपित किया जाता है और बारीक रक्त वाहिकाओं को जोड़कर रक्त संचार बहाल किया जाता है। इससे न केवल चेहरे की संरचना दोबारा बनती है, बल्कि मरीजों की बोलने, निगलने और खाने की क्षमता भी बेहतर होती है। इस पूरी प्रक्रिया में प्लास्टिक सर्जरी टीम के साथ-साथ डॉ. गीतांजलि, डॉ. सपना, डॉ. रुचिका, डॉ. आयुषी और ओटी स्टाफ का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। अस्पताल का ऑन्कोलॉजी विभाग मेडिकल, रेडिएशन और सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के समन्वय से मरीजों को समग्र उपचार और बेहतर जीवन गुणवत्ता प्रदान कर रहा है।

दादूद्वारा हनुमान मंदिर में कथा सम्पन्न

सीमा संदेश # सरदारशहर। शरद पूर्णिमा पर ताल मैदान स्थित दादूद्वारा हनुमान मंदिर में चल रही हनुमान कथा का समापन रविवार को हुआ। अंतिम दिन रतनगढ़ के महामंडलेश्वर कृष्णानंद महाराज ने हनुमानजी महाराज के दिव्य चरित्र, रामभक्ति, सेवाभाव, विनम्रता और भक्तों पर उनकी असीम कृपा का वर्णन किया। उन्होंने कभी अपनी शक्ति का अभिमान नहीं किया। उनका चरित्र हमें सिखाता है कि वास्तविक महानता पद, प्रतिष्ठा अथवा शक्ति में नहीं, बल्कि विनम्रता, सेवा, निष्ठा और परोपकार में निहित है। इस मौके पर महंत नरेन्द्र स्वामी, शंकर सोनी, अभिषेक पारीक, लाल बहादुर सेवदा, श्रीपाल एवं जगदीश जांगिड़ सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : सरसों 8726-7500 (आ. 674 क्विं.), मूंग 8300-6900 (आ. 1558 क्विं.), ग्वार 7815-7000 (आ. 263 क्विं.), नरमा 8861-8500 (आ. 3325 क्विं.), गेहूं 2825-2800 (आ. 47 क्विं.), कपास 8881-8400 (आ. 25 क्विं.), बाजरा 2631-2445 (आ. 235 क्विं.), चना 6975 (आ. 10 क्विं.), **गजसिंहपुर :** ग्वार 7495-7200, सरसों 8697-7999, मूंग 8500-7150, बाजरा 2585, नरमा 8900-7500, कपास 8501, **श्रीविजयनगर :** मूंग 8337-7650, नरमा 8858-8791, ग्वार 7612-7450, सरसों 8016, धान 4617-4161, बाजरी 2700, गेहूं 2750, पीली सरसों 7301, कपास 8395-8365, **अनूपगढ़ :** नरमा 9000-8751, मूंग 8700-7500, ग्वार 7721-5000, गेहूं 2996-2925, धान 4400-3751, सरसों 8479-7500, बाजरा 2725-2606, जौ 2651, कपास 8630, **सबमंडी यार्ड रीको :** गेहूं 2880-2100, सरसों 8955-5500, पीली सरसों 9000-6200, ग्वार 7815-6500, मूंग 8350-5000, नरमा 8851-8000, बाजरी 2650-2000, **करणपुर :** नरमा 9165-9000, ग्वार 7701, मूंग 8188-8000, सरसों 8535, **रायसिंहनगर :** सरसों 8586-7951, चना 7111-6825, गेहूं 2949-2751, नरमा 8831-8500, कपास 8540-8120, ग्वार 7640-7400, बाजरी 2646, **जैतसर :** सरसों 8235-8000, मूंग 8540-8101, ग्वार 7735-7400, नरमा 9000-8540, धान 4586-3500, **घड़साना :** मूंग 8685-7450, नरमा 8930-8795, सरसों 8540-7946, ग्वार 7500-7285, अरण्डी 7740,

किरयाना

धनिया 17000-20000, हल्दी 22000-24000, जीरा 28000-30000, अजवाइन 20000-21000, सौंफ 12500-22000, मेथी 8500, खोपरा 1950, गट गोला 415 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 2900-3000, मिर्च एमपी 19000-23000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 25000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1480, आटा (45 किग्रा.) 1440, सूजी 1600, बेसन 9100-9200, चावल टुकड़ी 3500-4200, चावल डबल छनाई 4200-4500, चावल सेला 3800, चावल बासमती 6000-10000

दाल-दलहन

मूंग धूली 10500, मूंग छिल्का 10000, उड़द धुली 12500-13000, उड़द साबुत 11400-12000, अरहर दाल 12000-13000, दाल मसूर 7800, दाल चना 8800, देशी चना 8200, सिंगल डालर चना 9000-9200, डबल डालर चना 10000-10300, काला चना 8500-9000.

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5600, गुड़ पेड़ी 5400, गुड़ शिवलिंग 6300, गुड़ बर्फी 6000, चीनी महाराष्ट्र 5500-5600, चीनी एल 5850-5900।, चीनी एस 5600, चीनी गंगानगर 5700।

तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 155-170 रु., तेल रिफाइंड 148-160 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 10300-11000 रु. (15 कि.ग्रा. टिन), 580-650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 10500 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 590 रु., पंजाब किंग : 11000रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 590 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 690 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 690 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**

हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं.: नरमा व्यापारी 9000, बाजरा 2551, ग्वार 7725, मूंग व्यापारी 7895, धान पीआर व्यापारी 2381, धान मुछल 4440, धान 1509-3900, **डबली राठान :** नरमा व्यापारी 8445, बाजरा 2525, ग्वार 7900, धान पीआर व्यापारी 2962, **हनुमानगढ़ टा.:** कपास 8600, नरमा व्यापारी 8970, बाजरा 2542, ग्वार 7649, मूंग व्यापारी 7900, धान पीआर व्यापारी 2486, धान मुछल 4700, धान 1509-3961, **रावतसर:** कपास 8400, नरमा व्यापारी 8936, गेहूं व्यापारी 2920, जौ 2901, बाजरा 2542, ग्वार 7640, मूंग व्यापारी 7931, मोठ 8551, सरसों व्यापारी 8437, तिल 18300, अरण्डी 8021, मूंगफली व्यापारी 7321, **नोहर :** ग्वार 7799, चना व्यापारी 7180, मूंग व्यापारी 8001, मोठ 8530, सरसों व्यापारी 8380, तिल 18500, अरण्डी 7800, मूंगफली व्यापारी 7750, **भादरा :** नरमा व्यापारी 8680, गेहूं व्यापारी 2950, ग्वार 7438, चना व्यापारी 6813, मूंग व्यापारी 7850, सरसों व्यापारी 9053, **संगरिया :** नरमा व्यापारी 8945, गेहूं व्यापारी 2842, बाजरा 2511, ग्वार 7550, चना व्यापारी 7200, मूंग व्यापारी 7600, सरसों व्यापारी 8384, मक्का 2500, **गोलूवाला :** कपास 8400, नरमा व्यापारी 8871, गेहूं व्यापारी 2751, जौ 2450, बाजरा 2585, ग्वार 7851, चना व्यापारी 6500, मूंग व्यापारी 8000, सरसों व्यापारी 8168, तिल 13402, **पीलीबंगा :** नरमा व्यापारी 8910, ग्वार 7650, मूंग व्यापारी 7600, सरसों व्यापारी 8194, धानपीआर व्यापारी 2250, धान 1509-3800, **टिब्बी:** धान पीआर व्यापारी 2100, धान 1509-3900

गंगनहर का वरीयताक्रम

28 अक्टूबर 2026, बुधवार [सम्भावित]



पेयजल व छीजत 250		खुलने का समय	बंद होने का समय
जीजी	451 (7)	22 अक्टूबर प्रातः 3 बजे	29 अक्टूबर सायं 6 बजे
हिरणांवाली	473 (7)	22 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	29 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
नेतेवाला	494 (7)	22 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	29 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
एमएल	554 (6)	23 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	30 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
एमएलए	595 (6)	23 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	30 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
करणीजी	925 (5)	24 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	01 नवम्बर प्रातः 6 बजे
एफ	1428 (3)	26 अक्टूबर रात्रि 12 बजे	03 नवम्बर सायं 6 बजे
केके	1441 (2)	27 अक्टूबर प्रातः 9 बजे	03 नवम्बर सायं 6 बजे
एलएनपी	1718		
ईईए	1778		
बीबी	1976		
एमके	2074		
एच	2381		
वाई	2412		
जैड	2567		
डी-भागसर	2585		
बीआईएफ+जे	2626		
फार्म	2687		26 अक्टूबर रात्रि 12 बजे
रिडमलसर	2698		26 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
एचएच	2733		26 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
आरबी	3003		26 अक्टूबर सायं 3 बजे
समेजा	3205		24 अक्टूबर दोपहर 12 बजे
पीएस	3365		22 अक्टूबर रात्रि 9 बजे

नोट : गंगनहर में मंगलवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1628 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	7090	साहवा	300
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	2550
एनडी	निल	कंवरसैन	540
रावतसर	55	बिरधवाल हैड से नीचे	2909
सूरतगढ़	निल		
जोरावरपुरा	निल		
खेतेवाली	निल		

मंगलवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 27.10.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1632.70
पानी की आवक - 9037 क्यूसेक, निकासी- 8400 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 1359.72
पानी की आवक- 3064 क्यू., निकासी- 9003 क्यू., बीकानेर - 2169

सार्दुल ब्रांच 785, करणीसिंह ब्रांच- 415, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

28 अक्टूबर से 05 नवम्बर तक रहेगा प्रभावी

रतनपुरा	42	नवां-सतीपुरा	987
नाथवाना	73	मोरजण्डा	1200
प्रतापपुरा	248	नगराना	1208
हरिपुरा	261	लीलांवाली	1448
दीनगढ़	274	भाखरांवाली	1453
सूरतपुरा	283	करनीसिंह	1783
मोडिया	508	मम्मड़खेड़ा	1978
पीलीबंगा	653	जोड़कियां	2058
लोंगवाला	868	सूरतगढ़	2178
अमरपुरा	963	भगतपुरा	2216
रोड़ांवाली	976	संगरिया	2222

चौतरफा लिवाली के बीच वित्तीय कंपनियों के शेयर लुढ़के

मुंबई (वार्ता) घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लिवाली को जोर रहा हालांकि बैंकिंग सेक्टर के दबाव में प्रमुख सूचकांक मामूली गिरावट में बंद हुए। सेंसेक्स 8.08 अंक टूटकर 73,598.67 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 3.45 अंक नीचे 22,749.75 रहा। बैंकिंग, वित्त और आईटी सेक्टरों में बिकवाली हावी रही। ऑटो, फार्मा, एफएमसीजी, मीडिया, धातु, रियल्टी, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों के सूचकांक हरे निशान में रहे। वृहत बाजार में सभी सूचकांक ऊपर रहे।

एनएसई में जिन 3,665 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,455 के शेयरों में तेजी और 1,103 में गिरावट रही। अन्य 107 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयरों में तेजी रही। भारती एयरटेल, ट्रेंट और मारुति सुजुकी बढ़त में रहे। पावरग्रिड, इटरनल, बीईएल, टाटा स्टील, एनटीपीसी, सनफार्मा और टाइटन में तेजी रही। अडानी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडिगो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फिनसर्व के शेयरों में भी मजबूती रही। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 1.55 प्रतिशत टूट गया।

वीएम का प्रथम व द्वितीय रेण्डेमाईजेशन सम्पन्न

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर पंचायती राज आम चुनाव के तहत तृतीय चरण को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं स्वतंत्र रूप से सम्पन्न करवाने की दिशा में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में ईवीएम का प्रथम व द्वितीय रेण्डेमाईजेशन की प्रक्रिया जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में पूर्ण की गई। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्धारित सॉफ्टवेयर के माध्यम से पंचायत समिति राजियासर, सूरतगढ़ एवं श्रीविजयनगर के 301 मुख्य मतदान केन्द्र और 3 सहायक मतदान केन्द्र सहित कुल 304 मतदान केन्द्र है। इन मतदान केन्द्रों के 30 प्रतिशत आरक्षित सीयू एवं बीयू सहित 184 कंट्रोल यूनिट व 184 बेलेट यूनिट के लिये आरक्षित किया गया है।

चीन के 'वॉटर बम' से निपटने की तैयारी

भारत ने अरुणाचल में मेगा हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट का प्लान तैयार किया

नई दिल्ली। लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) से महज 30 से 50 किलोमीटर की दूरी पर चीन एक ऐसा 'खतरनाक खेल' खेल रहा है, जो भारत के लिए कभी भी भारी तबाही का कारण बन सकता है। तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी (यारलुंग त्सांगपो) पर चीन दुनिया का सबसे बड़ा 60,000 मेगावाट का 'सुपर डैम' (मेडोग जलविद्युत परियोजना) बना रहा है। रणनीतिकारों का मानना है कि युद्ध या तनाव के हालात में चीन इस बांध का इस्तेमाल वॉटर बम के रूप में कर सकता है—यानी जब चाहे तब पानी छोड़कर भारत के निचले इलाकों में जल प्रलय ला सकता है। चीन की इस खौफनाक चाल का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारत ने अरुणाचल प्रदेश के सियांग में एक बहुउद्देशीय मेगा हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट का मास्टरप्लान तैयार किया है। लेकिन इस राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े प्रोजेक्ट को लेकर अब सियासत और विरोध-प्रदर्शन का दौर शुरू हो गया है। आइए जानते हैं क्या है पूरा प्रोजेक्ट और क्यों हो रहा है इसका विरोध।

भारत का सियांग प्रोजेक्ट और इसकी खासियत: भारत ने साफ कर दिया है कि उसका मुख्य मकसद बिजली पैदा करना नहीं, बल्कि चीन द्वारा अचानक छोड़े जाने वाले अतिरिक्त पानी को रोकना और निचले इलाकों को बाढ़ से बचाना है। यह प्रोजेक्ट 11,200 मेगावाट बिजली उत्पादन की क्षमता वाला होगा, जिसे एनएचपीसी द्वारा दो चरणों में पूरा किया जाना प्रस्तावित है। इसके तहत लगभग 9.2 अरब घन मीटर जल भंडारण क्षमता वाला एक विशाल जलाशय बनाने का प्रस्ताव है, जो किसी भी आपात स्थिति में पानी के बहाव को नियंत्रित कर सके। प्रोजेक्ट को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज होने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने खुलकर बात रखी। उन्होंने कांग्रेस पार्टी और विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसे प्रोजेक्ट्स को राजनीति के चश्मे से देखना देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। जयशंकर ने दो टूक कहा 'चीन हमारी सीमा के पास विशाल मेडोग बांध बनाकर नदी को भू-राजनीतिक हथियार बना रहा है। सियांग परियोजना कोई विकल्प नहीं, बल्कि भारत के लिए एक अनिवार्य रणनीतिक सुरक्षा कवच है। हम राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में कोई समझौता नहीं करेंगे।'

स्थानीय लोगों और जनजातियों का विरोध भी

अरुणाचल प्रदेश की सियांग घाटी में मुख्य रूप से आदि और गैलो जनजातियां निवास करती हैं। उनका और पर्यावरणविदों का विरोध की मुख्य वजह स्थानीय लोगों को डर है कि इस मेगा प्रोजेक्ट से उनकी पुश्तैनी जमीन, पारंपरिक अधिकार और आजीविका छिन जाएगी। यह पूरा क्षेत्र अत्यधिक संवेदनशील और भूकंपीय जोन-5 में आता है। यहां बड़े पैमाने पर निर्माण से भूस्खलन और बांध टूटने का खतरा बढ़ सकता है। पर्यावरणविदों का मानना है कि 15,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैले इस जैव विविधता हॉटस्पॉट में बड़े बांध से दुर्लभ वनस्पतियों, जीवों और नदी के इकोसिस्टम को भारी नुकसान पहुंचेगा।=

प्रशासन और नेताओं की अपील

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और स्थानीय विधायक निनोंग एरिंग ने प्रदर्शनकारियों से हिंसा का रास्ता छोड़ने की अपील की है। नेताओं का कहना है कि सरकार संवाद के जरिए हर समस्या का समाधान निकालने के लिए तैयार है, लेकिन विकास कार्यों में हिंसा या तोड़फोड़ कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एक तरफ जहां चीन भारत के खिलाफ ह्यजल नीतिह्व का जाल बुन रहा है, वहीं दूसरी तरफ देश की सुरक्षा और स्थानीय हितों के बीच संतुलन बिठाना सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है।

पूर्व जिला प्रमुख मील भाजपा में शामिल, फिरोजपुर व अबोहर क्षेत्रों का सौंपा जिम्मा



सीमा सन्देश# सूरतगढ़। पूर्व जिला प्रमुख व जेजेपी के प्रदेशाध्यक्ष पृथ्वीराज मील की भाजपा में घर वापसी हो गई है। मील ने अपने बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ जयपुर में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा में शामिल होते ही उन्हें पंजाब विधानसभा चुनाव में फिरोजपुर व अबोहर विधानसभा क्षेत्रों का दायित्व सौंप दिया गया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री व राजस्थान प्रदेश प्रभारी सांसद संजय भाटिया, प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी ने पार्टी का पटका पहनाकर पृथ्वीराज मील को भाजपा में शामिल किया। दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा व राजस्थान के सह प्रभारी कुलजीत सिंह चहल के प्रयासों से मील की वापसी संभव हुई है। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि पृथ्वीराज मील की पार्टी में वापसी से संगठन को और मजबूती मिलेगी। उनके राजनीतिक अनुभव व क्षेत्र में मजबूत पकड़ का लाभ आगामी पंचायतीराज चुनावों के साथ ही पंजाब विधानसभा चुनाव में भी लिया जाएगा। पार्टी नेतृत्व ने मील के साथ आए उनके अन्य समर्थकों को भी भाजपा का पटका पहनाकर सदस्यता ग्रहण करवाई। मील ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि उनका राजनीतिक जन्म भाजपा में ही हुआ है। आज अपने परिवार में वापिस शामिल होकर उन्हें सुखद अनुभूति हो रही है। उन्होंने पार्टी की विचारधारा के अनुरूप कार्य करते हुए संगठन को मजबूत बनाने व पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई। पूर्व जिला प्रमुख मील ने बताया कि वे जल्द ही सूरतगढ़ पहुंचकर पंचायतीराज चुनावों में भाजपा के प्रचार-प्रसार में जुटेंगे।

(प्रारूप 10 (नियम 6(7) देखिए)
कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका सूरतगढ़
क्रमांक: 5657-5660 लोक सूचना दिनांक: 27/10/2026

श्रीमती अनिता पत्नी श्री सुशील कुमार जाति धानुका निवासी वार्ड नं. 13, हर्ष कानवेंट स्कूल के पास, सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर कि नीचे अल्लिखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन (मिश्रित) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात :-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	भूमि स्थान	क्षेत्र
तहसील सूरतगढ़		खसरा नंबर 734/646 की 0.316, हैक्टयर में से 0.126 हैक्टयर	0.126 हैक्टयर यानि 1260 वर्ग मीटर

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भूमि राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रधान करने और अभिधृति के अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा की किसी को आक्षेप नहीं है। तदुनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मोहर के अधीन आज .... को जारी की गयी। **प्राधिकारी अधिकारी अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका सूरतगढ़**

(प्रारूप 10 (नियम 6(7) देखिए)
कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका सूरतगढ़
क्रमांक: 5662-5665 लोक सूचना दिनांक: 27/10/2026

श्री राकेश पुत्र श्री नन्दलाल जाति धानुका निवासी वार्ड नंबर 13 हर्ष कान्वेंट स्कूल के पास, सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर कि नीचे अल्लिखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन (मिश्रित) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात :-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	भूमि स्थान	क्षेत्र
तहसील सूरतगढ़		खसरा नंबर 732/646 की 0.633 हैक्टयर में से 0.252 हैक्टयर	0.252 हैक्टयर यानि 2520 वर्ग मीटर

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भूमि राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रधान करने और अभिधृति के अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा की किसी को आक्षेप नहीं है। तदुनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मोहर के अधीन आज .... को जारी की गयी। **प्राधिकारी अधिकारी अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका सूरतगढ़**

नहर से मिला विवाहिता का शव

सीमा सन्देश # मिर्जेवाला। क्षेत्र में एफ नहर के पास एक विवाहिता का शव मिला है। मृतका की पहचान सोमा रानी (25) पुत्री जोगेंद्र सिंह निवासी कोयल खेड़ा, फाजिल्का (पंजाब) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सोमा रानी की शादी करीब तीन माह पहले राजस्थान के खंखा गांव में हुई थी। बताया जा रहा है कि यह प्रेम विवाह था। विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने के मामले में पुलिस ने शव को श्रीगंगानगर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। मृतका के भाई वीर प्रताप सिंह ने बताया कि करीब चार दिन पहले सोमा रानी के नहर में गिरने की सूचना मिली थी। तलाश के दौरान परिजनों को मिर्जेवाला के पास एफ नहर में सोमा रानी का शव दिखाई दिया। सूचना मिलने पर मटीलीराठान थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की कार्रवाई करते हुए एसआई देवेंद्र बख्शी ने शव को जिला अस्पताल श्रीगंगानगर की मोर्चरी में रखवाया। विवाहिता के शव का बुधवार को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।



युवक की स्कूटी से 20 लाख रुपयों से भरा बैग उड़ा ले गए बदमाश

जयपुर। राजधानी के नाहरगढ़ थाना इलाके में सोमवार शाम दिनदहाड़े स्कूटी सवार दो बदमाश कलेक्शन एजेंट का 20 लाख रुपये से भरा बैग लेकर फरार हो गए। सिरोही निवासी पीड़ित चंपालाल (50) कपड़ा व्यापारी के यहां कलेक्शन का काम करता है। वह मानक चौक और नाहरगढ़ क्षेत्र से दुकानदारों से नकदी एकत्र कर लौट रहा था। इसी दौरान वह स्कूटी खड़ी कर कचौरी खाने रुका और बैग पायदान पर रख दिया। तभी पहले से रेकी कर रहे हेलमेट पहने दो बदमाश पलक झपकते ही नकदी से भरा बैग उड़ा ले गए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही है।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर व्याख्यानमाला आयोजित

श्रीगंगानगर। महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को राजकीय सार्वजनिक जिला पुस्तकालय में अखिल भारतीय साहित्य परिषद, इकाई द्वारा ह्यवाल्मीकि के रामकाव्य में सामाजिक समरसता के विविध रूपह्न विषयक व्याख्यानमाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और उनके स्वागत-सम्मान से हुई। जिला पुस्तकालयाध्यक्ष एवं परिषद जिलाध्यक्ष डॉ. रामनारायण शर्मा ने अतिथियों का परिचय देते हुए कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता एवं संस्कृत विद्वान डॉ. रामप्रकाश शर्मा ने वाल्मीकि रामायण के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए बताया कि रत्नाकर से महर्षि बनने की यात्रा, निषादराज गुह व सुग्रीव-विभीषण से मैत्री, माता शबरी के जूठे बेर स्वीकार करना और जटायु का अंतिम संस्कार जैसे प्रसंग सामाजिक समरसता के उदात्त आदर्श प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने श्रीराम की सेना में विभिन्न पात्रों की भूमिका और रामायणकालीन समाज में नारी के स्वरूपों पर भी प्रकाश डाला। विशिष्ट वक्ता डॉ. बीआरए राजकीय महाविद्यालय में हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. गोपीराम शर्मा ने वाल्मीकि रामायण से आधुनिक रामकाव्य तक श्रीराम की मर्यादा और उनकी प्रासंगिकता पर विचार रखे। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आयकर अधिकारी अशोक किंगर ने सभी को वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएँ दीं।



राहुल विदेश से लाते हैं फंडिंग और नए मुद्दे: राठौड़

जयपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस की प्रस्तावित रैली और राहुल गांधी की विदेश यात्राओं पर तीखा प्रहार किया है। राठौड़ ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी विदेश से फंडिंग और नए मुद्दे लेकर देश की व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि विरोध का अधिकार सबको है, पर अराजकता बर्दाश्त नहीं होगी। सांसद सीपी जोशी की नाराजगी की चचाओं को खारिज करते हुए राठौड़ ने उन्हें राजनीति में अपना पूर्वज बताया। इस दौरान जेजेपी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष पृथ्वीराज मील समर्थकों सहित भाजपा में शामिल हुए।

श्रीगंगानगर-पुरी-श्रीगंगानगर सहित कई रेलसेवाओं में बढ़ाए अतिरिक्त डिब्बे

सीमा सन्देश#श्रीगंगानगर। नवम्बर माह मे आने वाले 5 दिवसीय दीपोत्सव पर यात्रियों की बढ़ी भीड़ को देखते हुए रेलवे द्वारा नवम्बर माह में उत्तर पश्चिम रेलवे ने वातानुकूलित, शयनयान एवं साधारण श्रेणी के डिब्बे अस्थायी रूप से बढ़ाए है। रेलवे अधिकारियों से मिली जानकारी अनुसार गाड़ी संख्या 20471/20472, श्रीगंगानगर-पुरी-श्रीगंगानगर रेलसेवा में श्रीगंगानगर से 1 से 29 नवम्बर तक तथा पुरी से 4 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक 1 थर्ड एसी श्रेणी के डिब्बे की अस्थायी बढ़ोतरी की जा रही है। इसके अलावा गाड़ी संख्या 22497 / 22498, श्रीगंगानगर-तिरुच्चिराप्पल्लि-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा में श्रीगंगानगर से 2 से 30 नवम्बर तक तथा तिरुच्चिराप्पल्लि से 6 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक 1 थर्ड एसी श्रेणी के डिब्बे, गाड़ी संख्या 12482/12481, श्रीगंगानगर-दिल्ली-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा में श्रीगंगानगर से 1 से 30 नवम्बर तक तथा दिल्ली से 2 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी के डिब्बे की, गाड़ी संख्या 22464 /22463, बीकानेर-दिल्ली सराय-बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से 3 से 28 नवम्बर तक तथा दिल्ली सराय से 7 से 29 नवम्बर तक 1 थर्ड एसी, 1 द्वितीय शयनयान एवं 1 साधारण श्रेणी के डिब्बों की, गाड़ी संख्या 14735/ 14736, श्रीगंगानगर-अम्बाला-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा में 1 से 30 नवम्बर तक 4 साधारण श्रेणी के डिब्बों की, गाड़ी संख्या 14709/ 14710, हनुमानगढ़-जयपुर-हनुमानगढ़ एक्सप्रेस रेलसेवा में 1 से 30 नवम्बर तक 4 साधारण श्रेणी के डिब्बों की, गाड़ी संख्या 54751 /54752, हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ रेलसेवा में 1 से 30 नवम्बर तक 4 साधारण श्रेणी के डिब्बों की, गाड़ी संख्या 54754/ 54753, श्रीगंगानगर-बठिण्डा-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा में 1 से 30 नवम्बर तक और गाड़ी संख्या 54756/ 54755, श्रीगंगानगर-बठिण्डा-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा में इस अवधि में 4-4 साधारण श्रेणी के डिब्बों की अस्थायी बढ़ोतरी की गई है।

दो ने ग्रहण की पार्टी की सदस्यता



श्रीगंगानगर। विधायक जयदीप बिहाणी एवं पंचायत समिति चुनाव संयोजक महेश पेड़ीवाल के नेतृत्व में भूप तालणिया और नरेश गढ़वाल ने भाजपा की रीति-नीति से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर नगर परिषद सभापति अजय लकी दावड़ा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रतन गणेशगढ़िया, भाजपा मंडल अध्यक्ष बलविंदर सिंह मग्गो, पंचायत समिति चुनाव सह-संयोजक मनीष प्रजापत, मनीष सहारण, राजेश सहारण, विक्रम नैण, शिव प्रकाश भांभू, सुधीर सहारण और नंदराम सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत ततारसर

पंचायत समिति, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :- जीपी/26-27/166 दिनांक 26-10-26

सार्वजनिक सूचना

ग्राम पंचायत क्षेत्र ततारसर के समस्त नागरिकगण को सूचित किया जाता है कि ग्राम 31 जीजी का ड्रोन मैप 2.0 एवं प्रोपर्टी पार्सल ग्रामपंचायत कार्यालय में उपलब्ध है। आप ड्रोन मैप (नक्शा) एवं प्रोपर्टी पार्सल का अवलोकन कार्यालय समय में कर सकते हैं। कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस में मय सबूत दस्तावेज कार्यालय समय में आवेदन कर सकते हैं।

- निर्मला टाक, प्रशासक, ग्राम पंचायत ततारसर

क्राईम : हनुमानगढ़ जिले में 92 आरोपी गिरफ्तार

ठिकानों पर 33 पुलिस टीमों की 233 ठिकानों पर दबिश; 20 एनडीपीएस प्रकरण दर्ज किये, हेरोइन, डोडा पोस्त और प्रतिबंधित गोलियां बरामद

हनुमानगढ़। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत पुलिस मुख्यालय राजस्थान के निदेर्शानुसार हनुमानगढ़ जिला पुलिस ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ एक दिवसीय 'एरिया डोमिनेशन अभियान' चलाया। जिला पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देशन में जिलेभर में 33 पुलिस टीमों ने 233 ठिकानों पर दबिश देकर कुल 92 लोगों को गिरफ्तार किया। अभियान के दौरान एनडीपीएस एक्ट के तहत 20 प्रकरण दर्ज किए गए। पुलिस ने हेरोइन (चिट्टा), डोडा पोस्त, नशीली व प्रतिबंधित गोलियां तथा अफीम बरामद की। पुलिस प्रेस नोट के अनुसार, अभियान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद और नोहर सेक्टर की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीता चौधरी के निकटतम सुपरविजन में चलाया गया। कार्रवाई के दौरान 81.03 ग्राम हेरोइन, 46.349 किलोग्राम डोडा पोस्त, 1,370 नशीली एवं प्रतिबंधित टैबलेट तथा 26.84 ग्राम अफीम बरामद की गई। इसके अलावा एनडीपीएस के मामलों में वांछित 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें 10 हजार और एक हजार रुपये के इनामी आरोपी भी शामिल हैं। पुलिस ने 52 गैरसायलों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 और 129 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई भी की।

हिस्ट्रीशीटर से चिट्टा बरामद, 23 मुकदमे पहले से दर्ज: हनुमानगढ़ सदर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर ईशाक मोहम्मद उर्फ बग्गा (41) निवासी जंडावाली को 31.9 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस, मारपीट, आर्म्स और आबकारी सहित विभिन्न थानों में पहले से करीब 23 मामले दर्ज बताए गए हैं। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मुकदमा संख्या 362/2026 दर्ज किया गया।

भादरा और रावतसर में भी कार्रवाई: भादरा पुलिस ने जनाणा निवासी पवन (20) को 7.19 ग्राम चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया। इस संबंध में मुकदमा संख्या 398/2026 दर्ज किया गया। रावतसर पुलिस ने नया 19 क्षेत्र के वार्ड नंबर 25 निवासी धीरेन्द्र कुमार उर्फ धीरू (29) को 6.09 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ मुकदमा संख्या 551/2026 दर्ज किया गया।

टिब्बी में 8 किलो 640 ग्राम डोडा पोस्त जब्त: टिब्बी पुलिस ने चक 11-12 एसएलडब्ल्यू सिलवाला खुर्द निवासी प्रेमजीत सिंह (26) को 8 किलो 640 ग्राम डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से डोडा पोस्त के अलावा मोटरसाइकिल भी जब्त की। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 और 25 के तहत मुकदमा संख्या 450/26 दर्ज किया गया।

पीलीबंगा में प्रतिबंधित कैप्सूल और टैबलेट बरामद: पीलीबंगा पुलिस ने वार्ड नंबर 10 निवासी विक्की इंदौरा (42) को 80 प्रतिबंधित कैप्सूल प्रिगाबालिन, 50 टैपेंटाडोल और 50 एनडीपीएस घटक ब्यूप्रेनोर्फिन युक्त कैप्सूल/टैबलेट के साथ गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में एनडीपीएस एक्ट और ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट के तहत मुकदमा संख्या 631/2026 दर्ज किया गया। इसी थाना क्षेत्र में बड़ोपल तिराहे के पास पुलिस ने स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार योगेश कुमार (25), निवासी बड़ोपल, और रोहिताश उर्फ गिरधारी (28), निवासी सहजीपुरा, को 35.100 ग्राम डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया। इस संबंध में मुकदमा संख्या 632/2026 दर्ज किया गया। हनुमानगढ़ टाउन पुलिस ने एनडीपीएस के एक मामले में करीब एक वर्ष से फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी कुलविंदर उर्फ काला (50), निवासी बुर्ज सिद्धवां, जिला मुक्तसर, पंजाब को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा संख्या 596/2025 दर्ज है। पुलिस के अनुसार, सितंबर 2025 में इसी मामले में एक अन्य आरोपी को 9 किलो 358 ग्राम डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया गया था, जबकि कुलविंदर मौके से फरार हो गया था।

कार्यालय नगरपरिषद,श्रीगंगानगर
क्रमांक:राजकाज रेफ नम्बर 25218818 दिनांक: 27.10.2026

आपत्ति सूचना

सर्वसाधारण को सूचित एवं प्रकाशित किया जाता है प्रार्थी राजेश गर्ग पुत्र श्री सागरमल गर्ग ने आवेदन पत्र, शपथ पत्र, व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर अनुसार भूखण्ड संख्या 116 जी ब्लॉक श्रीगंगानगर का भाग साईज 15 गुणा 60 फीट अपने नाम से परिषद रिकॉर्ड में दर्ज कर नामान्तरण करवाने हेतु निवेदन किया है। ऑनलाईन नम्बर 212049 यह कि प्रस्तगत मकान प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार भूखण्ड संख्या 116 जी ब्लॉक श्रीगंगानगर का आवंटन श्री सगनलाल पुत्र श्री करमचन्द के नाम से है। श्री सगनलाल पुत्र श्री करमचन्द ने जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 17.03.1958 द्वारा भूखण्ड संख्या 116 जी ब्लॉक श्रीगंगानगर साईज 50 गुणा 60 फीट श्री गुगनचन्द व नीरंगराय पिसराण श्री राऊमल को विक्रय कर दिया। गुगनराम पुत्र श्री राऊमल का देहांत दिनांक 28.05.1984 को हो चुका है। इनकी पत्नी श्रीमती महादेवी का देहांत दिनांक 19.01.2010 को हो चुका है। वारिस प्रमाण पत्र अनुसार वारिसान 1. सागरमल पुत्र 2. मनोहर लाल पुत्र 3. अमर लाल पुत्र 4. चम्पा देवी पुत्री 5. मैना देवी पुत्री 6. बिमला देवी पुत्री। चम्पा देवी, मैना देवी, बिमला देवी ने जरिये पंजीकृत दस्तबरदारी दिनांक 01.05.2013 द्वारा उक्त भूखण्ड का अपना अपना कुल 3/6 भाग सागरमल व मनोहरलाल पिसराण श्री गुगनचन्द के हक में छोड़ दिया। अमरलाल ने जरिये पंजीकृत दस्तबरदारी दिनांक 01.05.2013 द्वारा उक्त भूखण्ड का अपना अपना कुल 1/6 भाग सागरमल व मनोहरलाल पिसराण श्री गुगनचन्द के हक में छोड़ दिया। सागरमल ने अपने जीवन काल में दिनांक 25.10.2009 को उक्त भूखण्ड 116 जी ब्लॉक श्रीगंगानगर के अपने भाग की वसीयत अपने पुत्र राजेश गर्ग व अपनी पत्नी हंसा देवी के हक में कर दी। वसीयत में यह अंकित है कि वसीयतकर्ता व हंसा देवी के देहांत उपरांत उक्त भूखण्ड का मालिक इनका पुत्र राजेश गर्ग होगा। वसीयत पंजीकृत नहीं है। वसीयत के गवाहों के शपथ पत्र संलग्न नहीं है। संलग्न मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार सागरमल का देहांत दिनांक 20.02.2015 को हो चुकी है। हंसा देवी गर्ग पत्नी श्री सागरमल ने अपने जीवन काल में दिनांक 01.05.2018 को भूखण्ड 116 जी ब्लॉक श्रीगंगानगर की वसीयत अपने पुत्र राजेश गर्ग के हक में कर दी। वसीयत पंजीकृत नहीं है। वसीयत के गवाहों के शपथ पत्र संलग्न है। संलग्न मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार हंसा देवी गर्ग पत्नी श्री सागरमल का देहांत दिनांक 08.08.2026 को हो चुका है। 12.6 गुणा 60 भाग 2. श्री मनोहरलाल पुत्र श्री गुगनराम ने जरिये पंजीकृत दो अलग अलग बैयनामा दिनांक 11.02.1986 द्वारा भूखण्ड 116 जी ब्लॉक श्रीगंगानगर साईज 12.6 गुणा 60 फीट में से 12.6 गुणा 30 फीट लीला देवी पत्नी श्री डिप्टीराम को विक्रय किया एवं 12.6 गुणा 30 फीट में से 2 फीट 6 इंच गुणा 30 फीट पीछे का राजेश गर्ग पुत्र श्री सागरमल गर्ग को विक्रय कर दिया। जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 08.06.2009 द्वारा भूखण्ड 116 जी ब्लॉक श्रीगंगानगर साईज 2 फीट 6 इंच गुणा 30 फीट फरन्ट लीला देवी पत्नी श्री डिप्टीराम ने राजेश गर्ग को विक्रय कर दिया। 2.6 गुणा 60 कुल 15 गुणा 60 फीट उक्तानुसार नामांतरण चाहा गया है। नामांतरण जारी करने से पूर्व यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय सबूत दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे अन्यथा समयावधि बीत जाने के बाद नामांतरण जारी करने की कार्यवाही नगर परिषद द्वारा अमल में लाई जावेगी। इसके पश्चात कोई उज्जर मान्य नहीं होगा। **आयुक्त नगरपरिषद, श्रीगंगानगर**

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक :- नियमन/2026/9052 दिनांक: 27/10/2026

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

श्री दिनकर बंसल पुत्र श्री श्याम सुन्दर बंसल निवासी 141-142, श्रीराम कॉलोनी, नजदीक शिव सर्किल, श्रीगंगानगर द्वारा नीचे वर्णित भूमि में से अपने अधिकार को जरिये पंजीकृत उपहार पत्र दिनांक 10.12.2025 के द्वारा क्रय कर व्यावसायिक प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए न्यास के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं।

जिले सहित नगर का नाम	पट्टे का विवरण	भूमि का विवरण	आवेदित भूमि का क्षेत्रफल
श्रीगंगानगर	भू-रूपांतरण विभाग, श्रीगंगानगर द्वारा पट्टा संख्या 1224 दिनांक 14.05.1996 को श्रीमती सविता कुकड़ पत्नी श्री रविन्द्र नाथ कुकड़ के नाम से जारी किया हुआ है।	चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 38/36 के किला न. 18 में माप 75 वर्गगज भूखण्ड संख्या 141, 142 श्रीगंगानगर	माप 15 इन्ट्र 45 फीट अर्थात 75 वर्गगज

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर सुधार अधिनियम 1959 की धारा 60 सी के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए न्यास के पक्ष में आवेदन द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने के अनुज्ञा की मंजूरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है। तदुनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे ह

न्यूज इन ब्रीफ

35.100 किलो डोडा पोस्त सहित दो आरोपी गिरफ्तार

सीमा सन्देश # पीलीबंगा। पीलीबंगा पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 35 किलो 100 ग्राम डोडा पोस्त और स्कॉर्पियो गाड़ी सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार ने पुलिस टीम के साथ रोही बड़ोपल के कच्चे रास्ते पर कार्रवाई करते हुए आरोपी योगेश कुमार पुत्र सोहनलाल निवासी वार्ड नंबर 5, बड़ोपल तथा रोहिताश उर्फ गिरधारी पुत्र धर्मपाल निवासी सरजीपुरा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध 35.100 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर स्कॉर्पियो गाड़ी को जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

गोशाला को दिए 51 हजार और दो क्विंटल अनाज

सीमा सन्देश # बरवाली। लिछमा देवी गोदारा धर्मपत्नी स्वर्गीय जस्सूराम गोदारा ने श्री राधे कृष्ण गौशाला समिति, रामगढ़ को 51 हजार रुपए की आर्थिक सहायता तथा दो क्विंटल अनाज दान किया। गौशाला समिति ने इस सहयोग के लिए लिछमा देवी गोदारा सहित समस्त गोदारा परिवार, रामगढ़ का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

गौशाला को भेंट की 650 क्विंटल तूड़ी



सीमा सन्देश # बरवाली। श्री राधे कृष्ण गौशाला, रामगढ़ को संत रामपाल की ओर से 650 क्विंटल तूड़ी भेंट की गई। इससे पहले भी संत रामपाल की ओर से गौशाला को तूड़ी भेंट की जा चुकी है। इस सहयोग के लिए गौशाला समिति, रामगढ़ ने संत रामपाल के अनुयायियों का स्वागत किया तथा संत रामपाल का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर संत रामपाल के काफी संख्या में अनुयायी और ग्रामीण मौजूद रहे।

दो देसी पिस्टल और 11 कारतूस सहित दो युवक गिरफ्तार

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन थाना पुलिस ने बाइपास रोड स्थित दशहरा ग्राउंड के पास दो युवकों को दो अवैध देसी पिस्टल और 11 जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान दीपक शर्मा (28) निवासी अम्बेडकर कॉलोनी और संजय खान (28) निवासी इन्द्रा कॉलोनी, टाउन के रूप में हुई है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर हथियार जब्त किए हैं। प्रारंभिक पूछताछ के बाद जसपाल सिंह उर्फ बिट्टू निवासी लोहिया कॉलोनी को भी प्रकरण में नामजद किया गया है। मामले की जांच एएसआई किशोर सिंह कर रहे हैं।

सेवा और आत्मनिर्भरता का प्रशिक्षण लिया

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ हनुमानगढ़ टाउन के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय द्वितीय-तृतीय सोपान स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन सोमवार को चौधरी सूरजराम जाखड़ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्रीनगर के परिसर में हुआ। समापन समारोह में प्रधानाचार्या निर्मला कुमारी ने ध्वजावतरण कर शिविर का समापन किया। इस अवसर पर ट्रेनिंग काउंसलर योगमाया राठौड़, ट्रेनिंग काउंसलर भूपेन्द्र कौशिक, स्काउट मास्टर विनोद, गाइडर पूजा और शारीरिक शिक्षक हरीश कुमार उपस्थित रहे। शिविर में वीएम पब्लिक स्कूल हनुमानगढ़ टाउन, चौधरी सूरजराम जाखड़ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीनगर तथा व्यापार मंडल बालिका स्कूल हनुमानगढ़ टाउन के 54 स्काउट-गाइड ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

नगरपालिका ने जारी किए जोनवार आदेश, 27 अक्टूबर से दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक होगी सफाई, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

दिवाली से पहले नोहर में विशेष सफाई अभियान, 40 वार्डों में चलेगा स्वच्छता अभियान

सीमा सन्देश # नोहर।

दीपावली पर्व के मद्देनजर शहर को स्वच्छ, सुंदर और कचरा मुक्त बनाने के लिए नगरपालिका मंडल नोहर ने विशेष सफाई अभियान चलाने के आदेश जारी किए हैं। शहर के सभी 40 वार्डों में यह अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान 27 अक्टूबर से शुरू होकर दीपावली पर्व तक चलेगा। नगरपालिका ईओ गिरीराज रतनू ने बताया कि विशेष सफाई अभियान प्रतिदिन दूसरी पारी में दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित होगा। इसके लिए शहर के 40 वार्डों को 8 जोन में विभाजित कर प्रत्येक जोन में 5 वार्ड शामिल किए गए हैं। प्रत्येक जोन के लिए अलग प्रभारी नियुक्त किया गया है, जो सफाई व्यवस्था की निगरानी करेंगे।

आठ जोन में बांटे 40 वार्ड: जारी आदेश के अनुसार जोनवार सफाई की जिम्मेदारी निर्धारित की गई है। जोन-1 में वार्ड 1 से 5 तक, जोन-2 में वार्ड 6 से 10 तक, जोन-3 में वार्ड 11 से 15 तक, जोन-4 में वार्ड 16 से 20 तक, जोन-5 में वार्ड 21 से 25 तक, जोन-6 में वार्ड 26 से 30 तक, जोन-7 में वार्ड 31 से 35 तक तथा जोन-8 में वार्ड 36 से 40 तक सफाई करवाई जाएगी। अभियान के लिए जोन-1 में करणी सिंह, जोन-2 में जगदीश चंद, जोन-3 में देव कंकर, जोन-4 में वासुदेव लाटा, जोन-5 में अनिल, जोन-6 में करणी सिंह, जोन-7 में जगदीश चंद तथा जोन-8 में हरीश को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बाजारों रहेगा विशेष ध्यान

नगरपालिका ने निर्देश दिए हैं कि दीपावली के दौरान मुख्य बाजारों और रिहायशी क्षेत्रों में जमा अतिरिक्त कचरे का तत्काल उठाव सुनिश्चित किया जाए। नालियों से निकाली गई गाद और सिल्ट को भी उसी समय हटाया जाएगा, ताकि गंदगी सड़कों पर नहीं फैले। त्योहारी सीजन को देखते हुए मुख्य मार्गों पर कचरा और अतिक्रमण नहीं रहने देने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे आमजन को आवागमन में परेशानी न हो। सफाई अभियान के लिए आवश्यक संसाधन, ट्रिपर, ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य उपकरण भी उपलब्ध करवाने को कहा गया है।

कर्मचारियों की उपस्थिति की होगी निगरानी

आदेश में सभी जोन प्रभारियों को सफाई कर्मचारियों की वास्तविक उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी कर्मचारी दोपहर 2 बजे निर्धारित वार्डों में पहुंचकर कार्य शुरू करेंगे तथा शाम 6 बजे तक काम पूरा करेंगे। प्रतिदिन शाम 6 बजे अभियान समाप्त होने के बाद जोन की सफाई की प्रगति रिपोर्ट तथा सफाई से पहले और बाद के फोटो स्वास्थ्य शाखा एवं संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत करने होंगे। इसके लिए संबंधित अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। नगरपालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेशों की अवहेलना करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। अभियान का उद्देश्य दीपावली से पहले शहर के सभी वार्डों में बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करना है, ताकि नागरिकों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।

तेज गति के 21924 और लेन उल्लंघन के 15607 मामले शामिल

यातायात नियम तोड़ने वालों पर पुलिस की सख्ती, दस माह में 84946 चालान

बिना हेलमेट वाहन चलाने पर 30674 चालान



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय और जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार यातायात पुलिस की ओर से मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई के साथ उन्हें यातायात नियमों की पालना के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। यातायात पुलिस ने इस साल जनवरी से अब तक कुल 84 हजार 946 चालान किए हैं। अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले 374 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। तेज गति से वाहन चलाने पर 21 हजार 924, लेन उल्लंघन पर 15 हजार 607 और गलत दिशा में वाहन चलाने पर 448 चालान किए गए। बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों के 1584 चालान किए गए, जबकि खतरनाक तरीके से वाहन चलाने के मामले में चार वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने पर 30 हजार 674 और बिना सीट बेल्ट चौपहिया वाहन चलाने पर 2050 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। चलते वाहन में मोबाइल फोन पर बात करने के 2041 तथा लाल बत्ती का उल्लंघन करने के 46 मामले सामने आए। इसके अलावा 9335 लोगों के खिलाफ अन्य मामलों में कार्रवाई की गई।

वाहन सीज

यातायात नियमों के उल्लंघन और अन्य कमियों के चलते एक हजार से अधिक वाहनों को सीज किया गया है। इनमें शराब पीकर वाहन चलाने वाले, बिना नंबर प्लेट वाले और आवश्यक दस्तावेजों की कमी वाले वाहन शामिल हैं। यातायात शाखा प्रभारी अनिल चिंदा ने बताया कि यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए इस साल स्कूलों में 54 जागरूकता शिविर लगाए जा चुके हैं। इसके साथ ही 15 रैलियां भी निकाली गई हैं। इन गतिविधियों का उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियमों की सख्ती से पालना के लिए प्रेरित करना है।

दीपावली पर पार्किंग की विशेष व्यवस्था

दीपावली के त्योहार को देखते हुए बाजारों में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए विशेष पार्किंग प्लान तैयार किया जा रहा है। जंक्शन और टाउन में अलग-अलग स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। कुछ स्थानों पर दीपावली के दौरान वाहनों की एंट्री भी बंद की जाएगी, ताकि बाजारों में जाम की स्थिति पैदा न हो और लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना न करना पड़े।

फर्जी ई-चालान लिंक से रहें सावधान

यातायात शाखा प्रभारी ने सोशल मीडिया और मोबाइल फोन पर भेजे जाने वाले फर्जी चालान लिंक के जरिए होने वाली साइबर ठगी के प्रति भी लोगों को सतर्क किया। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन पर चालान से संबंधित कोई संदिग्ध लिंक आए तो उसे न खोलें। यदि कोई व्यक्ति अनजाने में साइबर ठगी का शिकार हो जाता है, तो तत्काल साइबर पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाए। उन्होंने वाहन चालकों से यातायात के सभी नियमों की पालना करने और सड़क सुरक्षा में सहयोग देने की अपील की।

रोडवेज कंडक्टर के खाते से 6.41 लाख रुपए पार

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। साइबर ठगों ने रोडवेज कंडक्टर के बैंक खाते से चार ट्रांजेक्शन के जरिए 6 लाख 41 हजार 356 रुपए निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर साइबर पुलिस थाना ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, पवन शर्मा (45) पुत्र रामचन्द्र शर्मा निवासी वार्ड नंबर 11, गांव बरवाली, तहसील नोहर का आईसीआईसीआई बैंक की नोहर शाखा में बचत खाता है। इसी खाते में उनकी मासिक सैलरी जमा होती है। पवन शर्मा ने बताया कि 22 अक्टूबर को वह घर पर थे। अगले दिन सुबह मोबाइल पर कई ओटीपी आने पर उन्होंने खाते का बैलेंस चेक किया तो राशि गायब मिली। जांच में खाते से 99 हजार, 999, 2 लाख 71 हजार 357 और 2 लाख 70 हजार रुपए निकाले जाने का पता चला। पीड़ित ने बैंक अधिकारियों से संपर्क करने के बाद साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद साइबर पुलिस थाना में लिखित शिकायत दी। पुलिस ने ई-जीरो एफआईआर को शामिल कर प्रकरण की जांच एससीएसटी सेल सीओ करण सिंह को सौंपी है।

हनुमान मंदिर में पूर्ववत दुकानों के निर्माण की मांग, प्रस्ताव खारिज नहीं हुआ तो आंदोलन

रावतसर। श्री हनुमान मित्र मंडल एवं गणमान्य नागरिकों की बैठक मंगलवार को हनुमान मंदिर में हुई। बैठक में मंदिर की दुकानों के निर्माण को लेकर मौजूदा कमेटी के प्रस्ताव पर विरोध जताते हुए मंदिर के पूर्व स्वरूप के अनुरूप उत्तर दिशा में मुख्य मार्ग पर दुकानों का निर्माण करवाने की मांग की। वक्ताओं का कहना था कि मुख्य मार्ग पर पूर्ववत दुकानों का निर्माण होने से मंदिर को स्थायी आय का स्रोत मिलेगा, इससे भविष्य में धार्मिक एवं अन्य आवश्यक गतिविधियों के संचालन में आर्थिक सहायता मिल सकेगी। नागरिकों ने कहा कि पूर्व में किए गए निर्माण को बिना उचित कारण ध्वस्त करने से मंदिर पर अनावश्यक आर्थिक भार बढ़ा है। ऐसे में अब निर्माण कार्य को लेकर ऐसा निर्णय लिया जाना चाहिए, जो मंदिर के हित में हो और भविष्य में नियमित आय सुनिश्चित कर सके।



...तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा

बैठक में श्रद्धालुओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि 10 नवंबर तक पूर्ववत दुकानों के निर्माण का प्रस्ताव पारित नहीं किया गया तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। इस दौरान भवानीशंकर उपाध्याय, विनोद बसवाना, मनोज कुमार, एडवोकेट सुनील धारीवाल, पृथ्वीराज देहडू, रामनिवास शर्मा, लालजी हलवाई, दुर्गाप्रसाद बुरडक, मदन पारीक, हनुमान रतिवाल, पार्षद जयकिशन, प्रेम पंडित, लालचंद छापोला, रमन खारीवाल, ओम अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

व्यापार मंडल पीलीबंगा के चुनाव आज

सीमा सन्देश # पीलीबंगा। व्यापार मंडल पीलीबंगा के चुनाव 2026 को लेकर तैयारियां पूरी हो गई हैं। निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार, बुधवार, 28 अक्टूबर को व्यापार मंडल सभागार में व्यापार मंडल पीलीबंगा, शिक्षण समिति तथा श्री गौशाला सेवा समिति पीलीबंगा की कार्यकारिणी के चुनाव के लिए मतदान करवाया जाएगा। मतदान प्रक्रिया सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगी। इसके बाद दोपहर 3 बजे मतगणना शुरू होगी। मतगणना पूरी होने के तुरंत बाद चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार शर्मा ने सभी व्यापारियों से निर्धारित समय पर पहुंचकर मतदान प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि मतदान एवं मतगणना स्थल पर मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा।

बच्चों ने यातायात शाखा प्रभारी को भेंट किए हस्तनिर्मित दीपक



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। दीपावली के मौके पर श्री खुशाल दास विशेष शिक्षा विद्यालय के विशेष बच्चों ने मंगलवार को टाउन स्थित यातायात शाखा पहुंचकर अपने हाथों से तैयार किए गए दीपक यातायात शाखा प्रभारी अनिल चिंदा को भेंट किए। इस दौरान बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। यातायात शाखा प्रभारी अनिल चिंदा ने बच्चों की ओर से तैयार किए गए हस्तनिर्मित दीपकों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों को मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने तथा अपनी प्रतिभा के दम पर परिवार, विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की मेहनत और रचनात्मकता सराहनीय है। ऐसे प्रयास उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

हादसे की आशंका, विद्युत निगम अधिकारियों पर सुनवाई नहीं करने का लगाया आरोप

बिजली की लाइन बनी मुसीबत, 15 दिन से निर्माण कार्य बंद

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जंक्शन की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में मकान के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन के कारण नए मकान का निर्माण कार्य अधरझूल में लटक गया है। हादसे की आशंका के चलते मिस्त्रियों ने काम करने से मना कर दिया, जिसके कारण पिछले करीब 15 दिन से निर्माण कार्य बंद पड़ा है। गृहस्वामी ने जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधिकारियों से विद्युत लाइन को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग की है। गृहस्वामी रामकिशन ने बताया कि उसने करीब चार-पांच माह पहले अपनी पत्नी कमला देवी के नाम पर रजिस्ट्री करवाकर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित मकान खरीदा था। अब पुराने मकान को तोड़कर नए सिरे से निर्माण करवाया जा रहा है। इसी दौरान निर्माण कार्य में लगे मिस्त्रियों ने मकान के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनों को हटवाने की मांग की। मिस्त्रियों का कहना है कि बिजली की



तारों के नीचे काम करना जोखिम भरा है और इससे किसी भी मजदूर के साथ हादसा हो सकता है। सुरक्षा की दृष्टि से उन्होंने लाइन हटाए जाने तक काम करने से इनकार कर दिया।

रामकिशन के अनुसार, इस समस्या को लेकर उसने ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज करवाई है। इसके अलावा विद्युत विभाग के सहायक अभियंता को दो बार अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन अभी तक न तो किसी अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और न ही कोई संतोषजनक जवाब दिया। इसके चलते मकान का निर्माण कार्य रुका हुआ है और उसे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गृहस्वामी ने बताया कि मकान के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन के अलावा वहां काफी समय पहले लगाए गए विद्युत पोल भी जर्जर हालत में हैं। ऐसे में पोल टूटने या विद्युत लाइन से संबंधित किसी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। उन्होंने विद्युत निगम से मौके का निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति देखने और विद्युत लाइन को मकान के ऊपर से हटाकर अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग की।

जिला परिषद सदस्यों की टिकट समुदाय विशेष को दिये जाने पर जताई नाराजगी

मूल ओबीसी के विभिन्न समाज अध्यक्षों की कांग्रेस को चेतावनी



सीमा सन्देश#रावतसर। जिला परिषद सदस्यों के होने वाले चुनाव में समाज विशेष को टिकट देने पर मूल ओबीसी वर्ग में कांग्रेस पार्टी के प्रति आक्रोश है। इसके चलते मंगलवार को विश्व कर्मा मंदिर धर्मशाला में मंगलवार शाम मूल ओबीसी के विभिन्न समाज अध्यक्षों व पदाधिकारियों ने वार्ता आयोजित कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। वार्ता में सोहनलाल लदोईया ने कहा कि जिले में पंचायतीराज, निकाय एवं विधानसभा व लोकसभा चुनाव में एक ही समुदाय के व्यक्तियों को अनारक्षित एवं अन्य पिछडा वर्ग के सीटों पर कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रत्याशी बनाया जाता रहा है। हाल ही के जिला परिषद की 37 सीटों में से कांग्रेस पार्टी ने 22 सीटें में से ओबीसी वर्ग को मात्र एक टिकिट दी है। शेष 21 सीटों पर जाट समुदाय के व्यक्तियों को टिकिट दिया गया है। इससे अन्य समाज के लोगों में आक्रोश है। हाल ही नगरपालिका चुनाव में 3 नगरपालिकाओं में ही बोर्ड बना पाए है।

भावनाओं का हो सम्मान

पांच विधानसभा में से एक पीलीबंगा की आरक्षित सीट को छोडकर शेष चार सीटों पर जाट समुदाय के ही प्रत्याशियों को टिकिट दिया जाता रहा है। सन 2009, 2018 व 2023 में कांग्रेस पार्टी ने लगातार दो बार जाट से हटकर बानिया समुदाय के अमित चाचाण को टिकिट दी गई, जिसका परिणाम वह विजयी हुए। भगवती प्रसाद आर्य ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को चेताते हुए कहा कि जिले में 35 समाज की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए विधानसभा हो या जिला परिषद व पंचायत समिति एवं नगरपालिकाओं के चुनाव। सभी समाज को सम्मान रुप से पार्टी प्रत्यार्थी बनाया जाए ताकि लोगों की भावनाएं कांग्रेस से जुड़ी रहे और वे पार्टी हित में काम करें। मूल ओबीसी वर्ग सहित अन्य समाजों के हक का भी ध्यान रखा जाए ताकि भविष्य में पार्टी से कोई बड़ा समाज व समुदाय टूटने से बचे। इस दौरान छिपा समाज अध्यक्ष रामनारायण, उपाध्यक्ष महावीर छिपा, स्वामी समाज अध्यक्ष कुन्दनलाल स्वामी, सैन समाज उपाध्यक्ष भगवती प्रसाद आर्य, विश्व कर्मा सेवा समिति अध्यक्ष जयप्रकाश माकड़, कुम्हार समाज से राजीलाल सोखल, मनीराम छिपा, जगदीश प्रसाद सैन,डा रामजी लाल सोखल सहित मौजूद रहे।

चार दिवसीय छठ महोत्सव 13 से

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। श्री छठ पूजा समिति की आवश्यक बैठक सोमवार रात्रि को आयोजित हुई। बैठक में छठ पूजा महोत्सव-2026 और दंगल के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। समिति पदाधिकारियों के अनुसार, आस्था, श्रद्धा, सूर्य उपासना और लोक संस्कृति का प्रतीक छठ पूजा महोत्सव 13 से 16 नवंबर तक चार दिवसीय कार्यक्रम के रूप में मनाया जाएगा। इसके तहत 13 नवंबर को नहाय-खाय, 14 नवंबर को खरना, 15 नवंबर को संध्या अर्घ्य तथा 16 नवंबर सोमवार को उषा अर्घ्य और पारण का कार्यक्रम होगा। छठ पूजा महोत्सव के तहत भाई दूज के अवसर पर 11 नवंबर को दोपहर 2 बजे दंगल आयोजित किया जाएगा।

स्ट्रीट वेंडर के चुनाव करवाने की मांग



सीमा सन्देश# रावतसर। नगरपालिका क्षेत्र स्ट्रीट वेंडरों ने मंगलवार सुबह नगरपालिका अध्यक्ष नीलम सहारण व नगर पालिका अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र गोदारा से मुलाकात कर स्ट्रीट वैंडर चुनाव करवाने की मांग की। इस दौरान उन्हे सौंपे ज्ञापन में बताया है कि नगरपालिका रावतसर क्षेत्र में आने वाले समस्त स्ट्रीट वेंडर अपने अध्यक्ष का चुनाव करवाना चाहते है। स्ट्रीट वेंडर के चुनाव हुए लगभग 8 वर्ष हो चुके है। जल्द से जल्द चुनाव करवाए जाएं ताकि स्ट्रीट वेंडर के समक्ष आने वाली समस्याओं का समाधान हो सके। पालिका अध्यक्ष नीलम सहारण ने बताया कि जल्द ही चुनाव प्रक्रिया पर विचार विमर्श कर निर्णय लिया जाएगा। इस दौरान चांदराम मेहरड़ा सहित बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडर मौजूद रहे।

टक्कर मारकर कुचलने का प्रयास

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। लखूवाली और जोरावरपुरा के पास कार से बाइक को टक्कर मारने और दोबारा कुचलने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। जोरावरपुरा निवासी इकबाल ने अनिल सहित चार लोगों पर जानलेवा हमला, मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाया है। परिवादी के अनुसार, 24 अक्टूबर को वह अपने रिश्तेदार इरफान के साथ बाइक पर जा रहा था, तभी सफेद कार ने टक्कर मार दी। दोनों घायल हो गए। आरोप है कि चालक ने दोबारा कार चढ़ाने का प्रयास किया। लोगों के पहुंचने पर आरोपी फरार हो गए। टाउन पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नगर भ्रमण



हनुमानगढ़। श्री सुन्दरकाण्ड मित्र मंडल समिति, सिद्धेश्वर धाम टाउन की ओर से आगामी श्री राम कथा एवं श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के आयोजन की तैयारियों के तहत नगर में सनातन धर्म ध्वजा की शोभायात्रा निकाली गई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच निकली शोभायात्रा के बाद विधि-विधान से धर्म ध्वजा की स्थापना की गई। धर्म ध्वजा के साथ नगर भ्रमण करते हुए श्रद्धालुओं ने सनातन धर्म के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। जय श्रीराम और जय हनुमान के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। ध्वजा की विधिवत स्थापना के साथ ही नगर में धर्म, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का संदेश दिया गया। समिति की ओर से आगामी 13 से 19 नवंबर तक श्री राम कथा, नौ कुंडीय श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं काशी जी की दिव्य गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत के तहत 12 नवंबर को कलश यात्रा निकाली जाएगी।

न्यूज इन ब्रीफ

स्टार्टअप और नवाचार के गुर सीखे विद्यार्थियों ने

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय के नवाचार एवं उद्यमिता केंद्र की ओर से इल्युमिनेट स्टार्टअप एवं उद्यमिता कार्यशाला आयोजित की गई। आईआईटी बॉम्बे से जुड़े उद्यमिता कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को व्यावसायिक योजना, स्टार्टअप शुरू करने और नवाचार की व्यावहारिक जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता विशाल शर्मा ने ग्राहकों की जरूरत पहचानने, लागत-आय का आकलन करने और उत्पाद का प्रारंभिक परीक्षण करने के तरीके बताए। कार्यशाला में नौ सत्र आयोजित हुए। विद्यार्थियों ने समूहों में व्यावसायिक प्रारूप तैयार करने का अभ्यास किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी, संकाय सदस्य और विद्यार्थी मौजूद रहे।

22 आवेदकों के नामांकन निरस्त

सीमा सन्देश # भादरा। स्थानीय कांग्रेस भवन में आयोजित बैठक में पंचायत राज चुनाव के दौरान कांग्रेस के 22 आवेदकों के नामांकन सिंबल के अभाव में निरस्त होने पर चिंता जताई गई। जानकारी के अनुसार, पंचायत समिति राजपुरा के नौ और पंचायत समिति भादरा के नौ आवेदनों सहित जिला परिषद के चार जोन में प्रत्याशियों के आवेदन निरस्त हुए। निर्धारित समय तक रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में पार्टी सिंबल जमा नहीं होने से यह स्थिति बनी। बैठक में मामले की उच्चस्तरीय जांच करवाने का निर्णय लिया गया। कांग्रेस का शिष्टमंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष और संगठन महामंत्री से मिलकर निष्पक्ष जांच की मांग करेगा।

जिला कारागृह का औचक निरीक्षण

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष गंगाराम मूलचंदानी ने मंगलवार को जिला कारागृह का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने डिस्पेंसरी में दवाइयों, रसोई में भोजन की गुणवत्ता, शौचालयों और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। करीब तीन घंटे चले निरीक्षण के दौरान बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं। कोई बड़ी समस्या सामने नहीं आई, लेकिन सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए। हाल ही में जेल में बंदियों के बीच मारपीट की घटना के बाद इस निरीक्षण को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

सुरक्षित विद्यालय में ही सपनों को मिलते हैं पंख : एडीजे

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार सतीपुरा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एडीजे एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया ने विद्यार्थियों को बाल अधिकार, शिक्षा का अधिकार, पॉक्सो एक्ट, नशामुक्ति और साइबर अपराधों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय सुरक्षित स्थान है, जहां बच्चों के सपनों को पंख मिलते हैं। शिविर में विद्यार्थियों को निःशुल्क विधिक सहायता और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के बारे में भी बताया गया।

अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाएं, सुरक्षा के लिए मजबूती से खड़े रहें

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के विशेष अभियान एम्पावरिंग राजस्थान यूथ : ए लीगल लिटरेसी इनिशिएटिव-2026 एवं सुरक्षित बचपन अभियान के तहत मंगलवार को जिले के विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला एवं सेशन न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तनवीर चौधरी के निर्देशन में आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके अधिकारों, सुरक्षा और कानूनी सहायता के प्रति जागरूक करना था। अक्टूबर माह के चौथे मंगलवार को ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे के तहत आयोजित कार्यक्रमों की थीम सुरक्षित स्थान, जहां सपनों को पंख मिलते हैं-अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाएं, अपनी सुरक्षा के लिए मजबूती से खड़े रहें। जहां शिक्षा होती है, वहां कोई बच्चा असुरक्षित नहीं होना चाहिए।

अभियान

भारत विकास परिषद एवं चिकित्सा विभाग के तत्वावधान में जागरूकता शिविर आयोजित

नोहर : 200 छात्राओं की एनीमिया जांच कर दिया स्वास्थ्य संरक्षण का संदेश

सीमा सन्देश # नोहर। भारत विकास परिषद शाखा नोहर एवं चिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में श्री गौरीशंकर बिहानी राजकीय कन्या महाविद्यालय तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में एक दिवसीय एनीमिया जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। परिषद अध्यक्ष सुभाष स्वामी की अध्यक्षता में आयोजित शिविर का शुभारंभ भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में चिकित्सा विभाग की टीम ने 200 छात्राओं के रक्त की जांच कर हीमोग्लोबिन स्तर का मापन किया तथा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। शिविर के मुख्य वक्ता डॉ. प्रदीप कड़वासरा ने एनीमिया के कारणों, लक्षणों, बचाव एवं उपचार के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाने तथा संतुलित आहार अपनाने के लिए प्रेरित किया। वैद्य गौरीशंकर ने स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित भोजन और नियमित दिनचर्या के महत्व पर प्रकाश डाला। सुनीता देवी ने कहा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त नारी है। उन्होंने छात्राओं को हीमोग्लोबिन का उचित स्तर बनाए रखने और आवश्यकता होने पर चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार उपचार लेने की बात कही।



स्वस्थ व्यक्ति राष्ट्र की अमूल्य पूंजी

चिकित्सा विभाग की टीम में सुरेश कुमार, कृष्ण कुमार, मुखी, मनोज एवं जीतूराम खाती ने जांच सेवाएं प्रदान कीं। भारत विकास परिषद की ओर से कम हीमोग्लोबिन स्तर वाली छात्राओं को गुड़-चना वितरित किया जाएगा। परिषद अध्यक्ष सुभाष स्वामी, सचिव ओमप्रकाश स्वामी, कोषाध्यक्ष राजपाल वर्मा, गौरीशंकर शर्मा, जगदीश शर्मा, राजू सरावगी, अमरसिंह बैनीवाल एवं कमलेश शर्मा उपस्थित रहे। महाविद्यालय से सुनील कुमार राठी, कृष्ण कुमार शर्मा, मीतू पूनियां, कृष्ण कासोटिया, राजेश कुमार एवं प्रमोद कुमार ,अनिल सेवटा एवं हॉस्टल वार्डन मीरा बिजारणियां मौजूद रहे। प्राचार्य डॉ. अमरसिंह मूनपरिया ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति राष्ट्र की अमूल्य पूंजी है। हीमोग्लोबिन की कमी से थकान, सुस्ती एवं पढ़ाई में अरुचि जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में समय पर जांच, उचित पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी है। स्वस्थ रहकर ही राष्ट्र की सच्ची सेवा की जा सकती है।

सभापति-उपसभापति ने किया व्यवस्था का निरीक्षण

छठ पर्व से पहले होगी नहर की सफाई

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। छठ पर्व को लेकर नगर परिषद सभापति मंजू रणवां और उपसभापति सोनू बंसल ने मंगलवार को चुंगी नंबर आठ पर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान पूर्वांचल समाज के नागरिकों ने चुंगी नंबर छह से अंडरपास तक नहर की बेहतर ढंग से साफ-सफाई करवाने की मांग उठाई। इस पर सभापति मंजू रणवां ने नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों को दीपावली और छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए नहर व उसके आसपास जल्द सफाई करवाने के निर्देश दिए, ताकि पूर्वांचल समाज के लोगों को छठ पर्व मनाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान मौजूद पार्षद गुरनायब सिंह, नवीन बाकोलिया और पार्षद प्रतिनिधि कुलविन्द्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में पूर्वांचल समाज के लोग निवास करते हैं। दीपावली के बाद छठ पर्व मनाया जाएगा। हर वर्ष चुंगी नंबर आठ से गुजरने वाली नहर पर छठ पर्व का आयोजन होता है।



आयोजन को शानदार बनाने के प्रयास

इस बार भी आयोजन को शानदार बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने श्री छठ पूजा समिति की ओर से छठ पूजा महोत्सव के दौरान 11 नवंबर को आरटीडीसी होटल के पास प्रस्तावित दंगल प्रतियोगिता की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने और खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने में मदद मिलेगी।

इस दौरान यह रहे मौजूद

इस मौके पर सरबजीत कौर, बलराम, देवीलाल, सुखासिंह, रामू राय, गुड्डू, कालासिंह, तरसेम सिंह, गुलाम नबी, हैप्पीसिंह, सतपाल सिंह, बेलीराम, गुरचरण सिंह, मुनाफ खां, अशोक सिंह, चरणजीत सिंह, शंकरलाल पटेल, जगदेव, प्रवेश गुप्ता, महेन्द्र सरवटा, लखवीर सिंह, दर्शन सिंह, मनोहर, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

विधायक ने 5 और कमरे बनवाने का दिया भरोसा

हनुमानगढ़ : भामाशाहों की पहल से स्कूल को मिला नया कक्षा-कक्ष

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन के पंजाबी मोहल्ला स्थित महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) में सामाजिक सरोकार के तहत श्री अमरनाथ सेवा समिति की ओर से नवनिर्मित कक्षा-कक्ष का लोकार्पण मंगलवार को समारोहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गणेश राज बंसल रहे, जबकि अध्यक्षता समिति अध्यक्ष सूरजभान मित्तल ने की। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद सभापति मंजू रणवां, उपसभापति सोनू बंसल, सेवानिवृत्त प्रिंसिपल प्रवीण नागपाल तथा समिति सचिव इंद्रजीत चराया मंचासीन रहे। इस दौरान विद्यालय में विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पांच अतिरिक्त कक्षा-कक्ष बनवाने की मांग भी उठी, जिस पर विधायक ने प्रस्ताव तैयार करवाने के निर्देश दिए।



शिक्षा ढ़ांचे को मजबूत करना प्राथमिकता

समारोह के दौरान सेवानिवृत्त प्रिंसिपल प्रवीण नागपाल ने विद्यालय में विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए विधायक गणेश राज बंसल के समक्ष पांच अतिरिक्त कक्षा-कक्षों के निर्माण की आवश्यकता रखी। इस पर विधायक ने तुरंत संज्ञान लेते हुए विद्यालय की संस्था प्रधान राजेंद्र कौर को निर्देश दिए। विधायक बंसल ने कहा कि शिक्षा के ढांचे को मजबूत करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। भामाशाहों की ओर से किया जा रहा योगदान अनुकरणीय है और ऐसे प्रयास विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

साइबर सुरक्षा के प्रति रहें जागरूक

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मंगलवार को टाउन स्थित टाइम्स पब्लिक स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को कानून, उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कानूनी जानकारी देने के साथ डिजिटल माध्यमों का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट, 138 एनआई एक्ट न्यायालय अंशिका तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिवक्ता एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल के आयुष हिसारिया मौजूद रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं न्याय विभाग से कनिष्ठ सहायक योगेश मीणा और मुकुंद ओझा भी मौजूद रहे। शिविर में विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट अंशिका ने विद्यार्थियों को कानूनी अधिकारों, कर्तव्यों और कानून की पालना के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक नागरिक बनने तथा समाज में न्याय और समानता की भावना बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

एसआरएम स्कूल की टीम प्रथम

हनुमानगढ़। भारत विकास परिषद की ओर से 25 अक्टूबर को बीकानेर में आयोजित प्रांतीय समूह ज्ञान प्रतियोगिता में एसआरएम स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। टीम ने हनुमानगढ़ नगर इकाई का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता में प्रांत की 15 शाखाओं ने भाग लिया। इस उपलब्धि पर स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर विजेता टीम और संगीत शिक्षक गुलशन अरोड़ा का सम्मान किया गया। अब टीम 15 नवंबर को जयपुर में होने वाली क्षेत्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी।

नशीली दवाओं की 200 टैबलेट-कैप्सूल सहित एक गिरफ्तार

सीमा सन्देश # पीलीबंगा
पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नशीली दवाओं की 200 टैबलेट-कैप्सूल सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बुप्रेनॉर्फिन की 50 टैबलेट, टेपेंटाडोल की 50 टैबलेट तथा प्रेगाबलिन के 80 कैप्सूल बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, जिला पुलिस अधीक्षक बी आदित्य आईपीएस के निर्देशानुसार नशे एवं अपराध की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नोहर गीता चौधरी आरपीएस एवं वृताधिकारी रावतसर विक्रम चौहान आरपीएस के सुपरविजन तथा पीलीबंगा थानाधिकारी रायसिंह के निर्देशन में 26 अक्टूबर को उपनिरीक्षक वीरचन्द मय पुलिस टीम गश्त कर रहे थे। इस दौरान पीलीबंगा से गोलूवाला रोड पर मंडी पीलीबंगा के पास पुलिस ने विक्की इंदौरा (42) पुत्र भीखाराम धाणक, निवासी वार्ड नंबर 10, सरकारी अस्पताल के नजदीक, मंडी पीलीबंगा को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से प्रतिबंधित श्रेणी की दवाओं की उक्त खेप बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



कार्यस्थल पर दुर्व्यवहार के खिलाफ उठाएं आवाज :डॉ.जैन

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन स्थित राजकीय नेहरू मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 तथा दहेज निषेध अधिनियम को लेकर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो. रामपाल अहरोदिया की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने छात्र-छात्राओं को कानूनी अधिकारों और सुरक्षा प्रावधानों की जानकारी दी। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता अधिवक्ता एवं शिक्षाविद् डॉ. सुचेता जैन ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कार्यस्थल पर गरिमापूर्ण और सुरक्षित वातावरण में काम करने का अधिकार है। उन्होंने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम, 2013 के कानूनी प्रावधानों को सरल भाषा में समझाया। साथ ही बताया कि इस अधिनियम के तहत किस प्रकार की शिकायतों का निवारण किया जाता है। डॉ. जैन ने महाविद्यालय में गठित आंतरिक शिकायत समिति की कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए छात्राओं को किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार के खिलाफ बिना डर आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसी क्रम में पंकज मिश्रा ने दहेज निषेध अधिनियम के बारे में जानकारी दी।



एआई के दौर में हुनर दिलाएगा रोजगार

हनुमानगढ़। टाउन स्थित राजकीय नेहरू मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार प्राचार्य डॉ. रामपाल अहरोदिया की अध्यक्षता में 'वर्तमान समय में रोजगार के अवसर और बदलते करियर' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को रोजगार के बदलते स्वरूप, नए करियर विकल्पों और कौशल विकास के महत्व की जानकारी दी गई। प्राचार्य प्रो. रामपाल अहरोदिया ने कहा एआई का उपयोग बढ़ रहा है। ऐसे में कौशल का विकास करना चाहिए। शैक्षणिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर सीखना चाहिए।

सफाई व्यवस्था को लेकर विपक्षी पार्षदों का प्रदर्शन

सीमा सन्देश # भादरा। नगर पालिका में सफाई व्यवस्था में लापरवाही एवं वार्डों की समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए विपक्षी पार्षदों ने मंगलवार को नगर पालिका परिसर में प्रदर्शन कर नारेबाजी की। पार्षदों ने आरोप लगाया कि नए बोर्ड के गठन के बाद कई वार्डों में नियमित सफाई नहीं हो रही तथा अधिकारियों द्वारा उनकी शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ईओ एवं नगर पालिका अध्यक्ष की अनुपस्थिति में कनिष्ठ अभियंता और सेनेटरी इंस्पेक्टर ने पार्षदों को आश्वासन दिया कि 28 अक्टूबर से सफाई व्यवस्था सुधारने का कार्य शुरू होगा तथा 1 नवंबर के बाद इसे नियमित किया जाएगा।



समाधान नहीं तो किया जाएगा बड़ा आन्दोलन

पार्षदों ने चेतावनी दी कि निर्धारित समय में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में गौरव सोनी, शकील गौरी, आबिद खान, मकसूद खोखर, सुनील कुमार फौजी, नाजम अली, गुलफाम कुरैशी, आकाश मीणा, अकरम खोखर सहित अन्य पार्षद मौजूद रहे।

पंचायती राज चुनाव : निष्पक्षता और कानून-व्यवस्था पर दिया जोर

भौतिक सत्यापन और निर्वाचन संबंधी जिम्मेदारियों के बारे में बताया, समस्या का तत्काल हो समाधान

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए मंगलवार को हनुमानगढ़ टाउन स्थित राजकीय नेहरू मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नवनियुक्त रिटर्निंग अधिकारियों और सेक्टर अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में निर्वाचन प्रक्रिया, मतदान केन्द्रों के प्रबंधन, कानून-व्यवस्था और अधिकारियों के दायित्वों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में नवनियुक्त रिटर्निंग अधिकारियों (आरओ-1 से आरओ-25) को पंच, सरपंच और उपसरपंच के निर्वाचन से जुड़ी प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर्स ने नाम निर्देशन, मतदान, मतगणना और निर्वाचन संबंधी विभिन्न प्रपत्रों को समयबद्ध एवं त्रुटिरहित तरीके से भरने की जानकारी दी। दूसरे सत्र में जिले की सभी पंचायत समितियों के नियुक्त और रिजर्व सेक्टर अधिकारियों का उन्मुखीकरण किया गया। उन्हें अपने कार्यक्षेत्र, कानून-व्यवस्था बनाए रखने, मतदान केन्द्रों के भौतिक सत्यापन और निर्वाचन संबंधी जिम्मेदारियों के बारे में बताया गया। स्वर्ण जयंती भवन में ईवीएम संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. खुशाल यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र की संवेदनशीलता का आकलन करते हुए टीम की निष्पक्षता सुनिश्चित करें। उन्होंने मतदान केन्द्रों के 100 मीटर के दायरे में लागू निषेध संबंधी नियमों की पालना कराने और पंचायत समितियों में सामने आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान करने पर जोर दिया।



100 मीटर दायरे में फोन प्रतिबंधित

जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों से हर परिस्थिति में संयम और सूझबूझ के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक बी आदित्य ने आदर्श आचार संहिता के नियमों और संभावित परिस्थितियों से निपटने के तरीकों की जानकारी दी। मतदान केन्द्रों के आसपास पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।

समाधान के संबंध में दिशा-निर्देश

उप जिला निर्वाचन अधिकारी उम्मेदी लाल मीना ने चुनावी प्रक्रिया, कानून-व्यवस्था, मतदान केंद्रों के संचालन और मैदानी स्तर पर आने वाली संभावित समस्याओं के समाधान के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केन्द्रों के 200 मीटर के दायरे से संबंधित नियमों तथा 100 मीटर के दायरे में मोबाइल फोन प्रतिबंध के प्रावधानों की पालना पर जोर दिया। साथ ही मतदान केन्द्रों पर भोजन एवं शौचालय की व्यवस्था का जायजा लेने और 5 हजार से अधिक आबादी वाले मतदान केन्द्रों पर अतिरिक्त स्टाफ व मोबाइल पार्टियों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण में मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रद्धा गोमे, एएसपी अरविंद, मास्टर ट्रेनर्स एमपी सिंह, चैन सिंह, रमेश धानक एवं अन्य प्रशिक्षकों सहित सभी रिटर्निंग अधिकारी मौजूद रहे।

रावतसर : रामा पब्लिक स्कूल में लगाया जागरूकता शिविर

सीमा सन्देश# रावतसर। विधिक जागरूकता अभियान के अंतर्गत मंगलवार को रामा पब्लिक स्कूल में 'अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाओ, अपनी सुरक्षा के लिए मजबूती से खड़े रहो । जहां शिक्षा होती है, वहां कोई बच्चा असुरक्षित नहीं होना चाहिए' विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट विधिका आर्य ने बच्चों को किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में बताया तथा विधालय भवन सुरक्षा एवं आधारभूत सुविधाओं का विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाना विधिक अधिकार के तहत आता है विद्यालय व अन्य जगहों पर अपने अधिकारों के बारे में जानकारी दी। विद्यालय प्रांगण में पहुँचने पर संस्था व्यवस्थापक संदीप मारोठिया, प्रधानाचार्या दर्शना वर्मा व समस्त स्टाफ ने साफा ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। शिविर में अधिवक्ता गौरी शंकर वर्मा, मांगी लाल वर्मा, रामकुमार अध्यापक, अनिल वर्मा अध्यापक,समस्त शाला स्टाफ एवं कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रशासन ने न्यायाधीश व सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



सूरतगढ़ में नौ पुलिसकर्मियों और अधिकारियों पर परिवाद दर्ज

सीमा सन्देश # सूरतगढ़

न्यायिक कार्यवाही के दौरान कथित रूप से गलत दस्तावेज व मिथ्या साक्ष्य प्रस्तुत करने और न्यायालय के आदेशों की पालना न करने के मामले में न्यायालय ने तत्कालीन सिटी थानाधिकारी सहित 9 पुलिस अधिकारियों व कर्मियों के खिलाफ परिवाद दर्ज करने के आदेश दिए हैं। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनमोहन चंदेल ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर आगामी 2 नवंबर को अपना पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उपखंड मजिस्ट्रेट आईएएस भरत जयप्रकाश मीणा द्वारा बीएनएस की धारा 379 सहपठित धारा 215 के तहत प्रस्तुत परिवाद में आरोप लगाया गया कि फौजदारी इस्तगासा संख्या 171/2025 में न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए मिथ्या साक्ष्य तैयार कर अदालत में पेश किए गए। मामले में तत्कालीन सिटी थानाधिकारी दिनेश सारण, एएसआई शिवलाल, सिपाही नटवरलाल, विजेंद्र सिंह, रतन सोनी, तत्कालीन उपाधीक्षक प्रतीक मील, तत्कालीन श्रीगंगानगर एसपी हरिशंकर यादव, जयपुर एटीएस के संबंधित एसपी और रिलायंस जियो इन्फोकॉम लि. के नोडल अधिकारी के खिलाफ आरोप हैं। परिवाद में यह भी कहा गया कि न्यायिक आदेशों के बावजूद मोबाइल नंबरों की सीडीआर व टावर लोकेशन रिपोर्ट पेश नहीं की गई। प्रथम दृष्टया सामग्री के आधार पर अदालत ने सभी पक्षों को लिखित नोटिस भेजकर तामील कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जयपुर एटीएस व रिलायंस जियो इन्फोकॉम के संबंधित पदों पर 17 अप्रैल 2025 से 16 अक्टूबर 2026 तक पदस्थापित रहे अधिकारियों के नाम, पदनाम और पते भी प्रस्तुत करने को कहा गया है। मामले की अगली सुनवाई 2 नवंबर को होगी।

दुल्लापुर कैरी के आरोग्य मित्रों की दौड़ नशा मुक्ति की ओर



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

ग्राम पंचायत दुल्लपुर कैरी के आरोग्य मित्रों ने श्रीगंगानगर में 25 अक्टूबर को आयोजित नशा मुक्ति के लिए मैराथन में भाग लिया गया। इस मैराथन का उद्देश्य नशा मुक्ति था। आयुष्मान आदर्श ग्राम योजनरा में नशा मुक्ति एक सूचकांक है। डॉ. वाटिका किनरा ने बताया कि मैराथन में भाग लेने वाले आरोग्य मित्रों में संनील कुमार बवेजा, रामचन्द्र, शेर सिंह, बुद्धराम, विशाल उपस्थित रहे।

सादुलशहरः कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानू का सम्मान

सीमा सन्देश # सादुलशहर



युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव शिवा राजपूत ने कार्यकर्ताओं के साथ जयपुर पहुंचकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानू एवं प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक चौधरी का जहां सम्मान किया, वहीं दोनों नेताओं से मुलाकात कर कांग्रेस पार्टी द्वारा एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली में ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं को पहुंचाने की रूपरेखा पर भी विचार किया गया। उन्होंने बताया कि पूर्व विधायक जगदीश चंद्र जांगिड के आह्वान पर ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रैली में ले जाने के बारे में भी विचार-विमर्श किया गया। गौरतलब है कि कांग्रेस नेतृत्व द्वारा वोट चोर गद्दी छोड आंदोलन के तहत एक नवंबर को यह रैली निर्धारित की हुई है।

श्रीकरणपुरः गुरु रामदासजी के प्रकाश उत्सव पर हुआ कार्यक्रम



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर

सिखों के चौथे गुरु रामदासजी के प्रकाश उत्सव पर गुरुद्वारा सिंह सभा में श्री अखंड पाठ साहब के भोग डाले गए। हजूरी रागी जत्था भाई अमरजीत सिंह नूर ने शबद कीर्तन करते हुए गुरु रामदास जी के जीवन पर प्रकाश डाला। पाठ भोग उपरांत गुरु का लंगर प्रसाद वितरित किया गया। गुरुद्वारा अरोड़वंश साहब में गुरु रामदास जी के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष में श्री सुखमणि साहब के पाठ किए गए। काफी संख्या में संगतें शामिल हुईं।

मृतक का पुलिस ने करवाया पोस्टमार्टम, शव परिजनों को सौंपा, की जा रही है हादसे के कारणों की जांच

अचानक तेज गति से आई कार ने बाइक सवार चार जनों को कुचला, एक की मौत, तीन घायल

सीमा सन्देश # सादुलशहर



तख्तहजारा-चमारखेड़ा बस स्टैंड के पास रोड पर पहले दो बाइक भिडे, सडक पर गिरे, अचानक तेज गति से आई कार ने दोनों बाइक सवार चार जनों को कुचल दिया। इनमें से एक की मौत हो गई। तीन गंभीर घायलों को राजकीय उप जिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार देकर श्रीगंगानगर रेफर कर दिया गया। मृतक कृष्णलाल बावरी 52 पुत्र जग्गीराम निवासी हाकमाबाद के शव को मोर्चरी रूम में रखवाया गया। यहां पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस थाना सादुलशहर में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार खैरूवाला निवासी गोविन्द सिंह पुत्र गुरचरण सिंह, उम्र 26 वर्ष ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि 26 अक्टूबर 2026 को सुबह करीब 11:15 बजे उसके फूफा कृष्णराम पुत्र जंगीर राम बावरी निवासी हाकमाबाद तथा उसके चाचा का लड़का सुरेन्द्र कुमार पुत्र मंगलाराम निवासी खेरूवाला मोटरसाइकिल नंबर पीबी 22 सी 2794 पर सवार होकर तख्तहजारा-चमारखेड़ा बस स्टैंड पहुंचे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही मोटरसाइकिल नंबर आरजे 13 एससी 4588 के चालक ने कथित रूप से लापरवाही एवं तेज गति से वाहन चलाते हुए कृष्णराम व सुरेन्द्र कुमार की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर के कारण दोनों बाइकस सड़क पर गिर गईं। इसी बीच श्रीगंगानगर की ओर से आ रही होंडा सिटी कार नंबर आरजे 13 ईएफ 1920 के चालक ने तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए सड़क पर गिरी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल सवार कृष्णराम की मौके पर मौत हो गई। बताया गया है कि कार चालक यहीं नहीं रुका और उसने दूसरी मोटरसाइकिल को भी अपनी चपेट में ले लिया। इससे मोटरसाइकिल पर सवार युवक और युवती भी गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार दोनों मोटरसाइकिलों से टकराने के बाद काफी दूर तक घिसटती हुई गई। हादसे के कारण सड़क पर दोनों मोटरसाइकिलें क्षतिग्रस्त हो गईं और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने घायलों को संभाला और उन्हें राजकीय चिकित्सालय सादुलशहर पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए श्रीगंगानगर रैफर कर दिया।

कार चालक फरारः हादसे के बाद कार चालक वाहन को घटनास्थल पर ही छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर सादुलशहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू की। पुलिस आसपास के लोगों से घटना के संबंध में जानकारी जुटा रही है। साथ ही फरार कार चालक की तलाश की जा रही है।

मामला दर्ज कर जांच शुरू : पुलिस ने गोविन्द सिंह की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस हादसे के वास्तविक कारणों, वाहन चालकों की भूमिका तथा घटनाक्रम की जांच कर रही है। पुलिस द्वारा दुर्घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के साथ ही प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी लिए जा रहे हैं। दूसरी ओर बाइक दुर्घटना एवं कार द्वारा कुचलकर मारे गए कृष्णलाल बावरी की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया गया है। हाकमाबाद के निवर्तमान प्रशासक ओम विकास यादव, बावरी समाज के प्रमुख नेता सुखविंद्र सिंह बावरी, पूर्व डायरेक्टर गरीबदास बावरी, किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष कौर सिंह सिधू, पूर्व सरपंच सुखपाल सिंह मान ने इस पर जहां गहरा शोक जताया है, वहीं आए दिन हो रही दुर्घटनाओं एवं यातायात नियमों की हो रही अवहेलना पर भी नाराजगी जताई। कार चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी की गई है। इन जनप्रतिनिधियों ने बताया कि मृतक कृष्णलाल बावरी की दो पुत्रियां हैं। दुर्घटना का शिकार बनने से उनके घर में कोहराम मचा हुआ है। कमाने वाला मात्र कृष्णलाल बावरी ही था।

बार संघ ने किया एसडीएम कार्यालय का बहिष्कार, धरना देकर किया उग्र प्रदर्शन

सादुलशहर। चुनाव शाखा में आरोपित लिपिक को निलंबित कर अन्यत्र भेजने की मांग को लेकर बार संघ का एसडीएम कार्यालय के समक्ष धरना मंगलवार को भी जारी रहा। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने एसडीएम कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन भी किया। नारेबाजी कर कार्यालय में जमकर भ्रष्टाचार होने के साथ-साथ अभद्र व्यवहार का आरोप भी लगाया गया। धरनार्थी अधिवक्ताओं ने कहा कि बार संघ का निर्णय अटल है। सांकेतिक धरना-प्रदर्शन जब तक जारी रहेगा तब तक आरोपित लिपिक एवं अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती। चेतावनी भी दी गई कि अगर कार्रवाई शीघ्र नहीं की गई तो जिले की तमाम बार संघ से सहयोग लिया जाएगा। सादुलशहर की व्यापारिक संस्थाओं से संपर्क कर बडे स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। बार संघ के अध्यक्ष सुभाष पटीर, सचिव राकेश गुरिया, पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि सांकेतिक धरना-प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा। धरना देने वालों में वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र मोदी, मणिराम जालप, कुंदनलाल चुघ, मेजर सिंह, एडवोकेट आयुष खीचड, एडवोकेट लक्ष्मीनारायण सहगल, करणी सिंह राठौड, महेंद्र शर्मा, बार संघ के उपाध्यक्ष संत कुमार वर्मा, थावरदास सेठी, कृपाल सिंह, रामकुमार जालवाल, अमित चावला, लाभ सिंह सौलंकी, संजय गरूआ, नरेश गोदारा, विकास गुरिया, मनीष चावला, बलवंत सिंह बुडानिया, जगनंदन सिंह चहल, रामकुमार टांक, हरदीप सिंह मान, अजब खीचड, बृज चौहान, गुरप्रीत सिंह मान, धर्मेंद्र खीचड, अभिषेक सहारण आदि शामिल हैं।

शिवाजी स्कूल में मनाया जिले का स्थापना दिवस

सीमा सन्देश# खानूवाली



शिवाजी स्कूल सात के एन डी में श्री गंगानगर जिले का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक,साहित्यिक, एवं खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम सपना द्वितीय मोनिका, तृतीय नव्या रही पोस्टर एवं चार्ट निर्माण प्रतियोगिता में रितु प्रथम, नव्या द्वितीय एवं साक्षी तृतीय रही,सपना पुत्री अशोक कुमार ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत बॉलीवॉल,खो खो दौड़ चमच दौड़ एवं कुर्सी दौड़ जैसी विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई । बालिका वरिष्ठ कुर्सी दौड़ में प्रिया वहीं कनिष्ठ बालिका वर्ग में प्रथम जसमीत रही। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन सहयोग स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं टीम भावना का विकसित करने का संदेश दिया गया। प्रधानाचार्य विष्णु दत्त बिश्नोई ने श्री गंगानगर जिले के इतिहास एवं सांस्कृतिक विरासत के महत्व से अवगत कराया। इस अवसर के समापन पर सहप्रबधक प्रमोद खीचड़ ने सभी का आभार जताया।

विद्यालयों में स्काउटिंग गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर

स्काउट-गाइड स्थानीय संघ का वार्षिक अधिवेशन

सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर



स्थानीय राबाउमावि में मंगलवार को भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ का वार्षिक अधिवेशन एवं संस्था प्रधान विचार गोष्ठी आयोजित हुई। सीबीईओ जगदीशचंद्र सोलंकी की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में स्काउटिंग गतिविधियों, वार्षिक कार्ययोजना आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। सचिव चंद्रपाल रोलण ने वार्षिक प्रतिवेदन व सुरजीत कुमार ने आय-व्यय का ब्योरा दिया। पूर्व संयुक्त निदेशक महेंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि स्काउटिंग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रभावी माध्यम है। अधिवेशन में स्थानीय संघ भवन की चारदीवारी व एक कमरे के निर्माण के लिए भामाशाहों का सहयोग लेने तथा सीबीईओ के माध्यम से प्रस्ताव भिजवाने पर विचार किया गया। संयुक्त सचिव कमली ने कब-बुलबुल गतिविधियों से छोटे बच्चों में संस्कार और रचनात्मकता के विकास पर प्रकाश डाला। संस्था प्रधान दिलीप कुमार और जगदीश कुमार गजरा ने विद्यालयों में स्काउटिंग गतिविधियां अनिवार्य रूप से शुरू करने की बात कही। इस दौरान रॉबर्ट सोनू, प्रवीण और करण ने कचरा प्रबंधन का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में स्काउटर सुरेश कुमार, परमजीत सिंह, शिवप्रकाश, सुरजीत कुमार, अशोक कुमार, कार्तिक तथा गाइडर विमला देवी उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाचार्य एवं स्काउट-गाइड कमिश्नर रेणु लमोरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

श्रीकरणपुरः न्यायाधीशों ने स्कूलों में विद्यार्थियों को जागरूक किया

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे के अन्तर्गत न्यायाधीशों द्वारा विद्यालयों में विभिन्न विषयों पर जागरूकता शिविर लगाना निश्चित किया है। तालुका विधिक सेवा समिति सचिव शुभम कुमार ने बताया कि एसीजेएम श्रीमती महेश्वरी बरोड़ द्वारा वेदांता उच्च माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं को शिक्षा के अधिकार के बारे में अवगत करवाया। जेल विजिटिंग अधिवक्ता मंजीत कचूरा द्वारा राउमावि में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। अधिकार मित्र



प्रवीण कुमार, कृष्ण सिंह वह गौरव शर्मा के सहयोग से जागरूकता शिविर पूर्ण किया गया।

'डिग्गी की गंदगी निकालकर सड़कों पर गिरा जाते हैं'

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। स्थानीय जलदाय विभाग की डिग्गियों की सफाई का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान डिग्गियों से निकाली जा रहे मलबे को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर ले जाया जा रहा है, लेकिन ट्रॉलियों के डाले सही ढंग से बंद नहीं होने के कारण मलबा रास्ते में सड़क पर बिखर जाता है। इससे सड़कों पर गंदगी फैल रही है। कीचड़ एवं सफाई व्यवस्था उचित नहीं होने के कारण सड़क की हालत भी खराब हो गई है। इस संबंध में हरदेव सिंह, फूमन सिंह, पवन कुमार ने नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार बिश्नोई को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि जलदाय विभाग की डिग्गियों से निकाली जा रही गार को ढकी हुई ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में ले जाने हेतु संबंधित ठेकेदार/कर्मचारियों को पाबंद किया जाए।

परेशान लोगों ने ईओ को बताई परेशानी

बाबा खेत्रपाल के जागरण में भजनों पर झूमे श्रद्धालु



सीमा सन्देश # चूनावढ़

कस्बे के उपतहसील के पास श्री बाबा खेत्रपाल इच्छापूर्ण जंडी मंदिर में बाबा खेत्रपाल का दूसरा विशाल जागरण आयोजित किया गया। मंदिर समिति के सदस्य प्रिंस गुंबर ने बताया कि जागरण का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ। इसके बाद पंडित गौरीशंकर शर्मा ने विधिवत पूजा-अर्चना करवाई। जागरण में अमृतसर (पंजाब) के लोक गायक रफीक खान और गुरलाल ढिल्लों ने भजनों के माध्यम से बाबा खेत्रपाल की महिमा का गुणगान किया। मंगलवार सुबह बाबा खेत्रपाल की आरती की गई और भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान अटूट लंगर भी बरताया गया। व्यवस्थाओं में प्रिंस गुंबर, राजा शर्मा, गुरप्रीत सिंह, मख्खन सिंह, बबलू सिडाना, आशु सिडाना, सुक्खा सिंह 26 जीजी, नरेंद्र सिंह, मोहित बजाज, सोनू गाबा, गौरीशंकर सिडाना, नितेश पन्नू, राहुल असवाल, विशाल गुंबर, दुन्नी चंद सिडाना सहित अन्य सेवादारों ने सहयोग दिया।

पंचायत की चौपाल में चुनावी चर्चा

सीमा सन्देश # कीकरवाली। पंचायत राज चुनावों की अधिसूचना जारी होने के साथ ही पंचायत की चौपाल में चुनावी चर्चा शुरू हो गई। इस बार ग्राम पंचायत में सरपंच पद अनुसुचित जाति की महिला के लिए आरक्षित हुआ है। सरपंच पद व पंचायत समिति डाइरेक्टर पद के इच्छुक लोग अपने स्तर पर जन सम्पर्क कर रहे हैं। गांव में अब तक आधा दर्जन से अधिक लोग सरपंची की दावेदारी जता रहे हैं। पंचायत समिति के डायरेक्टर पद सामान्य पुरुष के लिए आरक्षित हुआ हैं। इसके अलावा जिला परिषद का जोन नंबर भी सामान्य पद के लिए आरक्षित हुआ हैं जो कि पहले भी चर्चा में आ चुका है।

न्यूज इन ब्रीफ

नशा करने के आरोप में एक गिरफ्तार

सीमा सन्देश# घड़साना। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए नशा करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी थाना अधिकारी आलोक सिंह चारण के नेतृत्व में तथा रकमाणक लाल की अगुवाई में पुलिस टीम ने साजन सिंह निवासी 3 जेएम को चिट्टा/हेरोइन के सेवन के मामले में गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकद्दमा दर्ज किया है। कार्रवाई में रकमाणक लाल, कांस्टेबल राजेश मीणा, कांस्टेबल प्रकाश और कांस्टेबल ज्योति शामिल रहे।

बैंक के आगे से बाइक चोरी

सादुलशहर। पिछले कुछ दिनों से मोटरसाइकिल चोरी की वारदातें लगातार हो रही हैं। जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 2 निवासी उमेश शर्मा अपनी बाइक लेकर दोपहर 1:00 बजे एसबीआई बैंक में किसी कार्य से आया था। उमेश ने बाइक बाहर खड़ा कर लॉक कर दिया। करीब 20 मिनट बाद बैंक से बाहर आया तो मोटरसाइकिल गायब था। उसने आसपास तलाश किया। मोटरसाइकिल नहीं मिलने पर तुरंत पुलिस थाना पहुंचकर परिवाद दिया। पुलिस ने परिवाद लेकर रख लिया। परिवादी ने यह भी बताया कि पुलिस को संदिग्ध युवक के फुटेज भी उपलब्ध करवाए गए हैं।

जिला स्तरीय जूडो एक नवंबर से

श्रीकरणपुर। जिला जूडो संघ श्रीगंगानगर के तत्वाधान में जिला स्तरीय सब जूनियर (छात्र/छात्रा) जूडो प्रतियोगिता का आयोजन एक नवंबर को न्यू होप पब्लिक स्कूल श्रीविजयनगर में सुबह 10 बजे से किया जाएगा। प्रतियोगिता आयोजक सचिव युवराज सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में आयु वर्ग केलेंडर वर्ष 2012, 2013 व 2014 या 12 से 15 साल से तक का कोई भी खिलाड़ी भाग ले सकता है। खिलाड़ियों को आयु प्रमाण के लिए जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड के साथ एवीटी टेस्ट प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है। किसी भी खिलाड़ी के जन्म प्रमाण पत्र का रजिस्ट्रेशन 3 वर्ष पूर्व का होना अनिवार्य है। मुकाबले 11 बजे से शुरू करवा दिए जाएंगे।



कार्यक्रम

बच्चों के कानूनी अधिकारों और शिक्षा पर दी जानकारी

पायनियर स्कूल में बाल सुरक्षा जागरूकता शिविर आयोजित

सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीगंगानगर के निर्देशानुसार मंगलवार को स्थानीय पायनियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 'ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूज्डेस' अभियान के तहत बाल सुरक्षा, शिक्षा का अधिकार और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर की थीम 'सुरक्षित स्थान, जहां बच्चों को पंख मिलते हैं' रही। मुख्य अतिथि एसीजेएम जितेंद्र डूकिया ने बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों और बाल सुरक्षा से जुड़े पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय एक ऐसा सुरक्षित वातावरण प्रदान करता है जहाँ बच्चे बिना डर के अपनी प्रतिभा निखार सकते हैं। उन्होंने बच्चों को शिक्षा पूरी करने और किसी भी प्रकार के अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा के प्रावधानों और शैक्षिक योजनाओं पर भी विशेष चर्चा की गई। रचनात्मक गतिविधियों



के माध्यम से विद्यार्थियों को सुरक्षित स्पर्श, मानसिक सुरक्षा, भयमुक्त वातावरण और साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया गया तथा किसी भी समस्या पर अभिभावकों या अध्यापकों को अवगत कराने की सलाह दी गई। अंत में विद्यालय प्रशासन ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ताल्लुका सचिव विनोद भाटी,पीएलवी अशोक कुमार, एवं विद्यालय निदेशक ए.पी सिंह, रवि बेरीवाल, दीपक गोयल तथा विद्यालय प्रशासन एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

मालवीय पब्लिक स्कूल में शिविर आयोजित



सादुलशहर। तालुका विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को मालवीय पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय में ट्रांसफॉर्मिटिव ट्यूज्डे शिविर का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री भूमिका पारिक द्वारा अधिकारों के लिए आवाज उठाने, अपनी सुरक्षा के लिए मजबूती से खड़े रहने विषय पर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। बच्चों की सुरक्षा, उनके अधिकारों के संरक्षण तथा उनहें समान अवसर उपलब्ध करवाने के लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर प्रयास करने चाहियें। विद्यालय प्रबंधक द्वारा विधिक साक्षरता शिविर आयोजन बाबत धन्यवाद ज्ञापित किया गया। प्रधानाचार्य इंद्रसेन, प्रबंधक राजीव शर्मा, अरूणा रानी व करण शर्मा द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट का सम्मान किया गया। इस दौरान अपर जिला एवं सेशन न्यायालय के नाजिर दिनेश कुमार, ताल्लुका विधिक सेवा समिति सचिव आशीष कुमार, एडवोकेट करणी सिंह राठौड, गोपाल सिंह राठौड, राधेश्याम जोशी मौजूद थे।

Email : advt.seemasandesh@gmail.com
CLASSIFIED
99280-38379, 95095-96000

विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया अपने विवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए सीमा सन्देश जिम्मेदार नहीं रहेगा।

नाम परिवर्तन

● मैंने अपना नाम रशपिन्द्र कौर पत्नी पुष्पेन्द्र सिंह से बदलकर वीरपाल कौर पत्नी पुष्पिन्दर सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना जावे। पता : गांव कोठा, तहसील व जिला श्रीगंगानगर (राज.)

✷ हनुमानगढ़ : 94611-23203, 94139-23203 ✷ रावतसर : 9414950421, 9680008289 ✷ नोहर : 94624-01666 ✷ संगरिया : 94146-29987 ✷ पल्लू : 96670-03883 ✷ सरदारशहर : 80786-99231 ✷ टिब्बी : 94137-33600 ✷ पीलीबंगा : 82907-20001, 94145-01321 ✷ करणपुर : 94144-34202 ✷ रायसिंहनगर : 7878125846 ✷ अनूपगढ़ : 9828554311, 94145-03452 ✷ पदमपुर: 94146-31255, 97858-16978 ✷ गजसिंहपुर : 86191-30345 ✷ जैतसर : 78910-35061 ✷ सूरतगढ़ : 94144- 32401 ✷ मानकसर : 99503-13776 ✷ केसरीसिंहपुर : 63763-01818, 97722-55455 ✷ घड़साना : 94149-89576, 99283-55629 ✷ बीकानेर : 77379-79636, 94141-38622, 77379-79636 ✷ रावला : 94149-84798, 99500-49908 ✷ कालूवाला : 9680496829 ✷ थालड़का : 78913-40002 ✷ गोलूवाला : 98281-32337 ✷ श्रीविजयनगर : 99836-19000 ✷ खाजूवाला : 96804-96829 ✷ सादुलशहर : 94145-08198, 94145-12234



चौथी पातशाही श्री गुरु रामदास जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर अमृतसर साहिब स्थित श्री हरिमंदिर साहिब (गोल्डन टेम्पल) में शीश नवाने और गुरु घर की खुशियां पाने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़े।

ग्लोबल न्यूज

क्या चुनाव हारने के बाद गिरफ्तार हो सकते हैं इजरायली पीएम नेतन्याहू



3-भ्रष्टाचार मामलों को लेकर इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) का गिरफ्तारी वॉरंट है। आईसीसी के सदस्य देश में जाने पर उस देश पर उन्हें गिरफ्तार करने की बाध्यता है। दोषी ठहराए जाने पर उन्हें जेल हो सकती है, चाहे वे सत्ता में आएं या नहीं। हालांकि, पद गंवाने मात्र से उन्हें जेल नहीं हो सकती।

ईरान ने संकट के बावजूद पाकिस्तान के इनकार के बाद अफगानिस्तान की ओर मोड़ी एलपीजी की सप्लाई



ईरानी उद्योगपति बाबक जंजानी ने दावा किया है कि उनकी कंपनी 'डॉट-वन' ने पाकिस्तान जाने वाली एलपीजी-सप्लाई अफगानिस्तान-चीन की ओर मोड़ दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में 11.8 किलोग्राम एलपीजी-सिलेंडर की कीमत 10,000-पाकिस्तानी रुपये से बढ़कर 13,000-पाकिस्तानी रुपये हो सकती है। यह घटनाक्रम ईरान के साथ सीमा बंद होने और पाकिस्तान में जारी एलपीजी-संकट के बीच सामने आया है।

मंथली एक्सपायरी पर सपाट बंद हुआ बाजार, स्मॉलकैप-मिडकैप शेयरों में रही तेजी



मंथली-एक्सपायरी पर मंगलवार को शेयर बाजार सपाट बंद हुआ। सेंसेक्स 8 अंक गिरकर 73,598 और निफ्टी 3 अंक फिसलकर 22,749 पर बंद हुआ।वहीं, इरए पर लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट-कैप आज करीब 3-लाख करोड़ घट गया। हालांकि, निफ्टी स्मॉलकैप में 2.6% और मिडकैप इंडेक्स में 1% की तेजी दर्ज की गई जिससे छोटे और मध्यम शेयरों में खरीदारी दिखी।

फ्लाईदुबई की घटना का इस्तेमाल कर रहा अल-कायदा, लोगों को हमलों के लिए उकसा रहा: रिपोर्ट



एक रिपोर्ट के मुताबिक, अल-कायदा अपने प्रचार माध्यमों 'नवा-ए-गजवा-ए-हिंद' और 'अल-मलाहिम मीडिया' के जरिए फ्लाईदुबई विमान को हाईजैक करने की नाकाम कोशिश को 'जीत' के रूप में पेश कर रहा है। संगठन लोगों को ऐसे और हमले करने के लिए उकसा रहा है और यह प्रचार कर रहा है कि बड़े आतंकी ढांचे के बिना भी हमले किए जा सकते हैं।

व्यापार पर रोक के बावजूद पाकिस्तान में कैसे बढ़ा भारतीय सामानों का आयात?



पहलगाम हमले के बाद सीधा व्यापार बंद होने के बावजूद पाकिस्तान ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में भारत से 5,876-करोड़ का सामान आयात किया जो पिछले साल की समान अवधि के 3,477.5-करोड़ से 69% अधिक है। बकौल विशेषज्ञ, सामान वअए और सिंगापुर जैसे देशों के रास्ते पहुंचता है और दोबारा लेबल लगाकर ऊंचे दामों पर बेचा जाता है।

त्योहारों पर फीकी पड़ी आईफोन की चमक, 30 प्रतिशत तक गिरी बिक्री



'मनीकंट्रोल' के मुताबिक, दशहरा के आसपास भारत में आईफोन की बिक्री 30% तक घटी और खुदरा विक्रेताओं को दिवाली पर भी मांग कमजोर रहने की आशंका है। कीमतें बढ़ने/डिस्काउंट ऑफर घटने/ग्राहकों के सतर्क खर्च के कारण खरीदारी प्रभावित हो रही है। 2026 में आईफोन की शिपमेंट 2025 के रिकॉर्ड 1.43 करोड़ यूनिट से दोहरे अंकों में घट सकती है।

इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर सकेंगे 90 मिनट तक के वीडियो, जल्द आएगा नया फीचर



'द हॉलीवुड रिपोर्टर' के अनुसार, मेटा की इंस्टाग्राम जल्द चुनिंदा क्रिएटर्स को 90 मिनट तक के वीडियो अपलोड करने की सुविधा देगी। ब्राजील में परीक्षण के बाद अमेरिका में इसकी टेस्टिंग की जा रही है। इसके तहत क्रिएटर्स अपनी रील्स को पूरे वीडियो से जोड़ सकेंगे जिससे दर्शक रील देखने के बाद उससे जुड़ा पूरा वीडियो भी देख पाएंगे।

तीसरा टी20 • सीरीज भी जीती, अभिषेक-वैभव के बीच 43 बॉल पर 133 रन की साझेदारी

अभिषेक ने 35 गेंदों पर बनाया शतक, 199 रन का टारगेट 13.2 ओवर में चेज किया

न्यूजीलैंड टीम के बराबर छक्के अभिषेक शर्मा ने अकेले जड़े

वेलिंगटन।

अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी की तूफानी बैटिंग की बदौलत भारत ने तीसरे टी-20 में न्यूजीलैंड को 6 विकेट से हरा दिया। भारत ने 199 रन का टारगेट सिर्फ 13.2 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इसके साथ ही टीम इंडिया ने पांच मैचों की सीरीज दो मैच बाकी रहते ही जीत ली है।

अभिषेक ने 35 बॉल पर टी-20 इंटरनेशनल करियर का चौथा शतक लगाया। वैभव ने 19 गेंदों पर 45 रन बनाए। दोनों के बीच 43 बॉल पर 133 रन की साझेदारी हुई। इन दोनों की पार्टनरशिप के दौरान भारत ने दो वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़े।

भारत ने महज 5 ओवर में 100 रन पूरे कर लिए। यह टी-20 इंटरनेशनल में सबसे तेज टीम शतक है। भारत ने पावरप्ले का सबसे बड़ा स्कोर भी बनाया। 6 ओवर में भारत ने बिना विकेट खोए 118 रन बना लिए। इससे पहले न्यूजीलैंड ने वेलिंगटन में टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 198 रन बनाए थे।

न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल की नाबाद 89 रन की आतिशी पारी की बदौलत तीन विकेट पर 198 रन का मजबूत स्कोर बनाया लेकिन अभिषेक के शतक के सामने यह स्कोर छोटा साबित हुआ और भारत ने 13.2 ओवर में चार विकेट पर 199 रन बनाकर एकतरफा जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच अभिषेक ने 38 गेंदों पर 113 रन की आतिशी पारी में नौ चौके और 11 छक्के लगाए।

अभिषेक की पारी की सबसे खास बात यह थी कि उन्होंने ऑफ साइड, खासकर कवर एरिया में दबदबा बनाया, जहां उन्होंने अपने 113 रनों में से 51 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने गेंद को फुल और यॉर्कर लेंथ के करीब रखकर भारत के बॉलिंग प्लान को दोहराने की कोशिश की, लेकिन भारत के ओपनर अपनी कलाइयों का शानदार इस्तेमाल करते हुए छोटी स्क्वायर बाउंड्री का फायदा उठाने में कामयाब रहे। मिचेल सेंटनर ने क्रीज पर दो बाएं हाथ के बल्लेबाजों के साथ खुद को रोके रखा और ओपनिंग साझेदारी टूटने के बाद ही मैदान पर आए। उन्होंने कुछ विकेट भी लिए, लेकिन तब तक अभिषेक खेल को न्यूजीलैंड की पहुंच से काफी दूर ले जा चुके थे। अभिषेक और वैभव सूर्यवंशी ने तूफानी शुरूआत करते हुए न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दीं। दोनों ने पुरुषों के टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का सबसे तेज टीम अर्धशतक 2.2 ओवर में बना दिया। इससे पहले, उन्होंने इसी महीने की शुरूआत में बेंगलुरु में वेस्टइंडीज के खिलाफ 2.5 ओवर में अर्धशतक बनाया था। भारत का पॉवरप्ले में 118/0 का स्कोर पुरुष टी 20 के पावरप्ले में बना सबसे बड़ा स्कोर हो गया। इससे पहले रोमानिया ने 2021 में सर्बिया के खिलाफ 5.4 ओवरों में 116/0 का स्कोर बनाया था। अभिषेक ने मात्र 35 गेंदो में अपना शतक पूरा किया। अभिषेक ने सिर्फ. 15 गेंदों पर अपने पचास रन पूरे किये। हालांकि सूर्यवंशी 20 गेंदों में 45 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने इसी अंदाज में खेलते हुए सिर्फ.35 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। जब तक वह आउट हुए, भारत ने सिर्फ.10 ओवर में 178 रन बना लिए थे।



1 **टी20 में सर्वाधिक शतक वाले भारतीय :** कुल 11वां शतक जड़कर विराट कोहली (10 शतक) को पीछे छोड़ा और भारत के नंबर-1 बल्लेबाज बने।

2 **ओवरऑल टी20 में दुनिया में तीसरा स्थान :** विश्व स्तर पर केवल क्रिस गेल (22 शतक) और बाबर आजम (13 शतक) के बाद तीसरे पायदान पर पहुंचे।

3 **टी20 में संयुक्त दूसरा स्थान :** अंतरराष्ट्रीय टी20 में चौथा शतक ठोककर सूर्यकुमार यादव और फिल साल्ट के 4 शतकों के क्लब में शामिल हुए।

4 **एक पारी में 10+ छक्के का वर्ल्ड रिकॉर्ड :** टी20 में तीन बार 10 या उससे ज्यादा छक्के लगाने वाले आईसीसी के पहले फुल मेंबर क्रिकेटर बने।

5 **150+ छक्के लगाने वाले तीसरे भारतीय :** 70 मैचों में 158 छक्के पूरे किए; रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव के बाद यह मुकाम हासिल किया।

6 **सबसे तेज ओपनिंग साझेदारी का रिकॉर्ड :** वैभव सूर्यवंशी के साथ मिलकर 18.13 के रिकॉर्ड रनरेट से 118 रन जोड़े और बटलर-साल्ट का रिकॉर्ड तोड़ा।

स्कोर बोर्ड >>

न्यूजीलैंड 198/3(20)	रन	गेंद	4/6
टिम सीफर्ट कॉ पटेल बो सिंह	2	6	0/0
फिन ऐलेन कॉ धीर बो रेड्डी	40	25	0/5
डैरेल मिचेल नाबाद	89	52	5/5
फिलिप्स कॉ-बो पटेल	17	14	3/0
बेवॉन जैकब्स नाबाद	39	23	4/1
अतिरिक्त रन : 11 **गेंदबाज** : भुवनेश्वर कुमार 4-0-40-0, अर्शदीप सिंह 4-0-33-1, प्रिंस यादव 4-0-44-0, अक्षर पटेल 4-0-36-1, नीतीश कुमार रेड्डी 4-0-38-1			
भारत 199/4(13.2)	रन	गेंद	4/6
वैभव कॉ मिचेल बो मैथ्यू	45	19	4/4
अभिषेक कॉ ग्लेन बो काइल	113	38	9/11
संजू बोल्ड काइल जेमीसन	18	13	2/0
श्रेयस कॉ ग्लेन बो सैंटनर	5	10	0/0
तिलक वर्मा नाबाद	1	1	0/0
नमन धीर नाबाद	4	1	1/0
अतिरिक्त रन : 13 **गेंदबाज** : जेकब डफी 2-0-44-0, एडम मिल्ने 2-0-33-0, माईकल ब्रेसवेल 2-0-36-0, काइल जेमीसन 3.2-0-45-2, मैथ्यू फिशर 1-0-23-1, मिचेल सैंटनर 3-0-17-1			

मोहित शर्मा चेन्नई के बॉलिंग कोच, मोर्केल असिस्टेंट



आईपीएल 2027 से पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने कोचिंग स्टाफ में बड़ा बदलाव किया है। पूर्व तेज गेंदबाज मोहित शर्मा नए बॉलिंग कोच बनाए गए जबकि दक्षिण अफ्रीका के एल्बी मोर्केल और इंग्लैंड के गैरेथ बैटी असिस्टेंट कोच के रूप में हेड कोच जहीर खान के साथ जुड़ेंगे। मुख्य कोच जहीर खान के नेतृत्व में यह बदलाव किए गए हैं।

आयुष का दो पारियों में दोहरा शतक



रणजी ट्रॉफी में दिल्ली के कप्तान आयुष बडोनी ने झारखंड के खिलाफ 210* रन बनाए। उन्होंने 228 गेंदों की पारी में 19 चौके और 3 छक्के लगाए। गुजरात के खिलाफ पिछले मैच में भी बडोनी ने 217 रन बनाए थे। लगातार दो पारियों में दोहरे शतक जड़कर वह गौतम गंभीर और विराट कोहली की सूची में शामिल हो गए हैं।

बड़ौदा के मोलिया का तिहरा शतक



रणजी ट्रॉफी में मंगलवार को बड़ौदा के 21 साल के बल्लेबाज प्रियांशु मोलिया ने जम्मू-कश्मीर के खिलाफ नाबाद तिहरा शतक लगाया। उनकी पारी की मदद से बड़ौदा ने 169/5 के स्कोर से वापसी करते हुए 577/8 रन बना लिए। वहीं, मध्य प्रदेश के सारांश जैन ने बिहार के खिलाफ मैच में 13 विकेट लेकर टीम को पारी और 174 रन से जीत दिलाई। वे बड़ौदा के लिए फर्स्ट क्लास क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। मोलिया भारत की 2024 की अंडर-19 टीम का हिस्सा रह चुके हैं। बड़ौदा की टीम एक समय 169 रन पर 5 विकेट गंवाकर मुश्किल में थी।

श्रीलंका ने पाक को 8 विकेट से हराया

111 रन का टारगेट 19वें ओवर में चेज, मदुशंका को 5 विकेट

श्रीलंका ने पाकिस्तान वनडे ट्राई-सीरीज के पांचवें मुकाबले में पाकिस्तान को 8 विकेट से हरा दिया। लाहौर में मंगलवार को पाकिस्तान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 25.3 ओवर में 110 रन पर ऑलआउट हो गई।

जवाब में श्रीलंका ने 18.1 ओवर में 2 विकेट पर 114 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। श्रीलंका की जीत के हीरो तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका रहे, जिन्होंने 5 विकेट झटके। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरूआत खराब रही। टीम ने 23 रन तक 2 विकेट गंवा दिए। फखर जमां 5 और माज सदाकत 8 रन बनाकर आउट हुए। बाबर आजम ने 33 गेंदों पर 29 रन बनाकर पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन उनके आउट होने के बाद पाकिस्तान के विकेट लगातार गिरते रहे।

साद बेग 5, कप्तान सलमान आगा 9 और शादाब खान 2 रन बनाकर आउट हुए। हसन नवाज ने 31 गेंदों पर 17 रन बनाए, जबकि शाहीन शाह अफरीदी ने 13 गेंदों पर 15 रन का योगदान दिया। मदुशंका ने पाकिस्तान के 5 विकेट लिए। सहान अराचिगे ने 2 विकेट हासिल किए। कामिंदु मेंडिस ने 60 गेंदों पर नाबाद 62 रन बनाए। उनकी पारी में 8 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। पवन रत्नायके ने भी नाबाद 23 रन बनाए। दोनों ने श्रीलंका को 18.1 ओवर में टारगेट तक पहुंचा दिया।



इंडिया-न्यूजीलैंड ए टेस्ट खराब रोशनी के कारण ड्रॉ

लिंकन में खेले गए पहले अनऑफिशियल टेस्ट में भारत-ए जीत से एक विकेट दूर रह गया। चौथे दिन तीसरे सेशन में न्यूजीलैंड-अ ने दूसरी पारी में 9 विकेट पर 182 रन बना लिए थे और उसे जीत के लिए 131 रन और चाहिए थे। तभी खराब रोशनी के कारण खेल रोकना पड़ा और दोबारा शुरू नहीं हो सका, जिससे मुकाबला ड्रॉ रहा। भारत-अ ने पहली पारी में 113 रन पर ऑलआउट होने के बाद शानदार वापसी की। देवदत्त पडिक्कल के 199 रन की मदद से टीम ने दूसरी पारी में 516 रन बनाए और न्यूजीलैंड-अ को 313 रन का टारगेट दिया।

SUCCESS PICTURES



सीमा सन्देश

पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

कला का सम्मान करना और कलाकारों को प्रोत्साहित करना अच्छी बात है,लेकिन कलाकारों से भी अपेक्षा की जाती है कि वे अपने व्यवहार से उस सम्मान की गरिमा बनाए रखें। - निशा सिंह राठौड़

न्यूज इन ब्रीफ

नौ लोगों को 7-7 साल की कैद

मऊ। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर दो दीप नारायण तिवारी ने रास्ते के विवाद में महिला की गैर-इरादतन हत्या के मामले में एक ही परिवार के नौ लोगों को सात-सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषियों-प्रभु चौहान, उमा चौहान, मल्लू, प्रेम, वीरेंद्र, चंदन, कपिल, मनीष और राजकुमार पर 10,500-10,500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया। अभियोजन के अनुसार 23 जून 2017 को ढ़ाढाचवर गांव में रास्ते के विवाद को लेकर हुई मारपीट में सोनरमी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई थीं, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

4.95 लाख के जाली नोट बरामद

मोतिहारी। तुरकौलिया थाना पुलिस ने सेमरा स्टेशन के पास वाहन चेकिंग के दौरान 4.95 लाख रुपये के जाली भारतीय नोट बरामद किए हैं। एसडीपीओ दिलीप कुमार के अनुसार, बाइक सवार दो संदिग्धों में से शेख अयनुल को नोटों के 10 बंडल सहित दबोच लिया गया, जबकि उसका साथी फरार हो गया। पुलिस नेटवर्क की जांच में जुटी है।

तमिलनाडु: थेनी जेल से 17 कैदी फरार

थेनी। तमिलनाडु की थेनी जिला जेल से सोमवार देर रात 17 विचाराधीन कैदी सुरक्षाकर्मियों पर हमला कर फरार हो गए। हमले में ग्रेड-2 कांस्टेबल थंगापांडी सहित तीन जेलकर्मी घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद पुलिस ने ड्रोन की मदद से पश्चिमी घाट के जंगलों और पड़ोसी राज्य केरल की सीमाओं तक सघन तलाशी अभियान चलाया। अब तक 13 कैदियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। लापरवाही बरतने पर जेल विभाग के 9 अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। शेष 4 कैदियों की तलाश जारी है।

सलाखों के पीछे है लॉरेंस, फिर भी सक्रिय

नई दिल्ली। गुजरात की साबरमती जेल में बंद होने के बावजूद लॉरेंस बिश्नोई का आपराधिक सिंडिकेट लगातार सक्रिय है। छात्र राजनीति से अपराध की दुनिया में उतरे लॉरेंस ने 1998 के काले हिरण शिकार मामले में सलमान खान को धमकी देकर सुर्खियां बटोरी थीं। सिद्धू मूसेवाला और बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के बाद अब टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग मामले में भी इस गैंग का नाम सामने आया है।

सप्लायर 257 ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार

शिमला। पुलिस ने शोघी के पास 257 ग्राम चिट्टे (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी शिमला में सप्लाई देने की फिराक में था। बालूगंज थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इसके अलावा कोटखाई पुलिस ने भी बैकवर्ड लिंकेज के जरिए संगरूर के एक सप्लायर की पहचान की है।

जिले के सभी निजी चिकित्सा संस्थानों को जारी किए निर्देश, निरीक्षण के दौरान पालना नहीं मिलने पर होगी कार्रवाई

निजी अस्पतालों में चिकित्सा सेवाओं की दरों की सूची हिंदी-अंग्रेजी में प्रदर्शित करना अनिवार्य

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

आमजन एवं मरीजों को निजी अस्पतालों में उपलब्ध चिकित्सा सेवाओं, जांचों, प्रक्रियाओं एवं अन्य सुविधाओं के निर्धारित शुल्क की स्पष्ट जानकारी उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने जिले के समस्त निजी चिकित्सालयों एवं चिकित्सा संस्थानों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने निर्देशित किया है कि प्रत्येक निजी चिकित्सा संस्थान में उपलब्ध सभी चिकित्सा सेवाओं, जांचों,



प्रक्रियाओं एवं अन्य सुविधाओं के लिए निर्धारित शुल्क की सूची हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में तैयार कर अस्पताल परिसर में प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित की जाए। शुल्क सूची इस प्रकार लगाई जाए कि मरीज एवं उनके परिजन इसे आसानी से देख सकें और चिकित्सा सेवाएं लेने से पहले निर्धारित दरों की जानकारी प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि शुल्क सूची स्पष्ट एवं व्यवस्थित होनी चाहिए, ताकि मरीजों और उनके परिजनों को किसी प्रकार की असमंजस की स्थिति का सामना नहीं करना पड़े। इससे चिकित्सा सेवाओं के शुल्क में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और मरीजों को निर्धारित दरों की जानकारी सहजता से मिल सकेगी।

रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश

डॉ. शर्मा ने सभी संबंधित चिकित्सा संस्थानों को निर्देशों की तत्काल पालना सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समयावधि में अनुपालना रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी निरीक्षण के दौरान यदि किसी चिकित्सा संस्थान में शुल्क सूची प्रदर्शित नहीं पाई गई अथवा निर्देशों की पालना नहीं की गई, तो संबंधित संस्थान के विरुद्ध लागू अधिनियम एवं नियमों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसमें जारी प्रमाण-पत्र निरस्त करने अथवा नियमानुसार शास्ति लगाने की कार्रवाई भी प्रस्तावित की जा सकती है। सीएमएचओ ने संबंधित अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं कि आगामी निरीक्षणों के दौरान निजी चिकित्सा संस्थानों में इन निर्देशों की पालना सुनिश्चित की जाए।

अधिकारियों के साथ लम्बी वार्ता के बाद माने किसान, कहा- जल्द लागू हो समझौता

आखिर 48 दिन बाद प्रशासन-किसानों में समझौता, 5+2 बारी देने पर सहमति

सीमा सन्देश# घड़साना।

सिंचाई पानी की मांग को लेकर चल रहे किसान आंदोलन में आखिरकार किसानों और प्रशासन मे 48 दिन बाद सहमति बन गई है। मंगलवार को हुई बैठक में 5+2 बारी देने पर सहमति हुई। इसके अतिरिक्त अन्य मांगों पर भी लिखित में समझौता हुआ। इसके बाद किसान नेता नरेंद्र मान ने आंदोलन समाप्ति की घोषणा कर दी। वार्ता बैठक में जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव, उत्तर चीफ इंजीनियर हनुमानगढ़ धीरज चावला, अतिरिक्त जिला कलेक्टर अशोक सांगवा, घड़साना के एसडीएम दीपक चंदन और किसान नेता नरेंद्र मान गुरभेज सिंह गिल, विनोद कुमार, हरसुख चौधरी, कुलदीप रमाना सहित कई किसान नेता शामिल हुए। किसान नेताओं की प्रशासन के साथ अनूपगढ अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय मे हुई वार्ता में आखिकार समाधान निकला। वार्ता में 5+2 सिचाई बारी देने ,



किसानों पर किस तरह के भी मुकदमे नहीं दर्ज करने, डेम पर बारिश होने पर फसलें पकाने के लिए पानी देने, अनूपगढ शाखा का स्थाई समाधान को लेकर कमेटी बनाने, फसलों का बीमा व रावला में सरसों की बकाया राशि का भुगतान जल्द दिलवाने का लिखित समझौता हुआ है। किसान नेता नरेंद्र मान ने इसे किसने की जीत बताते हुए कहा की आखिर सरकार ने किसानों की बात मान ली है। उन्होने इस आन्दोलन में सहयोग व समर्थन देने वाले समस्त व्यापारियों,मजदूर और किसानों, सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है कि पिछले काफी समय से आईजीएनपी का किसान पर्याप्त सिंचाई पानी की मांग को लेकर आंदोलनरत था। किसानों की मांग नहीं मानी जा रही थी, इस वजह से प्रशासन और किसानों में लगातार टकराव बढ़ रहा था। पिछले दिनों नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने भी यहां किसानों के समर्थन में बड़ी सभा की थी। यहां ज्ञातव्य है कि इस बार श्रीगंगानगर जिले में सामान्य से कम बारिश हुई है। इस कारण किसानों की मूंग और ग्वार की फसल भी खराब हो गई थी। वहीं, देशभर में भी मानसून की कमी रही। यह कारण रहा कि बांधों में पिछले वर्ष की अपेक्षा 27 प्रतिशत तक पानी कम है। अब प्रशासन के आश्वासन पर किसानों को पानी मिलने के बाद गेहूं की बुआई हो सकेगी।

अभियान जारी; खाद्य पदार्थों के सैंपल जांच में फेल, पनीर का नमूना अनसेफ

निरीक्षण में घी और मावा मिठाई के सैंपल सब स्टैंडर्ड मिले

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

दीपावली के त्योहार के मद्देनजर आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं सैंपलिंग की कार्रवाई लगातार की जा रही है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों से गत दिवस लिए गए खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच रिपोर्ट खाद्य प्रयोगशाला से प्राप्त हुई है। जांच में कई खाद्य पदार्थ अनसेफ एवं सब स्टैंडर्ड पाए गए हैं। विभाग की ओर से संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं तथा नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि खाद्य प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, 8 अक्टूबर को हनुमानगढ़ जंक्शन में संचालित जीएम रिजोर्ट से लिया गया पनीर का सैंपल अनसेफ पाया गया। इसी प्रकार, 6 अक्टूबर को पीलीबंगा स्थित मैसर्स पवन किरयाना स्टोर से लिए गए वतूला ब्रांड के गाय के घी का नमूना सब स्टैंडर्ड पाया गया। 7 अक्टूबर को हनुमानगढ़ टाउन स्थित मैसर्स प्रिंस मिष्ठान भंडार से लिए गए लाल मिर्च पाउडर के मामले में एफएसएसएआई के नियमों के तहत एक बार बिक्री पर रोक लगाई गई है। वहीं, 10 अक्टूबर को हनुमानगढ़ जंक्शन में संचालित मैसर्स बनवारी मिष्ठान भंडार से लिए गए मावा मिठाई के नमूने की जांच में वह सब स्टैंडर्ड मिला। इसी दिन पीलीबंगा स्थित मैसर्स दुर्गा किरयाना स्टोर से लिया गया गाय के घी का सैंपल भी सब स्टैंडर्ड पाया गया। डॉ. शर्मा ने बताया कि 25 अगस्त को नोहर स्थित मैसर्स भवानी मिष्ठान भंडार से लिया गया मावा मिठाई का सैंपल अनसेफ पाया गया। इस मामले में प्रतिष्ठान का रजिस्ट्रेशन निरस्त करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। इसी तरह, 24 सितंबर को हनुमानगढ़ टाउन स्थित मैसर्स न्यू आनंद स्वीट्स एवं नमकीन कॉर्नर से लिया गया पनीर का नमूना जांच में अनसेफ मिला। वहीं, 28 सितंबर को हनुमानगढ़ टाउन स्थित मैसर्स राजा समोसा से लिए गए मावा मिठाई के नमूने को भी अनसेफ पाया गया। इन दोनों प्रतिष्ठानों के रजिस्ट्रेशन निरस्त करने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। विभाग ने संबंधित खाद्य कारोबारियों को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई शुरू की है।

खाद्य सुरक्षा मानकों की पालना के निर्देश

विभाग की ओर से नोहर स्थित पारीक स्वीट्स को सुधार नोटिस जारी किया गया है। प्रतिष्ठान में फंगस लगी मिठाई मिलने तथा मिठाई में निर्धारित मानक से अधिक रंग की मात्रा पाए जाने के संबंध में नोटिस दिया गया। इसके साथ ही पेस्ट कंट्रोल करवाने, साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा खाद्य कारोबार में लगे कार्मिकों के स्वास्थ्य प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त नोहर स्थित मैसर्स स्वामी मिष्ठान भंडार तथा भादरा स्थित श्री श्याम मसाला इंडस्ट्रीज एवं जोधपुर मिष्ठान भंडार को भी सुधार नोटिस जारी किए गए हैं।

खाद्य नमूनों को प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा

जयपुर में टीम ने 30 हजार चांदी वर्क, 340 किलो काली मिर्च सीज

जयपुर।

खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत त्योहारी सीजन में मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जयपुर प्रथम की खाद्य सुरक्षा टीम ने विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण किया और नमूने लिए। इस दौरान चांदी के वर्क की 30 हजार पन्नियां तथा 340 किलोग्राम काली मिर्च सीज की गई।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त अविचल चतुर्वेदी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा टीम ने सीकर रोड स्थित कूकड़खेड़ा मंडी में फर्म का निरीक्षण किया। इस कार्रवाई के दौरान चांदी के वर्क की 30 हजार पन्नियां एवं 340 किलोग्राम काली मिर्च सीज की गई7 टीम ने काली मिर्च, पिस्ता कटिंग एवं चांदी के वर्क के नमूने भी लिए।

काली मिर्च एवं पिस्ता कतरन के नमूने: इसी अभियान के तहत टीम ने विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक निजी कंपनी का निरीक्षण कर काजू टुकड़ी एवं खरबूजे के बीज के नमूने लिए।

वहीं, एक निजी मार्ट से गुलाब जामुन, मसूर पाक, बादाम एवं घी के नमूने लिए गए। इसके अतिरिक्त, सीकर रोड स्थित कूकड़खेड़ा मंडी की एक दुकान से काजू के नमूने लिए गए. यहां से चांदी के वर्क, काली मिर्च एवं पिस्ता कतरन के नमूने लिए गए।

जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा: खाद्य सुरक्षा टीम की ओर से सभी खाद्य नमूनों को प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारियों को स्वच्छता बनाए रखने, खाद्य पदार्थों का सुरक्षित भंडारण करने तथा पैकेजिंग एवं लेबलिंग संबंधी नियमों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

संगरिया में मेडिकल स्टोर पर कार्रवाई, कैप्सूल-टैबलेट जब्त

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।



औषधियों के नशे के रूप में दुरुपयोग और अनियमित बिक्री की रोकथाम के लिए जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव द्वारा चलाए जा रहे मनस्वी अभियान अंतर्गत औषधि नियंत्रण विभाग ने संगरिया स्थित मोनू मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान क्रय-विक्रय अभिलेख और आपूर्तिकर्ता का विवरण प्रस्तुत नहीं किए जाने सहित विभिन्न अनियमितताएं सामने आईं। विभाग ने तीन औषधियों के नमूने लेकर शेष 5245 कैप्सूल और टैबलेट सीलबंद कर जब्त किए। सहायक औषधि नियंत्रक अजय सबल के निर्देशन में औषधि नियंत्रण अधिकारी पंकज जोशी ने नई धान मंडी स्थित अग्रसेन मार्केट के वार्ड संख्या 13 में दुकान संख्या 9-10/1 पर संचालित मोनू मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। इस दौरान स्टोर पर प्रेगाबलिन 300 मिलीग्राम के 3000 कैप्सूल, ओलान्जापिन 5 मिलीग्राम की 2745 टैबलेट और टेपेन्टाडोल 100 मिलीग्राम की 300 टैबलेट मिलीं। इनकी कुल संख्या 6045 थी। निरीक्षण के दौरान उपस्थित पंजीकृत फार्मासिस्ट से उक्त औषधियों के क्रय-विक्रय संबंधी अभिलेख और आपूर्तिकर्ता का विवरण मांगा गया, लेकिन ये प्रस्तुत नहीं किए गए। गुणवत्ता जांच के लिए प्रेगाबलिन के 300 कैप्सूल, ओलान्जापिन की 300 टैबलेट और टेपेन्टाडोल की 200 टैबलेट के नमूने लिए गए। इसके बाद शेष 2700 प्रेगाबलिन कैप्सूल, 2445 ओलान्जापिन टैबलेट और 100 टेपेन्टाडोल टैबलेट, कुल 5245 इकाइयों को सीलबंद कर जब्त किया गया। विभाग के अनुसार, औषधियों के क्रय स्त्रोत और आपूर्ति श्रृंखला की जांच की जाएगी।

जीएसटी नियमों में बड़ा बदलाव: 1 नवंबर से मिलेगा तेज रिफंड, डिस्काउंट में भी राहत

नई दिल्ली।

केंद्र सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था में सुधारों का पहला चरण लागू कर दिया है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (उइक्ठ) द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, बिक्री उपरांत डिस्काउंट, त्वरित रिफंड और निर्यात से जुड़े नए नियम 1 नवंबर 2026 से प्रभावी होंगे। यह निर्णय 57वीं जीएसटी परिषद की बैठक में लिया गया था।

बदलाव और फायदे

90% तक त्वरित रिफंड: इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर से जूझ रहे उद्योगों को जोखिम मूल्यांकन के आधार पर 90% तक प्रोविजनल रिफंड तुरंत मिलेगा, जिससे उनकी वर्किंग कैपिटल नहीं फंसेगी। 1 नवंबर से नए रिफंड आवेदनों की प्रक्रिया पूरी तरह ऑटोमेटेड होगी।

डिस्काउंट में स्पष्टता: नए क्रेडिट नोट प्रावधानों से डिस्ट्रीब्यूटर्स और रिटेलर्स के लिए सेल के बाद मिलने वाले डिस्काउंट को व्यवस्थित करना और टैक्स अनुपालन आसान होगा।

छोटे निर्यातकों को छूट: डाक या कूरियर से माल भेजने वाले छोटे निर्यातकों के लिए 1,000 रुपये की न्यूनतम रिफंड सीमा समाप्त कर दी गई है।

मध्यस्थ सेवाएं: इंटरमीडियरी सेवाओं में प्लेस ऑफ सप्लाई अब सेवा प्रदाता की जगह सेवा प्राप्तकर्ता की लोकेशन मानी जाएगी। सुधारों का अगला चरण 1 अप्रैल 2027 से लागू होगा, जिसमें शो-कॉज नोटिस के लिए 10,000 रुपये की न्यूनतम सीमा, ई-वे बिल और गिरफ्तारी नियमों में ढील शामिल है।

टैक्स चोरी के सबूत देना अनिवार्य

नई दिल्ली। व्यापारियों को बड़ी राहत देते हुए केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने नया सर्कुलर जारी किया है। इसके तहत अब जीएसटी अधिकारी केवल संदेह या तकनीकी भूल के आधार पर कर चोरी का केस दर्ज नहीं कर सकेंगे। सर्कुलर के अनुसार, अधिकारियों को शो-कॉज नोटिस में यह पुख्ता सबूतों के साथ साबित करना होगा कि व्यापारी की मंशा जानबूझकर टैक्स चोरी की थी। केवल रिटर्न में चूक को धोखाधड़ी नहीं माना जाएगा। साथ ही, गिरफ्तारी का सीधा अधिकार खत्म कर मुकदमेबाजी की सीमा 1 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये कर दी गई है।



स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528